

दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें - 12



विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता - 12



रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - 13



आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार- 14



आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.07
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी 08:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 28 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 31, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये





प्रधानमंत्री मोदी को शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की प्रतिकृति भेंट करते सीएम धामी।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम धामी, देवभूमि आने का निमंत्रण

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में केंद्र के सहयोग के लिए जताया प्रधानमंत्री का आभार
- रैपिड रेल का विस्तार ऋषिकेश तक करने का अनुरोध

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य विकास के आयाम स्थापित कर रहा है।

साथ ही, प्रधानमंत्री को उत्तराखंड आगमन का भी निमंत्रण प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टिहरी जनपद में स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की रेप्लिका, बद्री गाय का घी के साथ ही राज्य के अलग-अलग जिलों की पांच प्रकार की राजमा और शहद भेंट किए। मुख्यमंत्री ने दिल्ली से मेरठ तक संचालित रीजनल रैपिड ट्रान्जिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का विस्तार मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में रक्षा उपकरण निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए नीति समर्थन एवं प्राथमिकता देने का भी अनुरोध किया। उन्होंने राज्य की सामरिक स्थिति, उपलब्ध प्रशिक्षित मानव संसाधन और विकसित औद्योगिक ढांचे को इस दिशा में उपयुक्त बताया। मुख्यमंत्री ने कोटद्वार, हरिद्वार एवं देहरादून में डिफेंस इक्यूपमेंट प्रोडक्शन इंडस्ट्रियल हब की स्थापना पर भी केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। साथ ही, रायवाला क्षेत्र में बीआई-डक ब्रिज के विकास तथा उत्तरकाशी जिले में स्थित चिन्यालीसौड़ एयरस्ट्रिप के विस्तार की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### दिल्ली-हल्द्वानी एक्सप्रेस-वे के निर्माण का किया अनुरोध

मुख्यमंत्री ने टिहरी झील में सी-प्लेन सेवा प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-हल्द्वानी एक्सप्रेस-वे के निर्माण का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से काशीपुर, रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र, पंतनगर एयरपोर्ट तथा रामनगर स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क तक आवागमन सुगम होगा और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए यातायात एवं लॉजिस्टिक्स में उल्लेखनीय सुधार आएगा। रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत ऋषिकेश से व्यासी खंड के शीघ्र लोकार्पण, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन में रोड-कम-रेल टनल निर्माण, बागेश्वर-कर्णप्रयाग नई रेल लाइन के सर्वे तथा हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के डबलिंग का अनुरोध किया। उन्होंने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तरकाशी क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाइन के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा, जिससे गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम की यात्रा सुगम होने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी।

### लोकार्पण-शिलान्यास का प्रस्ताव

धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड आगमन का निमंत्रण देते हुए विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास का प्रस्ताव भी रखा। प्रस्तावित लोकार्पण में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे तथा टिहरी पम्प्ड स्टोरेज प्लांट शामिल हैं, जबकि शिलान्यास के लिए पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार एवं बनबसा लैंड पोर्ट परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि चम्पावत जनपद के बनबसा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर विकसित हो रहा लैंड पोर्ट व्यापार, आवागमन एवं क्षेत्रीय सहयोग को नई गति देगा तथा एशियन हाईवे से जुड़कर अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**पणजी।** गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 23 .8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क आयुक्त सुनील बी देशमुख ने बताया कि हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23 .8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया। जांच के बाद यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया।

### बिना अनुमति प्रवेश करने पर दो विदेशियों को हिरासत में लिया

**आइजोल।** रूस और स्लोवाक गणराज्य के दो व्यक्तियों को मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर अनिवार्य संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना राज्य में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकियाई व्यक्ति को शुक्रवार को उसके देश वापस भेज दिया गया और रूसी नागरिक के संबंध में भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में 58 वर्षीय स्लोवाक नागरिक को 24 मार्च को असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमा सीमा के निकट एक स्थान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन त्रिपुरा सीमा के निकट मामित जिले में बीएसएफ ने रूसी नागरिक को उस समय रोका जब वह मिजोरम में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

### वैष्णो देवी मंदिर में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक चले नवरात्रों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी

### प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया संकट पर मुख्यमंत्रियों से की बात

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा- निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता, जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय अपनाएं राज्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक स्थिति गतिशील बनी हुई है, और इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उद्योग एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना तथा नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिति के लिए निरंतर निगरानी व अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर संचार और समन्वय के साथ-साथ समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं संयुक्त निर्णय लेने का आह्वान किया, ताकि प्रतिक्रियाएं त्वरित और सुव्यवस्थित हों। मुख्यमंत्रियों से आपूर्ति श्रृंखलाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त उपाय करने का आग्रह करते हुए मोदी ने गलत सूचनाओं और अफवाहों के प्रसार के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि सटीक व विश्वसनीय जानकारी का समय पर प्रसार आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इसी तरह की वैश्विक बाधाओं से निपटने का पूर्व अनुभव है, और उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान की गई सामूहिक प्रतिक्रिया को याद किया, जब केंद्र और राज्यों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार और दैनिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए साथ मिलकर काम किया था। मोदी ने कहा कि सहयोग और समन्वय की यही भावना वर्तमान स्थिति से निपटने में भारत की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थिति लगातार बदल रही है, जिसके लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी एजेंटों के खिलाफ सतर्क रहने की सलाह दी

उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी एजेंटों के खिलाफ सतर्क रहने की सलाह भी दी और सीमावर्ती और तटीय राज्यों में जहाजरानी, आवश्यक आपूर्ति और समुद्री संचालन से संबंधित किसी भी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। मोदी ने जनता का विश्वास बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के बारे में आश्वासन से नागरिकों के बीच अनावश्यक घबराहट को रोकने में मदद मिलेगी।

### बैठक में यह मुख्यमंत्री रहे उपस्थित

बैठक में मुख्यमंत्रियों में एन चंद्र बाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उप्र), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेन्द्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिप्र) और पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) समेत अन्य थे। रक्षा मंत्री राजनाथ और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

## ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समयसीमा 6 अप्रैल की, इजराइल कर रहा बमबारी

- ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से किया प्रतिबंधित
- इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज बोले- ईरान पर हमले तेज और व्यापक किए जाएंगे

दुबई (यूएई), एजेंसी



तेहरान में बचाव कार्य में जुटे कर्मी।

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नए सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं, ईरान ने अपनी खेल टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले और तेज होंगे तथा इनका दायरा फैलेगा। काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी आतंकवादी शासन को चेतावनी दी थी कि वह इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइल नहीं दागे। कहा, चेतावनियों के बावजूद मिसाइल हमले हो रहे हैं, इसलिए ईरान पर हमले बढ़ेंगे और हथियार बनाने व चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रों पर भी हमले होंगे। वहीं, खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रहे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और यूएई में अलर्ट जारी किया गया।

### जी7 की बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा हुई, उभरे मतभेद

**वॉक्स-डे-सेर्ने (फ्रांस)।** फ्रांस में शुक्रवार को जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया के संघर्ष और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की गई। इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर गहरे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की गई शिकायतों के बाद ये मतभेद सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने ईरान की जवाबी कार्रवाई का सामना करने में मदद के अनुरोध को नजरअंदाज या अस्वीकार कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जी7 देशों के अपने समकक्षों के साथ इस बैठक में शामिल हुए। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का शीघ्र समाधान करने और होर्मुज को फिर से खोलने का आह्वान किया है।

## बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

- वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर, निफ्टी भी 487 अंक टूटा



स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई।

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। निवेशकों को 8.86 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।

### रुपया 89 पैसे टूटा सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94 .85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है।

## हरीश रावत 15 दिन के राजनीतिक संन्यास पर

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शुक्रवार को 15 दिन के लिए राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के आधा दर्जन नेताओं के शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने की संभावनाओं के बीच उनकी इस घोषणा को कांग्रेस से उनकी नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रुद्रपुर से राजकुमार ठुकराल, सितारगंज से नारायण पाल, घनसाली (टिहरी गढ़वाल) से भीमलाल आर्य, भीमताल (नैनीताल) से लाखन नेगी और रुड़की से गौरव गोयल कांग्रेस का दामन थाम सकते है। (विस्तृत पेज-2)

## संसद ने आम बजट 2026-27 को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, लॉकडाउन की गुंजाइश नहीं

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए।

राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुकी है। वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## 858 करोड़ के दो रक्षा समझौतों पर मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की खरीद के संबंध में रूस की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के पी8आई 'लॉन्ग-रेंज मैरीटाइम रिकोनिसेंस' विमान के रखरखाव के लिए बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग अनुबंध किया गया है।

मंत्रालय ने बताया, भारतीय सेना के लिए 445 करोड़ रुपये मूल्य की तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की खरीद को लेकर रूस की जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों सहित हवाई खतरों के खिलाफ भारत की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह समझौता भारत-रूस रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि 100 प्रतिशत

स्वदेशी सामग्री के साथ 'बाय इंडियन' श्रेणी के तहत पी-8आई विमानों के निरीक्षण के लिए किया गया अनुबंध, एमआरओ (रखरखाव और मरम्मत) सुविधा पर बेड़े के डिपो-स्तरीय रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।

### एस-400 मिसाइलें व परिवहन विमान पर जोर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2 .38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी।

जनता दर्शन

पेट्रोल 13 रुपये से घटाकर तीन और डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य किया

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

नई दिल्ली, एजेंसी




- प. एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को दी राहत
- सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान
- डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया

सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है।

साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के अप्रत्याशित लाभ पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। अप्रत्याशित मुनाफा उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है।

### पेट्रोल पर 26, डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा

बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अभी कीमतों को स्थिर रखा है। दिल्ली में पेट्रोल 94 .77 रुपये और डीजल 87 .67 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों पर तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 26 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 81 .90 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। कंपनियों का कुल दैनिक घाटा लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में कीमतों में लगभग 30 से 50% तक की वृद्धि हुई है।

### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात करता है भारत

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसकी अधिकांश आपूर्ति होर्मुज के रास्ते होती है, जो वर्तमान में बाधित है। तनाव का पहला संकेत तब मिला जब देश के सबसे बड़े निजी खुदरा ईंधन विक्रेता नायरा एनर्जी पेट्रोल की कीमतों में 5 और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। नायरा के पंप पर अब पेट्रोल 100 .71 और डीजल 91 .31 रुपये लीटर है।

स्टेट ब्रीफ

### निलंबित इंजीनियर को राहत नहीं

नैनीताल : हाईकोर्ट ने पुरोला में सौड़-ओसला मोटर मार्ग निर्माण में अनियमितता मामले में निलंबित परियोजना प्रबंधक अजय कुमार को कोई राहत नहीं देते हुए ब्रिडकुल से तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

### पिता के हत्यारोपी को मिली जमानत

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की पीठ ने पिता के हत्यारोपी नाजिम को जमानत दे दी है। नाजिम पर रामनगर में अपने पिता सलीम की डंडों से हमला कर हत्या करने का आरोप है। बचाव पक्ष ने घटना के समय आरोपी के मुरादाबाद में होने का दावा किया। पीठ ने कहा कि, केवल मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोष सिद्ध नहीं कर सकते हैं। कथित मकसद की पुष्टि ट्रायल में ही संभव है।

### पुलिस को दें मोबाइल

**नैनीताल :** पाकिस्तानी फोन नंबर से रंगदारी मांगने व धमकी मिलने के मामले में सुरक्षा की मांग करती हरिद्वार निवासी राहुल भाटी की याचिका पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने सुनवाई करते हुए भाटी को अपना मोबाइल व सिम पुलिस को सौंपने को कहा। एसएसपी को निर्देश दिए कि पता लगाएं कि याची को पाकिस्तानी स्रोत से वास्तविक खतरा है या नहीं। यदि शिकायत सही है तो सुरक्षा दें।

# प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बन रहा उत्तम उत्तराखंड: धामी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विकास में सहयोग के लिए जताया आभार

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शुक्रवार को नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के लगातार हो रहे विकास के लिए केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुम्भ-2027 के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता, नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा फिजिबिलिटी स्टडी, राजाजी नेशनल पार्क स्थित चौरासी कुटिया के विकास के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति, पिथौरागढ़ के नैनी-सैनी हवाई पट्टी हेतु एमओयू और चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षित हेली सेवाओं हेतु संचालन में सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। साथ ही, ऋषिकेश में विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण, चम्पावत बाईपास, देहरादून रिंग रोड एवं देहरादून-मसूरी रोड जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड दौरे पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सुझावों और मार्गदर्शन पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड को वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए चौपता, दुग्गलबिट्ठा, पटवाडांगर और शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, जबकि रामनगर, देहरादून, ऋषिकेश और त्रियुगीनारायण पहले से लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन बन चुके हैं। राज्य में वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए पॉलिसी भी तैयार की जा रही है।

**यह एक ऐतिहासिक निर्णय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि, जब-जब देश ने चुनौतियों का सामना किया, तब-तब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व और दूरदर्शी निर्णयों से देशवासियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 से घटाकर 3 प्रति लीटर तथा डीज़ल पर 10 रुपए से शून्य करना आमजन को बड़ी राहत देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परियोजनाओं पर चर्चा करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### शीतकालीन यात्रा में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय वृद्धि



मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र (स्प्रिच्युअल इकोनॉमिक जोन) के रूप में बेल केदार, अंजनीसैंण-टिहरी तथा लोहाघाट-श्यामलाताल क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। राज्य सरकार ने शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आदि कैलास यात्रा में वर्ष 2022 में 1761 श्रद्धालुओं की तुलना में वर्ष 2025 में 36453 श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किया गया। यहां के लिए हेलीसेवा भी शुरू की गई।

### साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा



इसी तरह राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, कयाकिंग सहित अनेक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, स्थानीय रोजगार सृजन के लिए वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'एक जिला-एक मेला', क्लस्टर विद्यालय योजना, भारत दर्शन एवं उत्तराखण्ड दर्शन कार्यक्रम जैसी पहलों की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, वाइब्रेंट विलेज



मुख्यमंत्री ने बागवानी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए अल्मोड़ा के चौबटिया में सेब, चेरी, प्लम एवं नाशपाती हेतु सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने तथा किसानों के प्रशिक्षण के लिए विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। साथ ही कहा कि सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चयनित गांवों में स्थानीय संस्कृति, भोजन एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन किया जा रहा है।

### राज्य की विशिष्ट पहलों का विवरण दिया



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में संचालित विशिष्ट पहलों एवं प्रमुख सुधारों की भी विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होम-स्टे योजना के अंतर्गत 6000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत किए जा चुके हैं। आमजन की सुविधा के लिए Uttarastays (उत्तरास्टेस) नाम से देश का पहला नि:शुल्क मार्केटिंग पोर्टल विकसित किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुड़ रहे हैं।

### राज्य सरकार की उपलब्धियों का विवरण दिया



मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना' को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गेम चेंजर बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के माध्यम से हजारों परिवारों को स्वरोजगार मिला है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 'मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना' के अंतर्गत हजारों उद्यमियों को इनक्यूबेशन सहायता प्रदान की गई है। वहीं 'देवभूमि परिवार योजना' के माध्यम से राज्य के परिवारों का एकीकृत डिजिटल डेटाबेस तैयार कर योजनाओं की पारदर्शी डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

### नियमावली, विधेयक की दी जानकारी

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि पूर्व अग्निवीरों को राज्य सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण देने हेतु 'अग्निवीर आरक्षण नियमावली-2025' लागू की गई है। साथ ही 'उत्तराखंड जन विश्वास विधेयक-2026' के माध्यम से विभिन्न अधिनियमों में संशोधन कर प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है तथा 500 से अधिक अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक, श्रम, खनन, राजस्व एवं शहरी विकास क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं।

संसद में उठे मुद्दे

# हिमालयी ग्लेशियर के क्षरण पर जतायी चिंता

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियरों के पिघलने का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठा और इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सरकार से मांग की गई। हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते कहा कि एशिया के जल स्रोत हिमालय जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से तेजी से प्रभावित हो रहा है।

वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, पिछले कुछ दशकों में हिमालय ग्लेशियरों का क्षेत्रफल 15-20 प्रतिशत कम हुआ है और कई छोटे ग्लेशियर तेजी से विलुप्त होने की स्थिति में है। विशेषकर उत्तराखंड क्षेत्र में स्थिति अधिक चिंताजनक है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस संवेदनशील ग्लेशियर झीलों की रियल टाइम सैटेलाइट एवं ग्राउंड आधारित मॉनिटरिंग को सुधार किया जाए और उच्च जोखिम वाली झीलों के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए। ग्लेशियर के संकुचन पर दीर्घकालिक वैज्ञानिक अध्ययन हो और डाटा संग्रहण ज्यादा मजबूत किया जाए। हिमालयी राज्यों के लिए समग्र जलवायु अनुकूलन एवं आपदा प्रबंधन नीति बने। इसमें स्थानीय निवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आपदा निवारण प्रक्रिया सुदृढ की जाए।

# 1700 'घोस्ट विलेज' पुनः बसाने की उठी मांग

- नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा में उठाया मामला
- मध्य हिमालयी क्षेत्रों के लिए विशेष योजना बनाने की मांग

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में उत्तराखंड के खाली हो चुके 'घोस्ट विलेज' (भूतिया गांव) को पुनः बसाने की शुक्रवार को मांग उठाई है।

उन्होंने संसद में शून्यकाल के दौरान कहा कि राज्य में 1700 से अधिक गांव पूरी तरह से निर्जन (घोस्ट विलेज) हो चुके हैं। रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोगों के पलायन के कारण ये गांव उजड़ गए हैं और अब यहां जंगली जानवरों का विचरण बढ़ गया है।

सांसद भट्ट ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस तरह सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज योजना चलाई जा रही है, उसी तर्ज पर मध्य हिमालयी क्षेत्रों के लिए भी विशेष योजना बनाई जानी चाहिए, ताकि पलायन रोक कर इन गांवों में फिर से बसावट हो सके।

साथ ही, उन्होंने इन गांवों के पुनर्वास के लिए विशेष आर्थिक पैकेज और ठोस नीति लागू करने पर जोर देते हुए इसे राज्य और देश के लिए गंभीर विषय बताया।

# आज राज्य में एक घंटा मनेगा 'अर्थ ऑवर'

**देहरादून:** उत्तराखंड शासन ने आज रात्रि 8:30 बजे से 9:30 बजे तक 'अर्थ ऑवर' मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान प्रदेशवासियों से एक घंटे के लिए सभी गैर-जरूरी लाइटें एवं विद्युत उपकरण बंद रखने की अपील की गई है।

शासन के अनुसार, यह पहल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। यह अभियान डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया नई दिल्ली के पत्र के क्रम में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के सभी नागरिकों से इस वैश्विक पर्यावरणीय पहल में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए निर्धारित समयावधि के दौरान एक घंटे के लिए गैर-जरूरी विद्युत उपकरणों को बंद रखने का आह्वान किया गया है।

# योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

शुक्रवार को पिथौरागढ़ पहुंचे राज्यपाल का नैनी-सैनी हवाई अड्डे पर डीएम आशीष कुमार भटगांई और एसपी अक्षय कोंडे ने स्वागत किया। राज्यपाल ने हवाई अड्डा परिसर में लगे ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, जिला उद्योग केंद्र तथा हाउस ऑफ हिमालयाज सहित विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय उत्पादों, स्वरोजगार गतिविधियों एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।

वहीं, राज्यपाल ने पंचशूल ब्रिगेड की 12 कुमाऊं में भारतीय सेना द्वारा पिथौरागढ़ में आयोजित भूतपूर्व सैनिकों की रैली एवं सैनिक परिवारों के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल ने जोरावर साइकिल रैली का झंडी दिखाकर समापन किया तथा प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने वहां उपस्थित वेटरन्स एवं वीर नारियों (शहीद सैनिकों की विधवाओं) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया। इस दौरान जीओसी इन सी सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जीओसी उत्तर भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, जीओसी उत्तराखंड सब एरिया मेजर जनरल एमपीएस गिल सहित ब्रिगेडियर्स एवं अन्य सैन्य अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।


पूर्व सैनिक सम्मान समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी।

# शिक्षकों के वार्षिक ट्रांसफर का होमवर्क हुआ आरंभ

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** विद्यालयी शिक्षा विभाग में शिक्षकों के वार्षिक स्थानांतरण का होमवर्क शुरू हो गया है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वार्षिक स्थानांतरण और प्रमोशन शिक्षकों का मौलिक अधिकार है। सरकार ने विभागीय अधिकारियों को वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी पात्र शिक्षक समयबद्ध रूप से आवेदन कर पारदर्शी व्यवस्था के तहत स्थानांतरण का लाभ ले सकें।

डॉ. रावत ने बताया कि शिक्षकों के स्थानांतरण एवं प्रमोशन को लेकर वित्त एवं कार्मिक विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है जिसमें विशेष रूप से अनुरोध श्रेणी के स्थानांतरणों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, शिक्षकों के स्थानांतरण व विद्यालयों के कोटीकरण से संबंधित प्रकरणों को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका में तथ्यों के साथ ठोस पैरवी करने को भी कहा गया है। कहा कि आवश्यकता पड़ी तो याचिका में विशेष अपील भी की जाएगी, ताकि वार्षिक स्थानांतरण की समयावधि से पूर्व उक्त प्रकरण का निस्तारण हो सके और शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ मिल सके।

# हरदा 15 दिन के सियासी संन्यास पर

- भाजपा नेताओं के दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने की संभावनाओं के बीच मानी जा रही नाराजगी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राजनीति से 15 दिन के राजनीतिक संन्यास का ऐलान उस समय किया है, जब उत्तराखंड भाजपा के कुछ नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में इन नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने से जुड़े समारोह में वे मौजूद नहीं रहेंगे।

पूर्व सीएम ने एक बयान में कहा कि, बिजली-पानी की दरें बढ़ाने के सरकार के इरादे के खिलाफ एक घंटा के मौन व्रत के पश्चात, मैंने मां दुर्गा के सभी स्वरूपों की आराधना की और शांत मन से अपने सार्वजनिक जीवन के 60 वर्षों की राजनीतिक यात्रा पर बहुत कुछ मनन किया। मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि इन 60 वर्षों की अथक यात्रा के बाद मुझे एक सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में अर्जित अवकाश लेने का अधिकार प्राप्त हो गया है और मैं अर्जित अवकाश की पहली किश्त के रूप में 15 दिन तक राजनीतिक सोच व राजनीतिक कार्यों से व्रत रखूंगा। इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना, कुछ ईद मिलन व मांगलिक समारोह में प्रतिभाग करूंगा। इन 15 दिनों में मैं अपनी जीवन यात्रा के उन प्रसंगों और मोड़ों को उकेरने की कोशिश करूंगा, जो समय के साथ बहुत नीचे कहीं चले गए हैं।''

उधर, कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आज (शनिवार) दिल्ली में उत्तराखंड प्रदेश भाजपा के कुछ नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। इनमें रुद्रपुर से राजकुमार ठुकराल, सितारगंज से नारायण पाल, घनसाली से भीमलाल आर्य, भीमताल से लाखन नेगी और रुड़की से गौरव गोयल कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। पूर्व सीएम रावत के 15 दिन के राजनीतिक संन्यास की घोषणा को इसी से जोड़कर माना जा रहा है। बता दें कि, उत्तराखंड में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव संभावित हैं।

# 13 जिलों में 11 प्रभारी मंत्री नियुक्त

**देहारादून:** कैबिनेट विस्तार और मंत्रियों में विभागों के बंटवारे के बाद शासन ने प्रभारी मंत्रियों की नई सूची जारी की है। नई व्यवस्था में सतपाल महाराज को हरिद्वार, गणेश जोशी को टिहरी एवं रुद्रप्रयाग, धन सिंह रावत को अल्मोड़ा, सुबोध उनियाल को देहरादून, रेखा आर्या को पिथौरागढ़, सौरभ बहुगुणा को उत्तरकाशी, खजान दास को नैनीताल, भरत चौधरी को चमोली एवं चंपावत, मदन कौशिक को पौड़ी, प्रदीप बत्रा को ऊधमसिंह नगर तथा राम सिंह कैड़ा को बागेश्वर जनपद का प्रभारी बनाया गया है। शासन के इस निर्णय से जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा, अनुश्रवण और क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्री-एसआईआर में मैपिंग का सघन अभियान 1 से

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** अप्रैल से प्रदेश में और भी सघन डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस करते हुए मैपिंग का कार्य पूरा किया जाएगा।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की तैयारियों और प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी। बताया कि प्रदेश में एसआईआर के दृष्टिगत प्री-एसआईआर फेज में 85 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। प्रत्येक बूथ पर एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ (एएसडी) सूची तैयार की जा रही है ताकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य और गहनता से किया जा सके।

कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता https://voters.eci.gov.in वेबसाइट पर विजिट करके या ECI-NET मोबाइल एप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा।

फैसला

मंदिर प्रबंधन समिति ने अपनाया अन्य तीनों धाम से अलग रुख

# यमुनोत्री में बिना धर्म, जाति पूछे होंगे दर्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून



- समिति का कहना-हम 'अतिथि देवो भव:' की परंपरा निभाएंगे

**अमृत विचार:** गढ़वाल हिमालय में स्थित चार धामों में से एक यमुनोत्री मंदिर की प्रबंधन समिति ने अन्य तीनों धाम से अलग रुख अपनाते हुए 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा के तहत श्रद्धा भाव से आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत करने का निर्णय लिया है और किसी भी श्रद्धालु से उसका धर्म या जाति नहीं पूछी जाएगी।

यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने कहा कि, ''चार धाम यात्रा पर आने वाला हर व्यक्ति सनातनी होता है और हमने निर्णय लिया है कि यमुनोत्री धाम की यात्रा पर जो भी व्यक्ति श्रद्धा से आएगा, उसका अतिथि देवो भवः की परंपरा के साथ स्वागत किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यह सरकार का काम है कि वह यात्रा के लिए किसका पंजीकरण कर रही है और कौन भगवान के दर्शन के लिए आ रहा है या पर्यटन के उद्देश्य से। उन्होंने स्पष्ट किया कि, ''यमुनोत्री में किसी भी श्रद्धालु से उसका धर्म या जाति नहीं पूछी जाएगी और उसे मां यमुना के दर्शन कराए जाएंगे।'' गौरतलब है कि अन्य तीनों धामों में इस चारधाम यात्रा के दौरान दर्शन को लेकर नए नियम बताए गए हैं।

### तीनों धामों का यह रुख

गौरतलब है कि, इससे पहले बदरीनाथ धाम, केदारनाथ धाम और गंगोत्री धाम में गैर-सनातनियों के सशर्त प्रवेश की अनुमति दी गई है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि कोई गैर-हिंदू यदि सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था का हलफनामा देता है तो उसे मंदिरों में दर्शन की अनुमति दी जाएगी। वहीं, गंगोत्री मंदिर समिति ने घोषणा की है कि गैर-सनातनियों को पंचगव्य (गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी) ग्रहण करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश मिलेगा।

### इस दिन खुलने जा रहे कपाट

इस वर्ष चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से होगी और इसी दिन उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे। चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण छह मार्च से शुरू हो चुके हैं और अभी तक करीब 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। इसके अलावा, 23 मई से शुरू होने वाली हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए भी चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है।

# नशा तस्कर मुठभेड़ में धरा, लगी गोली

**रुद्रपुर:** कोतवाली गदरपुर पुलिस ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे नशा तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि पुलिस को एक मामले में नशा तस्कर शाकिर अली की तलाश थी।

शुक्रवार देर रात चेकिंग के दौरान ग्राम कलकत्ती खानपुर तिराहा के पास आरोपी शाकिर उर्फ नक्टा ने पुलिस टीम पर फायर कर फरार होने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा पीछा करने पर कनकट्टा चौराहा से आगे कुईखेड़ी मार्ग पर श्मशान घाट के पास मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान उसके दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

# योजनाओं की स्वीकृति, राज्य में विकास को मिलेगी नई गति

- नियोजन विभाग की संस्तुति के उपरांत मुख्यमंत्री ने बहु-क्षेत्रीय परियोजनाओं को दी स्वीकृति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए पर्यटन, परिवहन, पंचायती राज एवं खेल अवसंरचना से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन निर्णयों से राज्य में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। इनमें राज्य में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं। हल्द्वानी में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम को 'खेल विश्वविद्यालय' के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 3636.50 लाख (अकादमिक एवं छात्रावास सहित) निर्धारित है। चम्पावत में श्री गोलू देवता कॉरिडोर (जोन-ए)' के प्रथम चरण हेतु 117.22 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई है।

इसके अलावा, राजधानी देहरादून में चारधाम मॉनिटरिंग एंड इंसिडेंट रिस्पॉन्स सेंटर की स्थापना को मंजूरी दी गई है। 357.84 लाख की लागत से बनने वाला यह केंद्र यात्रियों की सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन एवं आपदा प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करेगा।

वहीं, पंचायती राज संस्थाओं को 133.68 करोड़ की पहली किश्त जारी की गई है। इनमें ग्राम पंचायतों को 75 फीसदी, क्षेत्र पंचायतों को 10 फीसदी और जिला पंचायतों को 15 फीसदी राशि आवंटित की गई है।



राज्य सरकार का लक्ष्य 'विकास और विरासत के संतुलन' के साथ उत्तराखंड को पर्यटन, संस्कृति, खेल और ग्रामीण सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार और जनसुविधाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित होगा। - पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

## सिटी ब्रीफ

### जहर खाकर घर पहुंचा अस्पताल में हुई मौत

**हल्द्वानी :** ऊधमसिंह नगर जिले में रहने वाले एक व्यक्ति ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, सिरौली कला निवासी 52 वर्षीय अतीक अहमद पुत्र मुन्ना ने बीते गुरुवार को घर के पास जहर खा लिया। जिसके बाद वह घर पहुंचा और घरवालों से जहर खाने की बात कही। परिजन आनन-फानन में पास के अस्पताल ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर अतीक को एसटीएच रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### अपने ही ई-रिक्शा में मरा मिला चालक

**हल्द्वानी :** घर से रात कमाने निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मर गया। उसका शव उसी के ई-रिक्शा पर पड़ा पाया गया। लालकुआं निवासी राकेश पुत्र भगवान दास ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई 20 वर्षीय मुकेश कश्यप ई-रिक्शा चलाता था। गुरुवार की रात वह घर से यह कह कर निकला था लालकुआं स्टेशन की ओर जा रहा है। अमूमन वह रात में ही लौट आता था, लेकिन जब शुक्रवार भोर तक नहीं लौटा तो राकेश उसे तलाश करने निकला। राकेश को मुकेश लालकुआं स्टेशन के पास अपने ही ई-रिक्शा पर लगभग मृत अवस्था में मिला। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में मुकेश को एसटीएच पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ऑटो सवार ने महिला के गले से उड़ाया मंगलसूत्र

**हल्द्वानी :** ऑटो में गोद में बच्ची लेकर बैठी महिला ने पड़ोस में बैठी महिला के गले से मंगलसूत्र पार कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी है। आर .के . टेंट हाउस रोड निवासी दीपा खड़ायत ने पुलिस को बताया कि बीती 9 मार्च की शाम वह कालाढूंगी टेंपो स्टैंड से घर जाने के लिए ऑटो में सवार हुईं थी। आरोप है कि ऑटो रिक्शा में एक सांवले रंग की महिला भी बैठी थी, जिसके साथ एक बच्चा भी था। वह दीपा से बिलकुल सट कर बैठी थी और दीपा से खिसकने के लिए कह रही थी। आरोप लगाया कि उस महिला ने उनके गले से मंगलसूत्र चोरी कर लिया। ऑटो रुकने के बाद जब वह घर पहुंची तो उन्हें मंगलसूत्र गायब होने का पता चला। एसएसआई भूपेंद्र मेहता का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है, जिस रूट पर पीड़िता ने सफर किया, उसके सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

**45 वर्षीय दर्जी ने किया था 19 साल की लड़की का अपहरण, पुलिस ने की बरामद, आरटीओ चौकी में बेटी के आगे गिड़गिड़ाते रहे गरीब माता-पिता**

# लड़की ने पुलिस चौकी में जड़ा मां को थप्पड़, रोते पिता पर भी तरस न आया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पीलीभीत निवासी 45 साल के दर्जी द्वारा अपहरण कर ले जायी गयी 19 साल की युवती को मुखानी पुलिस ने बरामद कर लिया।

नामजद आरोपी दर्जी को भी हिरासत में ले लिया गया। उधर, माता-पिता बेटी को घर ले जाने के लिए पुलिस चौकी पहुंचे, लेकिन पुलिस चौकी में हैरान कर देने वाली घटना में बेटी ने मां के ही गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। पिता रोने लगा और बेटी से घर चलने की गुजारिश करने लगा, लेकिन पिता के आंसुओं का भी बेटी पर तिनका भर भी असर नहीं पड़ा।


आरोपी ने व्हाट्सएप पर यह डीपी लगाई है।


लड़की ने व्हाट्सएप डीपी पर लगाई है।

पुलिस के अनुसार, मुखानी थाना क्षेत्र की यह लड़की बीती 26 फरवरी से लापता थी। उसके लापता होते ही अमरावती कालोनी में दर्जी की दुकान चलाने वाला 45 वर्षीय रहमत भी दुकान बंद करके गायब हो गया। लड़की पिछले एक साल से रहमत से सिलाई सीखने जाती थी और उसके बाद इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। लड़की के पिता की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की।

पुलिस ने दोनों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाए। इस बीच लड़की शहर के एक बैंक में नजर आई। तलाश में जुटी पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया। दोनों को आरटीओ पुलिस चौकी ले जाया गया। जहां जानकारी मिलने पर हिंदूवादी संगठन के सदस्य और लड़की के माता-पिता भी पहुंच गए। काफी गुजारिश करने पर पुलिस ने मां को बेटी से मिलने की इजाजत दी।

मां ने बेटी के सिर और चेहरे पर हाथ फेरते हुए घर चलने की मनुहार की लेकिन घर का नाम सुनते ही लड़की बौखला गई। मां ने उसे भरोसा दिया, वह घर चले और उससे कोई कुछ नहीं कहेगा। मां के इतना कहते ही लड़की ने पुलिस के सामने ही मां को थप्पड़ जड़ दिया। बेटी की इस हरकत से मां सन्न रह गई और पिता की आंखों से आंसू छलक उठे। बावजूद इसके, पिता ने बेटी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने पिता को भी दो टूक जवाब दे दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि लड़की के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराए जा रहे हैं।

### पुलिस ने पति की सुपुर्दगी में दिया

**हल्द्वानी :** इस संबध में सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी ने बताया कि, आरोपी दर्जी मूल से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का निवासी है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने बीते वर्ष अक्टूबर में ही पीलीभीत में निकाह कर लिया था। यह भी बताया गया कि दोनों ने पीलीभीत की कोर्ट में वाद भी दायर किया है। सीओ ने बताया कि दोनों ही बालिग हैं। युवती ने दर्ज कराए गए अपने बयान में पति के साथ जाने की इच्छा जतायी, जिसके बाद पुलिस ने नियमानुसार उसे उसके पति की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

### काठगोदाम से नाबालिग लापता

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थानाक्षेत्र से 17 साल की एक नाबालिग लड़की लापता हो गई। पुलिस को दी तहरीर में लड़की के पिता ने लिखा कि उनकी बेटी 25 मार्च की दोपहर लगभग 2 बजे घर से बिना बताए निकली थी और फिर लौट कर नहीं आई। पिता ने अपने सभी रिश्तेदारों और उसके दोस्तों से संपर्क किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही लापता नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### आरटीओ चौकी में हिंदूवादियों का हंगामा

**हल्द्वानी :** दर्जी को हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ पहले मुखानी थाना और फिर आरटीओ पुलिस चौकी पर जमा हो गई। इसी चौकी में पुलिस ने दर्जी और अपहृत लड़की को रखा था। जबकि दर्जी पुलिस के सख्त पहरे के बीच था। लोग इस बात को लेकर हंगामा कर रहे थे कि एक बार दर्जी को सामने लाया जाए, लेकिन चौकी में भीड़ अधिक और पुलिस मुट्ठी भर थी। लोगों के हंगामे के बावजूद पुलिस दर्जी को सुरक्षा के लिहाज से बाहर लेकर नहीं आई।

# मरीज बनकर सीएचसी पहुंच गए सीडीओ, 'बीमार' मिली व्यवस्था

**भीमताल सीएचसी से गायब मिले 15 कर्मी, वेतन रोकने के दिए निर्देश व स्पष्टीकरण मांगा**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** सरकार के लाख दावों के बावजूद पहाड़ों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के हाल नहीं सुधर रहे हैं। नैनीताल सीडीओ शुक्रवार को मरीज बनकर सीएचसी भीमताल पहुंचे तो यहां 15 कर्मचारी ही अनुपस्थित मिले। सभी 15 कर्मियों का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। 30 शैय्या वाली इस सीएचसी में कुल 42 कर्मी कार्यरत हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमताल का (शुक्रवार) को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनोखे तरीके से निरीक्षण किया। वह अस्पताल में मरीज बनकर पहुंचे। किसी को पता ही नहीं चला अस्पताल में स्वयं सीडीओ मरीज बनकर आए हुए हैं।

उन्होंने अस्पताल में मौजूद उपस्थित पंजिका की जांच की तो 15 कर्मी अनुपस्थित पाये गये। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त कर्मचारियों का वेतन रोकने निर्देश सीएमएस को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही दवाइयों की एक्सपायरी डेट भी जांच की गई, यह भी देखा की कोई दवाई बाहर से तो नहीं लिखी जा रही है। उन्होंने अल्ट्रा साउन्ड मशीन, एक्स रे मशीन के साथ ही आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की भी जानकारी ली। निरीक्षण दौरान उन्होने सीएमएस को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। सभी कार्मिकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।


सीएचसी में दस्तावेज चेक करते सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे। ● अमृत विचार

- **सीडीओ ने अस्पताल की टोटली नब्ज, लगायी क्लास**
- **15 कर्मी अनुपस्थित मिले, गंदगी देख दी सख्त हिदायत**

### ब्लॉक ऑफिस में भी 6 कर्मी अनुपस्थित मिले, स्पष्टीकरण तलब

**हल्द्वानी :** स्वास्थ्य सेवाओं के कर्मचारी ही नहीं बल्कि ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारियों की कारगुजारी भी सामने आई है। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे भीमताल के ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। यहां भी उन्होंने निरीक्षण किया तो छह कर्मचारी यहां भी अनुपस्थित मिले। पंजिका में सात दिन पूर्व ये कर्मचारी भ्रमण दिखा कर गए थे लेकिन शुक्रवार तक कार्यालय नहीं आए। सीडीओ पांडे ने बीडीओ से सभी कर्मचारियों से स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। सीडीओ ने देखा कि विकास खंड में समूह के रजिस्टर वितरित नहीं किए गए हैं। उन्होंने रजिस्टरों को शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि 31 मार्च से पहले बजट को शत-प्रतिशत खर्च कर दिया जाए।

# पिथौरागढ़ जा रही बस खूपी के पास पलटी, एक यात्री की मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हल्द्वानी से डीडीहाट की ओर जा रही केमू बस अनियंत्रित होकर आगे जा रही बोलेरो वाहन से टकराने के बाद सड़क पर पलट गई। हादसे में बस में सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि चालक-परिचालक समेत 16 अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन यात्रियों की हालत गंभीर है। अन्य घायलों प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं पुलिस हादसे की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार यूके 04 पीए 1112 केमू की बस शुक्रवार सुबह हल्द्वानी से चालक-परिचालक समेत 17 सवारी लेकर बिर्थी को निकली थी। करीब सात बजे खूपी के पास एक टैक्सी वाहन (बोलेरो) को पास देने के दौरान बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस आगे हुई बोलेरो में पीछे से टकरा गई। बोलेरो से टकराने के बाद बेकाबू बस सड़क पर पलट गई। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद 112 में पुलिस व 108 में हादसे की सूचना दी। सूचना देने के बाद ग्रामीणों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर राहत कार्य शुरू किया। वहीं पुलिस, एसडीआरएफ, दमकल और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए।


नैनीताल में सड़क पर पलटी केमू बस और मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम।

- **एक्सीलेटर फंसने से बढ़ गई बस की स्पीड**
- **ग्रामीणों ने चलाया राहत अभियान, दो गंभीर घायलों को हल्द्वानी रेफर**

हादसे में अमरोहा निवासी हाल निवासी डीडीहाट सोनू कुमार को गंभीर हालत में बीडी पांडे अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं आनन्दी देवी और सोमनाथ की हालत गंभीर होने पर उन्हें हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं चालक संजय और परिचालक तारा सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। जबकि अन्य घायलों का सीएचसी भवाली में उपचार किया गया। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# वीकेंड पर पुलिस ने लागू किया ट्रैफिक डायवर्जन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वीकेंड पर बढ़ने वाली पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कैंची धाम, भवाली, भीमताल और हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र के लिए विशेष यातायात और डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था शनिवार और रविवार को लागू रहेगी।

पुलिस के अनुसार, पर्वतीय क्षेत्रों कैंची धाम और आसपास के इलाकों में भारी भीड़ को देखते हुए अल्मोड़ा और रानीखेत की ओर से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग से भेजा जाएगा। हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाले आवश्यक सेवा के वाहनों को तो छूट रहेगी, लेकिन अन्य भारी वाहनों को यातायात की स्थिति के अनुसार भवाली मस्जिद तिराहे से पहले रोका जा सकता है या उन्हें वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। भीमताल के रास्ते कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के निजी वाहनों को विकास भवन पार्किंग में रोका जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा के जरिए मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। इसी तरह, नैनीताल और गेठिया मार्ग से आने वाले वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा, जहां से शटल सेवा उपलब्ध रहेगी। 28 और 29 मार्च को हल्द्वानी और काठगोदाम क्षेत्र में सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा।

# इंडेन उपभोक्ताओं पर सिलेंडर के लिए दबाव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में रसोई गैस वितरण को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े बताते हैं कि इंडेन गैस के उपभोक्ताओं को क्यों परेशान होना पड़ रहा है। प्रदेश में कुल 311 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी इंडेन की है। आंकड़ों के अनुसार राज्य में इंडेन की 211 एजेंसियां, भारत पेट्रोलियम की 63 एजेंसियां और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 37 एजेंसियां हैं।



इंडेन की एजेंसियां अन्य कंपनियों के मुकाबले काफी अधिक होने के बावजूद वर्तमान में सबसे ज्यादा गैस किल्लत भी इसी कंपनी में देखने को मिल रही है। इसका मुख्य कारण इंडेन उपभोक्ताओं की अत्यधिक संख्या बताई जा रही है। प्रदेश के बड़े जिलों जैसे देहरादून, हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर और नैनीताल में इंडेन का दबदबा होने से मांग काफी ज्यादा है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ है। इसके विपरीत भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम एजेंसियां कम होने के बावजूद इन कंपनियों के उपभोक्ताओं को फिलहाल अपेक्षाकृत कम परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन कंपनियों में उपभोक्ताओं और एजेंसियों के बीच संतुलन बेहतर होने से आपूर्ति सुचारु बनी हुई है।

- **सबसे ज्यादा उपभोक्ता इसी कंपनी के पास**

> इंडेन गैस के पास सबसे ज्यादा उपभोक्ता हैं। इस वजह से उनको सप्लाई में कुछ दिक्कत है। हमारी कंपनी से लगातार बातचीत हो रही है और हम लगातार मॉनिटिरंग कर रहे हैं। **-मनोज बर्मन,** जिला पूर्ति अधिकारी, नैनीताल

### जनपद में गैस की आपूर्ति सामान्य : डीएम



**हल्द्वानी :** डीएम ललित मोहन रयाल ने सिटी मजिस्ट्रेट, सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि संबंधित क्षेत्रों में गैस एवं पेट्रोल-डीजल स्टॉक की नियमित चेकिंग करें। डीएम रयाल ने आश्वस्त किया है कि जनपद की तीनों गैस एजेंसियों भारत, एचपी एवं इंडेन के पास पर्याप्त स्टॉक है। जिला प्रशासन की ओर से नियमित निगरानी की जा रही है। आम जन से अपील है कि घबराकर गैस एजेंसियों के गोदाम पर नहीं जाएं और न ही अनावश्यक परेशान हों। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह जनपद में गैस का बैकलॉग 40 हजार था जो अब 25 हजार है। जनपद में गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य हो रही है। उपभोक्ताओं से अपील है कि गैस गोदाम में नहीं जाएं सभी को होम डिलीवरी दी जा रही है। गैस एजेंसियों को भी निर्देश हैं कि जिन लोगों की गैस बुकिंग पहले है उन्हें प्राथमिकता से होम डिलीवरी कराएं, जनपदवासी भी ऑनलाइन बुकिंग कराएं। इसी तरह डीजल एवं पेट्रोल की भी कोई कमी नहीं है, सप्लाई चेन एवं स्टॉक की नियमित चेकिंग की जा रही है।

# कार चोरी की गलत सूचना दी, पुलिस ने ठोका जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम पुलिस ने कार चोरी की गलत सूचना देने के मामले में गौलापार निवासी युवक पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही युवक से लिखित माफीनामा भी लिया गया है।

त्रिवेणी चंद्र पाठक ने डायल 112 पर कॉल कर अपनी कार मधुबन बैंक्वेट हॉल के पास से चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और सिटी पेट्रोल व चीता मोबाइल टीमों को मौके पर भेजा। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास गहन तलाशी शुरू की। कुछ ही देर में कार बैंक्वेट हॉल के पास ही एक किनारे खड़ी मिली। इसके बाद जब पुलिस ने सूचना देने वाले युवक से सख्ती से पूछताछ की, तो पूरा मामला साफ हो गया। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि उसने खुद ही गाड़ी वहां खड़ी की थी, लेकिन बाद में वह स्थान भूल गया। बिना ठीक से तलाश किए उसने कार चोरी की झूठी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत को गंभीरता से लेते हुए युवक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एसओ विमल मिश्रा का कहना है कि झूठी सूचनाएं न सिर्फ पुलिस का समय बर्बाद करती हैं, बल्कि आपात स्थिति में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में भी बाधा बनती हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**तैयारी** | **मुख्य शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों को किताबों को लेकर दिए जरूरी निर्देश**

# किताबें नहीं बनेंगी बाधा, बुक बैंक से पढ़ेंगे विद्यार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू होगा। जिसे लेकर अभिभावकों को नई किताबें खरीदने की चिंता सताने लगी है। हर साल नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही स्टेशनरी की दुकानों के बाहर अभिभावकों की लंबी लाइन लगी रहती है। अब इस समस्या से राहत देने के लिए मुख्य शिक्षाधिकारी ने जिले के सभी निजी स्कूलों को नई किताबों के आने तक बुक बैंक के माध्यम से पढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य शिक्षाधिकारी ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर स्पष्ट किया है कि किताबों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी स्कूलों को अपने बुक बैंक का उपयोग करते हुए छात्रों को तत्काल किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ ने आदेश के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि जब तक सभी किताबें नहीं बंट जाती या बाजार में उपलब्ध नहीं हो जातीं, तब तक स्कूल अपने बुक बैंक से विद्यार्थियों को किताबें देगा। निजी स्कूलों के साथ ही जिले के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों पर यह आदेश लागू होगा।


प्रतीकात्मक एआई फोटो।



### तत्काल यूनिफॉर्म खरीदने के निर्देश में 20 अप्रैल तक ढील

**हल्द्वानी :** जिले के हल्द्वानी, रामनगर और भीमताल ब्लॉक के सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में यूनिफॉर्म को तत्काल अनिवार्य किए जाने से अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ गई थी। इस पर सीईओ जायसवाल ने आदेश दिया है कि इन ब्लॉकों के स्कूलों को 20 अप्रैल तक ड्रेस की अनिवार्यता में शिथिलता दी जाएगी। सीईओ ने कहा कि इन क्षेत्रों में स्थित कई स्कूलों की ओर से किताबें और यूनिफॉर्म को तत्काल अनिवार्य किए जाने की जानकारी सामने आई थी, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव बन रहा था। उन्होंने सभी खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे इस संबंध में लचीलापन बरतें।

### गोरखपुर को 10 अप्रैल से चलेगी विशेष ट्रेन

**हल्द्वानी :** रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर से लालकुआं के बीच साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार और 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक लालकुआं से प्रत्येक शनिवार को कुल 14 फेरों के लिए चलाई जाएगी। साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से शाम 5:05 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोंडा, सीतापुर, लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा और किच्छा होते हुए अगले दिन सुबह 8 बजे लालकुआं पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें एक जनरेटर सह लगेज यान, एक एलएसएलआरडी, चार जनरल सेकंड एसी, तीन स्लीपर, पांच थर्ड एसी, दो सेकंड एसी और एक फर्स्ट एसी कोच शामिल हैं।

# दोपहर में धूप, फिर हुई बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विगत दिनों हुई बारिश के बाद अब तापमान में फिर से उछाल आने लगा है। शुक्रवार को अचानक दोपहर बाद मौसम बदला और हल्द्वानी के कुछ क्षेत्रों में बारिश हुई। बाकी शहर में तेज हवा चली।

मार्च समाप्ति की ओर है तो पारा भी चढ़ने लगा है। हल्द्वानी में तापमान 30 डिग्री पार चल रहा है। शुक्रवार को भी पूर्वान्ह के समय बादल छाए हुए थे तो वहीं दोपहर के समय धूप भी निकल गई। अचानक मौसम में बदलाव हुआ और आनंदपुर, चांदनीचौक गरवाल, कुसुमखेड़ा आदि इलाकों में आधे घंटे बारिश हुई। इस दौरान बाकी शहर में में तेज हवा भी चली। शाम के समय हल्की ठंडी हवा का दौर फिर से शुरू हो गया। एक ही दिन में गर्मी, सर्दी और बारिश तीनों तरह के मौसम देखने को मिल गए। अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 31 मार्च तक जिले में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा और बीच-बीच में बारिश होती रहेगी।


चांदनी चौक गरवाल में शुक्रवार को बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई।

### नैनीताल में हुई रिमझिम बरसात, मौसम सुहाना

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शुक्रवार को रिमझिम बारिश हुई। धूप छांव के साथ मौसम ने कई रंग दिखाए। तेज हवाएं पूरे दिन आवेश में रही। सुबह मौसम तेज हवाओं के साथ सुहावना रहा। चटक धूप भी कुछ देर खिली रही। दिन में बादलों का आना जाना जारी रहा, जिन्हें तेज हवाओं ने टिकने नहीं दिया। अलबत्ता धूप में गर्मी का एहसास हुआ तो शाम की हवा में खासी ठंड महसूस हुई। दोपहर दो बजे बारिश शुरू हो गई। वर्षा अधिक नहीं हुई, लेकिन हवा से छाता काम नहीं आया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# रामनगर में निकला भगवान श्रीराम का डोला

## रामनवमी पर गाजे-बाजे के साथ भक्ति गीतों व श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर, श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राम नवमी के पावन अवसर पर श्री राम मंदिर रामनगर से भगवान श्रीराम का डोला गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ धूमधाम से निकाला गया। "राम जी की निकली सवारी, राम जी की महिमा है न्यारी" जैसे भजनों की धुन पर श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

श्रीराम का डोला कोसी रोड, रानीखेत रोड, मुख्य बाजार, पुलिस लाइन और नंदा लाइन से होते हुए पुनः श्रीराम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालु नंगे पैर चलकर डोले को कंधे पर उठाए हुए नजर आए। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीराम की सवारी का स्वागत किया। शोभायात्रा जिस मार्ग से भी गुजरी, वहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे नगर में "जय सिया राम" और "जय श्री राम" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो राम की नगरी में स्वयं भगवान श्रीराम भक्तों को दर्शन देने के लिए अवतरित हुए हों।

इस दौरान निरंजन अग्रवाल, राम निवास अग्रवाल, कौशल सिंघल, अतुल शर्मा, शलभ मित्तल, ईशान अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मनोज मित्तल, संजीव अग्रवाल, इंदर रावत, संजय डोरबी, नवीन कारगेती, अनुज हुंडीवाल और प्रदीप अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



रामनगर में भगवान श्रीराम के डोले के साथ मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार



लालकुआं में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## रामनवमी पर निकली शोभायात्रा, मंदिरों में हुए अनुष्ठान-भंडारे

**लालकुआं :** रामनवमी के अवसर पर नगर में जगह-जगह कन्या पूजन, हवन-यज्ञ और भंडारों का आयोजन किया गया। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्री राम मंदिर और अवंतिका कुंज देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवरात्रि के दौरान आठ दिनों तक व्रत रखने के बाद श्रद्धालुओं ने रामनवमी के दिन प्रातः हवन-यज्ञ कर कन्या पूजन किया। सुबह से दोपहर तक लोग कन्याओं की तलाश में इधर-उधर जाते दिखाई दिए। नवरात्रि के अंतिम दिन नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर, फलाहारी बाबा मंदिर, पीपल मंदिर तथा बंगाली कॉलोनी स्थित श्री राम मंदिर समेत कई मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर पच्चीस एकड़ कॉलोनी से भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन बजरंग दल द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, मुख्य वक्ता बजरंग दल के प्रांत संयोजक पूरन जोशी, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, सुभाष नागर, महेश चौधरी, मनोज गुप्ता, शोभित त्यागी, मनु गोस्वामी, भवानी शंकर तिवारी, कमल मुनि, पिंकू चन्द्रा, अभिषेक सिंह और हरीश नैनवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



श्री खाटू श्याम मंदिर का भूमि पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## लालकुआं में भव्य श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन

**लालकुआं :** मां अवंतिका कुंज देवी मंदिर प्रांगण में बनाए जा रहे भव्य श्री खाटू श्याम मंदिर का शुक्रवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। मंदिर निर्माण करा रहे श्री श्याम कृपा परिवार और श्री श्याम महिला परिवार के सदस्यों ने कार्यक्रम में शिरकत की। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित चंद्रशेखर जोशी ने विस्तृत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन का अनुष्ठान संपन्न कराया। मंदिर निर्माण से जुड़े राहुल मित्तल ने बताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर को भव्य स्वरूप देने के साथ आकर्षक मुख्य द्वार का भी निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण खाती, महामंत्री भुवन पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, सभासद धन सिंह बिष्ट, हेमंत पांडे, सुरेश शाह, नरेश चौधरी, हरीश नैनवाल, दीपू नयाल, रघुवीर सिंह रजवार, पंकज गुप्ता, ऋतुल शर्मा, मोहन पाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हल्दूचौड़ में हवन-यज्ञ के साथ विश्व शांति की कामना

संवाददाता, हल्दूचौड़

● गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में बटुकों के हुए उपनयन संस्कार गायत्री मंत्र की रही गूंज

**अमृत विचार:** रामनवमी के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में भक्ति, साधना और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां अखंड गायत्री मंत्र जाप के साथ दर्जनों बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ तथा विधि-विधान से हवन-यज्ञ कर विश्व शांति और कल्याण की कामना की गई।

सुबह से ही शक्तिपीठ परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप करते हुए वातावरण को दिव्यता से भर दिया। यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुतियां अर्पित कर मानवता के कल्याण, सकारात्मक ऊर्जा और नैतिक जागरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रबंधक बसंत पांडे ने श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए गायत्री मंत्र की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र केवल जप नहीं, बल्कि चेतना को जागृत करने वाला महामंत्र है, जो व्यक्ति के भीतर ज्ञान, विवेक और आत्मबल का संचार करता है।

उपनयन संस्कार के माध्यम से बालकों को वेदज्ञान, अनुशासन और आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रेरित किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे भारतीय संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन विश्व कल्याण की सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने मानवता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गायत्री शक्तिपीठ हल्दूचौड़ में रामनवमी पर हवन-यज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

# वाइस एडमिरल सिंह ने किया निरीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह (एवीएसएम, एनएम), चीफ ऑफ पर्सनल ने शुक्रवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय नैनीताल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण के साथ जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनने की दिशा में भी मार्गदर्शन देता है।

उन्होंने ड्रोन संचालन और शिप मॉडलिंग जैसे तकनीकी प्रशिक्षण को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में एनसीसी के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण, साहसिक गतिविधियों, आपदा प्रबंधन अभ्यास का विस्तार किया जाएगा। ग्रुप मुख्यालय पहुंचने पर ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह डैला ने उनका स्वागत किया। कैडेट्स ने वाइस एडमिरल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साथ ही ड्रोन परीक्षण, शिप मॉडलिंग, फायरिंग अभ्यास और रॉक क्लाइंबिंग का प्रदर्शन किया गया। वाइस एडमिरल ने कैडेट्स के अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम में कर्नल जितेश शर्मा, कमान अधिकारी 77 बटालियन अल्मोड़ा, कर्नल पीवी कुलकर्णी, कमान अधिकारी 24 गर्ल्स बटालियन सहित कर्मचारी और कैडेट्स उपस्थित रहे।



नैनीताल में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत मॉडल को देखते वाइस एडमिरल।

## व्यापारियों ने मांगी पार्किंग की सुविधा

**कालाढूंगी:** शुक्रवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने नगरपालिका ईओ को ज्ञापन सौंपकर कॉम्प्लेक्स में दुकानदारों और ग्राहकों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

बताया कि बीते दिनों कॉम्प्लेक्स के बाहर खाली भूमि को लेकर वाल्मीकि मंदिर समिति और सफाई कर्मचारियों ने स्वामित्व की मांग करते हुए हड़ताल कर दी थी। बाद में उक्त स्थान पर पालिका अध्यक्ष और ईओ के वाहन खड़े करने पर सहमति बनी थी। अब कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों और ग्राहकों के लिए पार्किंग की समस्या हो गई है। व्यापारियों ने ईओ अभिनव कुमार को ज्ञापन सौंप दुकानदारों के लिए पार्किंग स्थल उपलब्ध कराने की मांग की।

# 18 सभासदों ने किया ईओ का घेराव

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर नगर पालिका में इन दिनों पालिकाध्यक्ष और सभासदों के बीच सियासी घमासान तेज हो गया है। शुक्रवार को विवाद उस समय और गहरा गया, जब नाराज सभासदों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल का घेराव कर दिया। सभासदों ने अध्यक्ष और अधिकारियों पर अनियमितताओं तथा मनमाने तरीके से कार्य कराने के गंभीर आरोप लगाए।

सभासदों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर ईओ को ज्ञापन सौंपा और शनिवार को प्रस्तावित बजट बैठक के बहिष्कार का ऐलान किया। उनका कहना है कि वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा से पूर्व पूरी बजट सूची उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। मामले में ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि उन्हें 18 सभासदों का संयुक्त पत्र प्राप्त हुआ है। कहा कि सभासदों की मांगों पर नगर पालिका एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा जिन निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए गए हैं, उनकी जांच भी कराई जाएगी। ज्ञापन पर तनुज दुर्गापाल, सचिन कुमार, दीपा, पारस गोला, सलमान सलमानी, शिवी अग्रवाल, करीमुद्दीन, दीपक राणा, निषाद फातमा, नंदा अंजुम, शबाना परवीन, नवीन सुनेजा, अजमल आदि सभासदों के हस्ताक्षर हैं।



रामनगर में ईओ का घेराव करते सभासद।

# कॉर्बेट में स्थायी परमिट पर लॉटरी 1 अप्रैल को

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जिप्सियों के प्रवेश को लेकर एक बार फिर गहमागहमी तेज हो गई है। कॉर्बेट प्रशासन ने नए स्थायी परमिट धारकों के चयन के लिए 1 अप्रैल को लॉटरी प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में सीटीआर में हुई बैठक का हवाला देते हुए उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया के तहत प्राप्त सभी आवेदनों की जांच की गई है। वैध पाए गए आवेदनों को ओपन कैटेगरी और ईडीसी श्रेणी में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि ओपन कैटेगरी में 43 सीटों के मुकाबले 64 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि ईडीसी श्रेणी में 50 सीटों के लिए 66 आवेदन आए हैं। ऐसे में दोनों श्रेणियों में चयन लॉटरी से किया जाएगा। उपनिदेशक ने बताया कि कुछ आवेदकों ने ईडीसी श्रेणी में अनुभव के आधार पर प्राथमिकता देने की मांग की थी, लेकिन वर्ष 2024 की गाइडलाइन में इसका कोई प्रावधान नहीं है।

## वाल्मीकि सभा का चुनाव 5 अप्रैल को

**नैनीताल:** वाल्मीकि सभा नैनीताल की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए पांच अप्रैल को मतदान होगा।

इसके लिए शुक्रवार को नगर पालिका सभागार नैनीताल में नामांकन पत्रों की बिक्री की गई, जिसमें 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। निर्वाचन अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि वाल्मीकि सभा के चार पदों के लिए चुनाव होना है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। अध्यक्ष पद के लिए रोहित भाटिया, मनोज पवार और गिरीश भैया ने नामांकन पत्र खरीदे।

# कैबिनेट मंत्री कैड़ा का भव्य स्वागत

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** प्रदेश के शहरी विकास एवं जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली बार अपनी विधानसभा क्षेत्र भीमताल पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया।

मंत्री के अमृतपुर, भीमताल बाजार, खुटानी, चाफी, मटियाल, पदमपुरी और धारी पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। मंत्री कैड़ा ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे



धारी में पहली बार आगमन पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का स्वागत करते भाजपाई।

## टक्कर मारने वाले स्कूटी चालक पर मुकदमा दर्ज

**नैनीताल:** मल्लीताल क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, हंस निवास निवासी गिरीश चंद्र तिवारी पालिका बाजार में मोमबत्ती की दुकान चलाते हैं। घटना वाले दिन वे देर रात दुकान बंद कर पैदल घर लौट रहे थे। रॉयल होटल कंपाउंड के समीप तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में वह घायल हो गए। घायल की पत्नी संतोषी तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुकाबला

प्राथमिकताएं गिनाते हुए अधिवक्ताओं के हितों में कार्य करने का दिया भरोसा, एक अप्रैल को होगा मतदान

# जिला बार चुनाव : आम सभा में प्रत्याशियों ने की वादों की बौछार

संवददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिला बार संघ चुनाव को लेकर शुक्रवार को आयोजित आम सभा में प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के हित में कई घोषणाएं करते हुए वादों की बौछार कर दी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव सहित तीन प्रमुख पदों के लिए सीधा मुकाबला तय है। इन पदों के लिए एक अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव से पहले बार सभागार में आयोजित आम सभा में प्रत्याशियों ने अपने-अपने दृष्टिकोण और योजनाएं अधिवक्ताओं के सामने रखीं।

प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के लिए चैंबर निर्माण, जूनियर अधिवक्ताओं के बैठने की उचित व्यवस्था, सामूहिक बीमा और मेडिकल बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

साथ ही अधिवक्ताओं के लिए पुस्तकालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का भी आश्वासन दिया गया। प्रत्याशियों ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान-सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और हर परिस्थिति में अधिवक्ता हित में कार्य किया जाएगा। सभा को हरीशंकर कंसल, अरुण बिष्ट, नीरज साह, कमल चिलवाल, प्रमोद तिवारी, अनिल बिष्ट, संजय सुयाल और नीरज गोस्वामी सहित कई प्रत्याशियों ने संबोधित किया। इस दौरान प्रत्याशियों ने भविष्य में बार अध्यक्ष, सचिव और उपाध्यक्ष जैसे पदों पर महिला आरक्षण लागू करने की भी बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला, बार संघ अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रूवाली सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभा में राजेश त्रिपाठी, भरत भट्ट, कैलाश जोशी, राजेंद्र कुमार पाठक, गिरीश खोलिया, पंकज बिष्ट, सुशील शर्मा सहित कई अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया। सभा का संचालन बार संघ सचिव दीपक रूवाली ने किया। आम सभा के दौरान प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि चुनाव के बाद सभी मिलकर बार संघ को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।



नैनीताल जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए आमसभा में मौजूद अधिवक्ता।





विशिष्ट अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

## नारी सम्मान भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि

**रामनगर :** महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा संचालित विशेष शिविर के पांचवें दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक डॉ. मुरलीधर कापड़ी ने स्वयंसेवियों को पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए कई योग क्रियाओं की जानकारी दी। राजकीय महाविद्यालय मालधन चौड़ से मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हिंदी के प्रो. गिरीश चंद्र पंत ने स्वयंसेवियों को पाठ्यक्रम को बेहतर ढंग से पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नारी को समाज की महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता :" का उदाहरण प्रस्तुत किया और नारी सम्मान को भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि बताया। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन कुमार ने बताया कि स्वयंसेवियों ने प्रथम सत्र में बुक्सा जनजाति के पौराणिक मंदिर छोई का भ्रमण कर उसके इतिहास की जानकारी प्राप्त की। डॉ. नीमा राणा और डॉ. मुरलीधर कापड़ी की नमामि गंगे इकाई द्वारा "गंगा की सफाई हमारी जिम्मेदारी" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर डॉ. शिवानी चन्याल, डॉ. ममता भदौला जोशी आदि रहे।

**सिटी ब्रीफ**

### लोक अदालत आज

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि 28 मार्च को राजस्व लोक अदालत आयोजित होगी। इसका उद्देश्य लंबित राजस्व वादों का त्वरित, सरल एवं सुलभ निस्तारण कराना है। जनपद के सभी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्तागणों से अपील की है कि वे उक्त राजस्व लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर इसका लाभ उठाएं, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक संख्या में राजस्व वादों का निस्तारण किया जा सके।

### स्वयंसेवियों को दी वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के एनएसएस विशेष शिविर में स्वयंसेवियों ने समूह बनाकर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में छात्रों को वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें बताया गया कि दुनिया में कोई भी वस्तु बेकार नहीं होती। कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने ठंडी सड़क से तिकोनिया तक रैली निकालकर जनता को वेस्ट मैनेजमेंट व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी मणिशंकर और दिया ने किया।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल जारी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के आह्वान और प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग परिसर में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। इस दौरान आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता एनसी त्रिपाठी और शंकर शंभु पंत ने की। वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल के पांच दिन बीत जाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

### स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प

**हल्द्वानी :** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा कि यह केवल अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली है। नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने युवाओं से जनजागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

**शनिवार सुबह 8 बजे से जजी परिसर में होगी वोटिंग, 11 पदों के लिए होगा मुकाबला**

# बार एसोसिएशन की सत्ता का फैसला आज

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित चुनाव के लिए आज (शनिवार) को मतदान कराया जाएगा। कुल 1324 मतदाता 11 महत्वपूर्ण पदों के लिए अपनी पसंद के प्रत्याशियों को वोट देंगे। सुबह आठ बजे से जजी परिसर में मतदान प्रक्रिया शुरू होगी, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने शहर में जमकर प्रचार किया और अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद पांडेय के अनुसार, अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित), कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, संयुक्त सचिव (प्रेस), पुस्तकालय अध्यक्ष, लेखाधिकारी, सदस्य (सामान्य) और सदस्य (महिला आरक्षित) सहित कुल 11 पदों पर मतदान होगा।


हल्द्वानी में समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान पहचान को लेकर सख्ती बरती जाएगी। सभी मतदाताओं को बार काउंसिल ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा जारी मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा वर्ष 2010 के बाद पंजीकृत अधिवक्ताओं को अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र और पंजीकरण प्रमाण पत्र भी दिखाना होगा। आवश्यक दस्तावेज न होने पर मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

चुनाव प्रक्रिया के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद की गई है। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना कर देर शाम तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।

### 42 कनेक्शन काटे 39 लाख की वसूली

**हल्द्वानी :** ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा निगम ने शुक्रवार को बकायेदारों और अनियमित कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया।

अभियान कमलुवागांजा, हरिपुर नायक, ऊंचापुल, कठघरिया, दमुवादूंगा , फतेहपुर, मुखानी (गैस गोदाम रोड), बरेली रोड, रामपुर रोड, लामाचौड़, ट्रांसपोर्ट नगर, लालकुआं और हल्दूचौड़ समेत कई इलाकों में चलाया गया। इस दौरान कुल 156 बिजली कनेक्शनों की जांच की गई। बकाया बिल जमा न करने और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 42 कनेक्शन काटे गए। साथ ही विभाग ने करीब 39 लाख रुपये की वसूली भी की। यह कार्रवाई अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता के नेतृत्व में की गई, जिसमें कई टीमें शामिल रहीं। ईई एसके गुप्ता ने कहा कि अभियान जारी रहेगा।

# दिव्यांग भतीजी को फुसला कर चोरी करा लिए जेवरात

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** देवरानी ने जेठानी की मानसिक दिव्यांग बेटी को फुसला कर जेवरात चोरी करा दिए। चोरी के जेवरात हाथ आते ही देवरानी ने उसे एक सुनार को बेच दिया। मामला खुला तो जेठानी पुलिस के पास पहुंची और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया है।

पुलिस को दी तहरीर में राजेंद्र नगर गली नंबर तीन निवासी दीपा आर्या पत्नी नवीन चंद्र ने लिखा, बीती 20 मार्च को उनके घर में रखे तमाम आभूषण चोरी हो गए। पता लगाने पर घर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने छानबीन की तो पता लगा कि उनकी 14 वर्षीय बेटी जो मानसिक रूप से दिव्यांग है, उसने यह चोरी की। हालांकि जब और पूछताछ हुई तो सामने आया कि मानसिक दिव्यांग से यह काम दीपा की देवरानी गंगा आर्य पत्नी द्वारिका आर्या ने कराया था। उसने दिव्यांग भतीजी को बहला-फुसला कर यह काम कराया और जेवरात हाथ आने के बाद उन्हें एक सुनार को बेच दिया। परिजन उक्त सुनार के पास पहुंचे तो वह जेवरात वापस करने को भी तैयार हो गया। हल्द्वानी कोतवाली के एसएसआई भूपेंद्र मेहता ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की गई। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# समन्वय बनाकर विकास कार्यों में तेजी लाएं विभाग : डीएम

**डीएम ललित मोहन रयाल ने जिले में संचालित महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश**

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जिले में संचालित महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की की समीक्षा की।

डीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट्स तीव्र गति से बनाए जाए ताकि मानसून से पूर्व निर्माण पूर्ण हो जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय व सामंजस्य के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए काम करें। हल्द्वानी शहर एवं रामनगर में एचपीसीएल की ओर से कराए जा रहे गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट की जानकारी लेते हुए कहा कि वर्तमान में हल्द्वानी शहर में यूयूएसडीए की ओर से सड़क मार्गों के सीवरेज-पेयजल बिछाई जा रही है, जल्द ही इन सड़कों पर हॉट मिक्स होना है। इसके लिए एचपीसीएल, यूयूएसडीए तथा पेयजल विभाग समन्वय बनाते हुए इन मार्गों में गैस पाइप लाइन बिछाएं ताकि इसके बाद ही हॉटमिक्स हो।

एचपीसीएल की ओर से बताया गया कि रामनगर में 20 किमी में से 15 किमी क्षेत्र में गैस पाइप लाइन बिछा दी गई है शेष 5 किमी में जो गैस पाइप लाइन बिछाना है, उसे भी शीघ्र करा लिया जाएगा। इस संबंध में नगर नगर पालिका से से समन्वय कर लिया गया है।


कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल। ● अमृत विचार

यूयूएसडीए ने बताया कि 17 किमी लंबाई के सापेक्ष 12 किमी सड़कों पर हॉटमिक्स हो गया है। इस पर डीएम ने कहा कि जो लक्ष्य दिया जाता है उसे समय से पूरा किया जाए। 10-10 दिनों का लक्ष्य निर्धारित कर काम पूरा किया जाए। यूयूएसडीए को अगले 10 दिनों में बाकी 5 किमी सड़कों का हॉटमिक्स किया जाए। डीएम ने जमरानी बांध प्रोजेक्ट की समीक्षा की। सहायक महाप्रबन्धक ने बताया कि 2 सालों से निर्माण गतिमान है जिसमें प्रथम टनल में 644 मीटर में से 544 मीटर टनल बन गई है, शेष 100 मीटर में कार्य गतिमान है। इसी प्रकार द्वितीय टनल में 600 मीटर लंबाई में से 590 मीटर काम पूर्ण हो गया है। इस पर डीएम ने कहा कि मानसून से पूर्व दोनों टनलों का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए।

जमरानी बांध प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने बताया कि 2 कॉफर डैम का भी निर्माण गतिमान है वर्तमान में फाउंडेशन बनाई जा रही है। दोनों कॉफर डैम अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में बनाए जा रहे हैं। सिंचाई नहरों का भी निर्माण गतिमान है। 40.82 किमी में से 17.34 किमी में काम पूर्ण हो गया है। विभिन्न स्थानों में नहर किनारे बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए यूपीसीएल को बजट दे दिया है। नहर किनारे अतिक्रमण पर संबंधित को नोटिस जारी किए हैं। डीएम ने शहर के चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए कहा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी बाजपेयी, परियोजना प्रबंधक कुलदीप कुमार, एजीएम शाहनवाज, अभय पंत रहे।

### शराब पीकर गुंडागर्दी पुलिस ने की कार्रवाई

**हल्द्वानी :** शराब पीकर बीच सड़क गुंडागर्दी करने वालों को पुलिस ने ऐसा सबक सिखाया कि फिर लंगड़ा कर चलते नजर आए। बाइक सवार दो युवक ने नरीमन तिराहे पर हंगामा करते हुए एक कार में तोड़फोड़ कर दी थी। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने सख्त एक्शन लिया। जिसके बाद पुलिस ने भी एक वीडियो जारी किया, जिसमें दोनों लंगड़ा कर चलते दिखे।

घटना बीती 25 मार्च शाम करीब सात बजे की है, जब नरीमन तिराहे के पास कुछ युवक नशे की हालत में हंगामा कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने एक वाहन चालक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान भाष्कर सिंह बिष्ट (23 वर्ष) निवासी पदमपुरी, मुक्तेश्वर और हिमांशु कुमार (25 वर्ष) निवासी नवाबी रोड, हल्द्वानी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 172 (2) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है।

# जनपद में 88.14 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग पूरी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों एवं प्राधिकृत बीएलए-1 (बूथ लेवल एजेंट) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें बताया गया कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में विशेष गहन पुनरीक्षण की औपचारिक घोषणा किए जाने की संभावना है। यह भी स्पष्ट किया कि आगामी समय में इस संबंध में नियमित रूप से बैठकें की जाएंगी।

डीएम ने सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की है कि वे प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की शीघ्र एवं शत-प्रतिशत नियुक्ति करें। नियुक्त बीएलए संबंधित बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय रूप से काम करें, जिससे पुनरीक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं त्रुटिरहित संपादित की जा सके।

जनपद की छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1010 मतदेय स्थलों के सापेक्ष अब तक कांग्रेस 793(71.51%) एवं भाजपा ने 959 (94.95%) बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति की है। अन्य राजनीतिक दलों से भी अपेक्षा की गई कि वे इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर बीएलए की नियुक्ति करें। प्रारंभिक एसआईआर के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों ने वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली के मतदाताओं का वर्तमान निर्वाचक नामावली से बीएलओ ऐप से मिलान किया जा रहा है। कुल 787991 मतदाताओं के सापेक्ष 694532 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है, जो लगभग 88.14 प्रतिशत प्रगति को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं की पहचान एवं पंजीकरण के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर संपर्क स्थापित कर जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

# अयोध्या रवाना हुआ 50 तीर्थयात्रियों का जत्था


श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना करते मेयर गजराज सिंह बिष्ट।

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने 50 तीर्थयात्रियों का समूह शुक्रवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस आयोजित कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट व क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल सरयू स्नान, हनुमानगढ़ी और राम दरबार के दर्शन करेगा। इस मौके पर सचिव निशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल आदि रहे।

# चौफुला में पानी के लिए प्रदर्शन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** शहर के चौफुला चौराहे पर शुक्रवार को पेयजल संकट को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी के नेतृत्व में आक्रोशित जनता, विशेषकर महिलाओं ने जल संस्थान के एई और जेई का घेराव किया। इस दौरान पीड़ितों ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है लेकिन संबंधित अधिकारी मौके पर आकर समस्या सुनने नहीं आ रहे हैं।

महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए जनता की मूलभूत जरूरतों की अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जब वे समस्या लेकर विधायक सुमित हृदयेश के पास पहुंचे तो विधायक ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर जनता की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। जनता की उचित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पूर्व की पाइप लाइन व्यवस्था की बहाली और पुलिया के पास पानी की लाइन में लगाए वाल्व को हटाकर पानी की आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। लोगों का कहना था कि विभाग का दायित्व है कि लोगों को नियमित जलापूर्ति हो। जेई सोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि चौफुला चौराहे के पास जल आपूर्ति लाइन में वॉल्व इसलिए स्थापित किया गया था क्योंकि कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा था। आपूर्ति को संतुलित करने के लिए दो अलग-अलग क्षेत्रों में बारी-बारी से, एक दिन के अंतराल पर पानी की आपूर्ति की जा रही थी, ताकि दोनों इलाकों के लोगों को समान रूप से पानी मिल सके।


पेयजल संकट को लेकर चौफुला चौराहे पर आक्रोश जताते लोग। ● अमृत विचार

### ग्वाल देव तोक में पहली बार पहुंची बिजली

**हल्द्वानी:** गोरिया देव ग्राम के दुर्गम तोक ग्वाल देव में आजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल के प्रयासों और सांसद अजय भट्ट की निधि से यह कार्य संपन्न हुआ।

बिजली पहुंचने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए राकेश नैनवाल स्वयं 5 किमी की कठिन पहाड़ी चढ़ाई पैदल तय कर गांव पहुंचे। यहां भूपाल सिंह, गोबिंद सिंह और राम सिंह नेगी के आवासों में पहली बार बल्ब जलने पर ग्रामीणों ने उत्सव मनाया। नैनवाल ने ग्रामीणों को जल्द ही सड़क मार्ग की सुविधा दिलाने का भी भरोसा दिलाया। इस दौरान पूर्व प्रधान राजू नेगी, सरपंच बालम नेगी, ललित नेगी, हरीश बेलवाल, मान सिंह रावत और बिजली विभाग के एई श्री पाठक समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।


कैबिनेट मंत्री बनने पर राम सिंह कैड़ा का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का किया अभिनंदन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच व क्षेत्रवासियों ने राज्यआंदोलनकारी राम सिंह कैड़ा के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर शुक्रवार को काठगोदाम चौराहा स्थित एक होटल में अभिनंदन किया। मंच जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कैबिनेट मंत्री कैड़ा का फूलों की माला पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रमुख राज्य आंदोलनकारी जिसने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे व्यक्ति को कैबिनेट मंत्री बनने पर सभी राज्य आंदोलनकारी खुशी मना रहे हैं, उम्मीद है कि वह पहाड़ की आवाज उठाएंगे। जिस गांव में भी विकास नहीं पहुंचा है, उसे पहुंचने का काम करेंगे। इस दौरान कमल मेहरा, कमल जोशी, हेम पाठक, जसविंदर सिंह भसीन, भूपेंद्र बिष्ट, इमरान, दलजीत चड्ढा, हरजीत चड्ढा, किशोर बलूटिया, रामू भारती, राजकुमार यादव, सिद्धार्थ मेहरा, कुणाल संभल, पूरन थापा, करन अधिकारी, हितेंद्र वशिष्ठ आदि रहे।

**राहत** | **मानसखंड तरणताल में अब खिलाड़ियों को प्रतिमाह 2000 रु. ही देना होगा शुल्क**

# गर्मियों में कम खर्च में स्वीमिंग करेंगे खिलाड़ी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** शहर के खिलाड़ियों और तैराकी प्रेमियों के लिए राहत भरी खबर है। अप्रैल माह से गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के मानसखंड तरणताल का शुल्क 500 रुपये कम कर दिया गया है। अब खिलाड़ियों को प्रतिमाह 2500 रुपये के बजाय केवल 2000 रुपये ही किराया देना होगा।

दरअसल, सर्दियों के दौरान तरणताल के पानी को गर्म रखने के लिए हीटिंग प्लांट संचालित किया जाता था, जिसके चलते खिलाड़ियों से अतिरिक्त 500 रुपये शुल्क लिया जाता था। अब गर्मियों के मौसम में इस अतिरिक्त शुल्क को हटा दिया गया है, जिससे खिलाड़ियों को सीधा लाभ मिलेगा।

जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जल्द ही खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में तरणताल की आय बढ़ाने के लिए नए प्लान तैयार किए जाएंगे, जिनमें बिगिनर्स और फैमिली पैक जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। साथ ही खिलाड़ियों और प्रोफेशनल्स के लिए शुल्क का नया ढांचा भी तय किया जाएगा।


गौलापार स्टेडियम का तरणताल। ● अमृत विचार

### 15-15 दिन के लगेंगे समर कैंप

गर्मियों की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए बिगिनर्स के लिए 15-15 दिन के समर कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न निजी स्कूलों के लिए भी अलग से किराया निर्धारित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, स्कूलों की भागीदारी से खेल विभाग को अच्छी आय होने की उम्मीद है। खेल विभाग की इस पहल से न केवल खिलाड़ियों को राहत मिलेगी, बल्कि अधिक से अधिक लोग तैराकी से जुड़ सकेंगे।

### वार्षिकोत्सव में रामकथा में भावविभोर हुए श्रद्धालु

**हल्द्वानी:** जगदंबा मंदिर के 41वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित रामकथा के आठवें दिन श्रद्धालुओं ने भगवान राम के लंका प्रवेश, रावण वध और अयोध्या में राज्याभिषेक तक की कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे। ब्यास डॉ. मनोज पांडे ने नल नील के सहयोग से कथा का सजीव वर्णन किया।

ब्यास मनोज पांडे ने कहा कि अभिमान रूपी रावण जैसी शक्तियों पर विजय पाने के लिए श्रद्धा से राम नाम का जाप करना चाहिए। जगदम्बा मंदिर समिति के अध्यक्ष उमेश पांडे, सचिव विनोद पांडे, कोषाध्यक्ष आशुतोष जोशी, रमेश चंद्र पांडे और घनश्याम भट्ट आदि लोग मौजूद रहे। आज मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ किया हवन यज्ञ, कन्या पूजन कर चखा प्रसाद

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** काठगोदाम गोल्ज्यू मंदिर में चैत्र नवरात्र की दशमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ हवन यज्ञ, पूजा-अर्चना व कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर में आयोजित सभी धार्मिक अनुष्ठान विधिवत रूप से पंडित खेमराज पंत की ओर से संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा और भक्तों की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ी। काठगोदाम के गोल्ज्यू मंदिर परिसर में हर वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी रहती है। इस वर्ष भी दशमी के दिन कन्या पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और मां की आराधना की।


काठगोदाम गोल्ज्यू मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

इस दौरान ललित साह, शैलेन्द्र भंडारी, गिरिश शर्मा, विमला भंडारी, बबीता भंडारी, किशोर अधिकारी, चंदू जोशी, सुंदर गौनी, प्रभात बिष्ट सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अगैती धान लगाने की अनुमति पर जताई खुशी

**खटीमा :** क्षेत्र के किसानों ने बैठक कर अगैती धान लगाने की अनुमति मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। भाजपा किसान प्रकोष्ठ के कुमाऊं संयोजक मनोज शाही, जगजीत सिंह मल्ली ने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा से किसानों के हितैषी रहे हैं। आभार जताने वालों में अमित कुमार पांडे, हरिमोहन सिंह, सतनाम सिंह मल्ली, जगतार सिंह, सुरजीत सिंह महरोक, फ़लजीत सिंह, सतनाम सिंह, सूरजपाल सिंह, सतपाल सिंह मौजूद रहे।

### देशी तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान सैजना, बिचई मार्ग पर एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। पूछताछ में उसने अपना नाम तीरथ सिंह निवासी गिधौर, थाना नानकमत्ता बताया। तलाशी लेने पर 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रक चालक पर मुकदमा

**बाजपुर :** सुल्तानपुर पट्टी में एनएच-74 पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राजवीर (निवासी संभल, यूपी) 25 मार्च की रात एसएन शर्मा इंटर कॉलेज के पास अपने साथी का इंतजार कर रहा था, तभी रुद्रपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई विकास की तहरीर पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूलों में मासिक परिवहन शुल्क को लेकर अभिभावकों में आक्रोश

## बढ़ी दरों पर निर्धारण को वापस लेने की मांग, अभिभावकों ने एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन

- अभिभावकों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर



एआरटीओ को ज्ञापन देने से पूर्व कार्यालय के बाहर खड़े अभिभावक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** निजी स्कूलों में शिक्षारत छात्र-छात्राओं के बस और वैन का मासिक परिवहन शुल्क बढ़ाने से अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर अभिभावकों ने एआरटीओ मोहित कोठारी से मुलाकात की और राज्य परिवहन प्राधिकरण के अध्यक्ष व परिवहन आयुक्त ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान अभिभावकों ने बढ़े हुई दरों को वापस लेने की मांग की है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अभिभावक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय पहुंचे अभिभावकों ने कहा कि 25 मार्च को को अध्यक्ष व परिवहन आयुक्त राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक हुई। इसमें निजी स्कूलों में शिक्षारत छात्र-छात्राओं के बस एवं वैन के माध्यम से परिवहन के लिए मासिक परिवहन शुल्क को 2200 से लेकर 3700 रुपये तक प्रतिमाह कर दिया है। पहले से ही गरीब एवं मध्यमवर्गीय अभिभावकों पर महंगी होती जा रही शिक्षा व्यवस्था, यथा महंगी किताबें, महंगी स्कूल ड्रेसें, ट्यूशनों के कारण बच्चों की शिक्षा के खर्च को वहन कर पाना भारी पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इन बढ़ी दरों पर निर्धारित कर अभिभावकों पर अत्यधिक आर्थिक भार पड़ना तय है। कारण एसटीए का आदेश दिखाकर संगठित निजी स्कूल एसोसिएशन ने परिवहन शुल्क वृद्धि करना संभावित है। इस जनहितकारी मामले में सभी अभिभावक आपसे निवेदन करते हैं कि व्यापक जनहित में इन आदेशों को तत्काल वापस लिया जाए अन्यथा अभिभावक आंदोलन को बाध्य होंगे।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद जगदीश तनेजा, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश गौरी, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल, समाजसेवी सुरेंद्र गाबा, पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, हैप्पी रंधावा, सुनील छाबड़ा, कमल पांडे, अशोक कुमार, विक्की कुमार, करण कुमार, सुरेश वाधवा, प्रवीन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## घर से लाखों की चोरी करने वाले निकले तीन किशोर

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में निशांत के घर लाखों की चोरी करने वाला और कोई नहीं, बल्कि तीन किशोर निकले। पुलिस ने अभिरक्षा में लेने के बाद चोरी का सामान बरामद किया और किशोर न्यायालय गृह में भेज दिया।

थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि 25 मार्च को जनपथ रोड रुद्रा बिहार कॉलोनी निवासी निशांत सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 12 मार्च को उसके भाई का निधन हो गया था। 21 मार्च को भाई का दसवां था। जिस कारण उसकी पत्नी व सास गांव चले गए और वह दसवां कार्यक्रम में चला गया था। वापस लौटने पर पता चला कि चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी में रखे बीस हजार की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये है।

जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और चोरों की तलाश तेज कर दी थी। 26 मार्च को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन नाबालिग किशोर चोरों को पकड़ा और पुलिस अभिरक्षा में पूछताछ की और नाबालिगों की निशानदेही पर चोरी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर किशोर सुधार गृह भेज दिया है।

# एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी गेहूं की खरीद

- कुमाऊं में खोले जाएंगे 123 क्रय केंद्र, आरएफसी विभाग ने गेहूं खरीद की तैयारी की तेज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस बार कुमाऊं में गेहूं खरीद के लिए 123 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। ये क्रय केंद्र 31 मार्च को खोल दिए जाएंगे। इसको लेकर आरएफसी विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है।

यहां बता दें कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुमाऊं में 123 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। इसमें जनपद ऊधमसिंह नगर में 108 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिसमें खाद्य विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 व पीसीयू के 17 तौल कांटे खोले जाएंगे।

इसके अलावा नैनीताल जनपद में 12 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। इसमें खाद्य विभाग के 4 और सहकारिता विभाग के 8 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। जबकि चंपावत जनपद में 3 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। इसमें खाद्य विभाग के एक और सहकारिता विभाग के दो क्रय केंद्र खोले जाएंगे। 26 मार्च तक आरएफसी विभाग सभी तैयारियां पूर्ण कर लेगा। 31 मार्च को सभी क्रय केंद्रों में कांटे, बैनर और कर्मचारियों की ड्यूटी के साथ किसानों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध करा देगा। ताकि एक अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं खरीद में किसानों की किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

### इस बार किसानों को 160 रुपये अधिक मिलेगी एमएसपी

**रुद्रपुर :** आरएफसी विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार किसानों को 160 रुपया न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) अधिक मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपया प्रति कुंतल रखा हुआ है। जबकि विगत वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपया प्रति कुंतल था।

> कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुमाऊं में 123 क्रय केंद्र खोले गए हैं। सभी क्रय केंद्रों में 31 मार्च तक कांटे, बैनर और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी। विभाग की ओर से गेहूं खरीद की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।
> **-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

# हवन कुंड में आहुतियों के साथ गूंजे मंत्र



नीलकंठ धाम में पूजा अर्चना करते महापौर विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गंगापुर रोड स्थित श्री नीलकंठ धाम में आयोजित चैत्र नवरात्र महोत्सव का श्री रामनवमी के पावन पर्व पर हवन, कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया है। नौ दिनों तक चली माता की चौकियों के बाद आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में संपूर्ण क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

शुक्रवार सुबह धाम के महंत एवं नगर निगम महापौर विकास शर्मा के सानिध्य में हुआ। पंडित संतोष मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित भव्य हवन यज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति देकर सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इसके बाद भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन किया गया, जिसमें नन्ही कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और उन्हें उपहार व प्रसाद भेंट किए गए। इसके बाद विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चांद किशन शर्मा, चंद्रकांता शर्मा, अनिल चौहान, रामपाल सिंह, राकेश शर्मा, प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, राकेश सिंह, देव मेनन, चिराग कालड़ा, विवेक दीप सिंह, पारस चुघ, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, हिमांशु शुक्ला, हरवीर राठी, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रसेन गंगवार, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला आदि मौजूद रहे।



खटीमा में एलायंस क्लब की ओर से आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### एलायंस क्लब ने लगाया भक्तों के लिए भंडारा

**खटीमा :** एलायंस क्लब द्वारा नवरात्रि पर्व के उपलक्ष में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। माता को भोग लगाकर भक्तों को पूरी, सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। टनकपुर रोड पर लगाए गए इस भंडारे में माता के दर्शन को पूर्णागिरि धाम आने-जाने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज कन्याल ने मां दुर्गा से जग कल्याण की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर भक्ति में भी समय लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जगत जननी की भक्ति को सर्वोपरि माना गया है। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी, बादल सक्सेना, कमल गहतोड़ी, पंकज टम्टा, दीपक चंद, केसर पारुथी, नवनीत अरोड़ा, अंशदीप गंभीर, राहुल शर्मा, राकेश कुमार रॉक्सी, महेंद्र प्रताप पांडे और गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# संकीर्तन से माहौल हुआ भक्तिमय

संवाददाता, रुद्रपुर



श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन महोत्सव में मौजूद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल।

**अमृत विचार:** मुखर्जी नगर जगतपुरा में सार्वजनिक मां काली पूजा कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन महोत्सव में भक्ति और श्रद्धा की अविरल धारा बही। विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने हरे रामा-हरे कृष्णा का भावपूर्ण संकीर्तन कर संपूर्ण क्षेत्र के वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विशेष रूप से शिरकत की और संकीर्तन श्रवण कर क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन महोत्सव में पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि नाम संकीर्तन के माध्यम से ही मनुष्य को मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। संकीर्तन महोत्सव में ठाकुर हरषित संप्रदाय, श्री राधा कृष्ण संप्रदाय, श्री श्री गोपाल संप्रदाय, राधे राधे संप्रदाय, राधा रानी संप्रदाय और कृष्णदासी संप्रदाय जैसी प्रतिष्ठित कीर्तन मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष कनेक मंडल, महासचिव गौरव मंडल, श्यामा रंग, बलाई विश्वास, नारायण मंडल, अमृत लाल, तपन गोलदार, हरीश विश्वास, शंकर मंडल, हरेन अधिकारी, गोपाल रंग, सुरेन मंडल, सपन साना, मंटू साना, जयदेव मंडल आदि मौजूद रहे।

# किच्छा में कल गूंजेगी 51 जोड़ों की शहनाई

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सामाजिक सरोकारों को समर्पित ''अमर ज्योति सेवा संस्था'' के तत्वावधान में आगामी 29 मार्च को 51 निर्धन कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न होगा। नवीन मंडी स्थित अतिथि गृह में मीडिया से मुखातिब होते हुए संस्था अध्यक्ष व भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

आयोजन के अनुसार, 29 मार्च की सुबह 9 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित खेल मैदान से 51 दूल्हे बैंड-बाजे और बग्गी पर सवार होकर निकलेंगे। यह विशाल बारात नगर के मुख्य मार्गों—एमपी चौक, मुख्य बाजार और दीनदयाल चौक से होती हुई नई अनाज मंडी पहुंचेगी। इस पुनीत कार्य की गरिमा बढ़ाने के लिए अयोध्या, मुंबई, गुजरात और मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न कोनों से 108 वरिष्ठ साधु-संत शिरकत करेंगे, जो नव-दंपत्तियों को अपना आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम में लगभग 10 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। संस्था द्वारा निर्धन परिवारों की सहायता के उद्देश्य से प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप डबल बेड, गद्दे, ड्रेसिंग टेबल, मिक्सी, बर्तन और कपड़े जैसे रोजमर्रा के घरेलू सामान भेंट किए जाएंगे। दोपहर 2 बजे प्रीतिभोज के उपरांत विधि-विधान से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होगा और शाम 5 बजे विदाई की जाएगी। वार्ता के दौरान मंडी समिति अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल, प्रहलाद खुराना और गुड्डू राठौर ने क्षेत्रवासियों से राजनीति से ऊपर उठकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

# पुलिस ने दबोचे दो स्मैक माफिया

- 35 लाख कीमत, 103 ग्राम स्मैक बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर



अभियुक्तों के साथ पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने दो स्मैक माफिया को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में स्मैक भी बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्तों पर एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

शुक्रवार को एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि 26 मार्च को एएनटीएफ व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि रुद्रपुर काशीपुर हाईवे स्थित सर्विस लाइन मोड पर कार में कुछ संदिग्ध बैठे और नशे की तस्करी करने की फिराक में है। इसके बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर कार में सवार दो अभियुक्तों को दबोच लिया।

पूछताछ में अभियुक्त ने अमरजीत सिंह और सुखदेव सिंह निवासी खुशालपुर चौकी स्कैनिया थाना गदरपुर को बताया। तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से 103 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी कीमत 35 लाख रुपये आंकी गई है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त अमरजीत के खिलाफ एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट सहित तीन मुकदमा और सुखदेव सिंह के खिलाफ भी एनडीपीएस सहित दो मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# खूनी खेल खेलने निकले दो तमंचा धारी युवक गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बगवाड़ा पुलिस चौकी द्वारा रात्रि गश्त के वक्त ऐसे दो तमंचा धारियों को गिरफ्तार किया है जो खूनी खेल खेलने के लिए घर से निकला था और वारदात को अंजाम देने से पहले दारु पार्टी करने लगा। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 26 मार्च की देर शाम को बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि तीन युवक शुक्ला फार्म तीनपानी मार्ग पर कुछ युवक दारु पार्टी कर रहे हैं और सभी के पास तमंचे भी हैं। आपसी बातचीत में संदिग्ध युवक दारू पार्टी के दुश्मनों को सबक सिखाने की बात करते हुए संगीन वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

पुलिस ने घेराबंदी कर सबसे पहले पवन राठौर निवासी खेड़ा बस्ती को पकड़ा और तमंचा बरामद किया। इसके बाद दूसरे युवक सुमित सिंह राठौर से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनके कुछ युवकों से झगड़ा चल रहा है और पुरानी रंजिश होने के कारण युवकों ने फोन कर तीनपानी बुलाया था। वह ललकारने वाले युवक की हत्या करने के इरादे से आये थे।

**घर के अंदर खड़ी बाइक दो चोरों ने उड़ाई : खटीमा :** चकरपुर निवासी जगदीश सक्सेना के घर के अंदर खड़ी बाइक को दो चोर बृहस्पतिवार रात्रि में चुरा ले गए हैं। पीड़ित ने चकरपुर चौकी को सौंपी तहरीर में कहा है कि पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में चोर बीती रात्रि 2.38 से 2.47 बजे के मध्य बाइक को चुराते नजर आ रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनका पता लगा कार्रवाई करने और बाइक दिलाने की गुहार की है। अलबत्ता समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।


**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132
आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- अनिल कुमार, 9927028507

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से ''कर्जदार'' कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/ HDW/HDWN/AOOOOO0379 & CO/CPC/CPOP/AO000O0563 श्री मोहम्मद नसरुद्दीन और श्रीमती चंद तारा बेगम, ब्लॉक कॉलोनी वार्ड नं. 5 गदरपुर, गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152 | 31-08-2023 / 24-03-2026 सांकेतिक | ₹ 22,90,711 दिनांक 13-09-2023 तक + ब्याज इत्यादि | गाँव-बाराखेड़ा, तहसील-गदरपुर, जिला यूएसनगर पी. एस.-बाजपुर. पी एस सं. एनए खाता नं. 152 खसरा नं-38एस खा मिन, क्षेत्रफल 35 X 50- 1760 वर्गफुट/162.64 वर्गमीटर. प्लॉट/फ्लैट नं. -एन/ए उप-रजिस्ट्रार + जिला-बाजपुर, जिला यूएसनगर क्षेत्रफल सीमाएं: उत्तर-अली मोहम्मद की संपत्ति, दक्षिण-नाला और रास्ता, पूर्व-नूर मोहम्मद का मकान, पश्चिम-अख्तर की संपत्ति |

दिनांक : 27-03-2026, स्थान : हल्द्वानी    प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


**सफलता** 116 से अधिक बरामद हो चुके हैं कारतूस, एसएसपी ने बताईं पुलिस की उपलब्धियां

# 15 दिन में 77 हथियार बरामद, 64 अभियुक्तों पर केस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः तमंचे-पिस्टल लहराकर समाज को भयभीत करने वालों के खिलाफ जनपद पुलिस ने 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया और भारी संख्या में अवैध असलहा व कारतूस बरामद करने का दावा किया है। अभियान के बारे में एसएसपी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में ओवरलोड, नशा माफियाओं के खिलाफ आर्थिक तंत्र के अलावा अवैध असलहा पर अंकुश लगाना ही पुलिस का मकसद है।

शुक्रवार को एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि 12 मार्च से लेकर 26 मार्च तक जिले की पुलिस ने अवैध असलहों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया और कहा कि हैरानी की बात है। महज 15 दिन के इस अभियान में पुलिस ने 59 मुकदमे दर्ज करते हुए 64 अभियुक्तों की धरपकड़ की है। जिसके तहत 77 से अधिक अवैध हथियारों की बरामदगी की है। बरामदगी में 315 बोर की एक बंदूक, 71 तमंचे, तीन पिस्टल, दो पंप एक्शन गन, 116 कारतूस और चार खोखे शामिल हैं।

एसएसपी ने बताया कि अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। समाज को भयभीत करना अपराध की श्रेणी में आता है। कहा कि जिले में ओवरलोड वाहनों की रोकथाम, अवैध हथियारों की बिक्री पर रोक और नशा माफियाओं की संपत्ति कुर्क करने पर भी पुलिस का फोकस है। एसएसपी ने हिदायत दी कि यदि कोई भी व्यक्ति अवैध हथियार का खुलेआम प्रदर्शन करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जसपुर, रुद्रपुर, किच्छा पुलिस ने किया बेहतर कार्य

**रुद्रपुर :** 15 दिनों के विशेष अभियान के तहत जसपुर, रुद्रपुर और किच्छा पुलिस ने बेहतर रिकवरी करते हुए धरपकड़ की कार्रवाई की। जिसके तहत जसपुर ने सात मुकदमे, नौ अभियुक्त, सात तमंचे, दो पिस्टल, दो पंप एक्शन गन व 17 कारतूस, कोतवाली रुद्रपुर ने तीन मुकदमे, चार अभियुक्त, 11 तमंचे, एक पिस्टल, 30 कारतूस की बरामदगी की और कोतवाली किच्छा छह मुकदमे, 7 अभियुक्त गिरफ्तार, 10 तमंचे, 22 कारतूस के अलावा एक शस्त्र प्रदर्शन का मुकदमा दर्ज कर दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की।

### गोपनीय रखा जाएगा नाम: एसएसपी



**रुद्रपुर :** एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर है। यदि कोई भी व्यक्ति हथियारों का खुला प्रदर्शन करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। इसके अलावा जिले में किसी भी स्थान पर कोई व्यक्ति आपराधिक गतिविधियां या अपराध करता हुआ दिखाई देता है तो पुलिस हेल्पलाइन 112 पर फोन की सूचित कर सकता है। सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा।

## कस्टमर केयर बन हड़पे एक लाख

**रुद्रपुर:** कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर एक व्यक्ति से एक लाख रुपये ठगी होने का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठाकुर नगर ट्रांजिट कैंप निवासी धर्मपाल ने बताया कि 22 फरवरी को उसने बल्ली फंटी वाले को 8670 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया था। जब भुगतान दुकानदार तक नहीं पहुंचा तो उसने यूट्यूब पर सर्च कर कस्टमर केयर का नंबर निकाला। थोड़ी ही देर में खुद को कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बताते हुए कॉलर ने उससे बातचीत की और व्यवस्था सुधार संबंधी जानकारी लेने लगा। कुछ देर बाद मोबाइल पर एक लाख रुपये निकासी का मैसेज आया और जब कॉलर को फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा।

**ब्रीफ न्यूज**

### शांतिपुरी में राम कथा का आयोजन कल से

**शांतिपुरी :** श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक 10 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ 29 मार्च को प्रात : 8 बजे भव्य कलश यात्रा से होगा। कथावाचक बाल विकास कपिल देव महाराज द्वारा प्रतिदिन कथा वाचन किया जाएगा। समापन 7 अप्रैल को पूर्ण आहुति, महाप्रसादी व भंडारे के साथ होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



बाल विकास कपिल देव महाराज।

### अनियंत्रित डंपर मकान की दीवार में घुसा

**बाजपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान की बाउंड्री वॉल में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मकान की दीवार का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह धराशायी हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त दीवार के पास कोई मौजूद नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर अत्यधिक गति में था और चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही दोराहा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से डंपर को मलबे से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार माना जा रहा है।

### टायर फटने से भूसे से भरा ट्रक पलटा

**बाजपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोराहा क्षेत्र के पास गुरुवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। भूसे से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे दूरी सूचक (साइन बोर्ड) के पोल से जा टकराया और पलट गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का चालक केबिन के भीतर ही फंस गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच सकी। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा और यातायात भी बाधित हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और यातायात सुचारु कराया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इस विशेष स्थान पर पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं।

## मास्टर्स गेम्स में प्रेम व महेंद्र ने जीते कई पदक

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** चंडीगढ़ में आयोजित मास्टर्स नेशनल गेम्स में वरिष्ठ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया कि खेल के प्रति समर्पण उम्र का मोहताज नहीं होता।

शांतिपुरी क्षेत्र के खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय मंच पर कई पदक जीतकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। 22 से 25 मार्च 2026 तक चली इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 1500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ग्राम जवाहर नगर निवासी पूर्व सैनिक प्रेम सिंह देउपा ने 60 से 65 आयु वर्ग में हिस्सा लेते हुए 300 मीटर बाधा दौड़ और ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जबकि 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक हासिल किया। वहीं रुद्रपुर निवासी महेंद्र कुमार ने 50 से 55 आयु वर्ग में 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। खिलाड़ियों की इस सफलता ने न सिर्फ क्षेत्र का नाम रोशन किया है, बल्कि युवाओं और अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं।



पूर्व सैनिक प्रेम सिंह देउपा।

### कांग्रेस को हाशिए पर लाने वाले ठुकराल ही बनेंगे पार्टी के खेवनहार, कांग्रेस से ही चुनाव लड़ने का कर दिया ऐलान

## तमाम विरोध के बीच कांग्रेस का हाथ थामेंगे ठुकराल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार साल से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की स्थायी सियासी ठौर तलाश खत्म होने जा रही है। कांग्रेस की ओर से हरी झंडी मिलते ही ठुकराल ने नए सियासी ठिकाने को लेकर मन की बात सार्वजनिक कर दी है। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने और इसी पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर विरोधियों की बेचैनी बढ़ा दी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पूर्व विधायक ठुकराल की शनिवार को दिल्ली में ज्वाइनिंग होनी तय है।

दरअसल, रुद्रपुर कभी कांग्रेस का गढ़ होता था। वर्ष 2011 में हुए सांप्रदायिक दंगे ने कांग्रेस की जमीन को खिसका दिया था। भाजपा की नई जमीन के साथ राजकुमार ठुकराल विधानसभा चुनाव में पार्टी का चेहरा बने और कांग्रेस को पटकनी देकर दो बार विधायक बने थे। उन्होंने कांग्रेस की जमीन ऐसी खिसकाई कि पार्टी न विधानसभा और न ही निकाय चुनाव में वापसी कर सकी। पार्टी का बड़ा धड़ा टूटकर भाजपा में शामिल हो गया। लगातार हार से पार्टी कार्यकर्ता भी मायूस हैं।

इधर, पिछले चुनाव में उनका टिकट भाजपा से कटा और वे निर्दलीय चुनाव में हार गए थे। भाजपा से निष्कासन के बाद से ही वे पार्टी में वापसी के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए थे। इतना ही नहीं उन्होंने निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विकास शर्मा का समर्थन भी किया था। लेकिन विधायक ने उनकी वापसी नहीं होने दी। एक साल से वे कांग्रेस में शामिल होने के लिए प्रयासरत थे। पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा के साथ कथित ऑडियो के विवाद के बाद उपजे विरोध के स्वरों ने एंट्री के इंतजार को बढ़ा दिया। बावजूद ठुकराल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम आला नेताओं के संपर्क में बने रहे। सूत्रों के अनुसार हाल में ही उन्होंने देहरादून के अलावा दिल्ली में कांग्रेस प्रभारी सहित तमाम बड़े नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद से कांग्रेस में उनकी एंट्री लगभग तय मानी जा रही थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार पूर्व विधायक ठुकराल की शनिवार को दिल्ली में ज्वाइनिंग होनी तय है।

**तराई की राजनीति में ठुकराल हैं बड़ा चेहरा**

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का रुद्रपुर ही नहीं बल्कि तराई की राजनीति में बड़ा कद है। वे एसबीएस डिग्री कॉलेज के तीन बार अध्यक्ष होने के साथ ही पालिकाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे दो बार विधायक बने और पिछला चुनाव हारकर तीन नंबर पर रहे थे। चुनाव में हारने के बावजूद उनकी सक्रियता कम नहीं हुई और वे मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं से कहीं आगे बढ़कर जनता के मुद्दों पर मुखर रहे हैं। उनकी पहचान जमीनी नेता के रूप में रही है। वे निकाय चुनाव के साथ ही पंचायत चुनाव में भी दमखम दिखा चुके हैं। फिलहाल जनता के बीच वे लोकप्रिय और चर्चित चेहरा हैं।

> मेरे साथ कई बार गलत किया है। मेरा भाजपा से टिकट काटा गया, जबकि मैंने कोई अपराध नहीं किया था। भाजपा का मेयर बनाया तब उनके साथ धोखा किया गया। वे कब तक धोखे बर्दाश्त करेंगे। वे अब आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़ेंगे। अपनी सीट के अलावा तीन अन्य सीटें भी कांग्रेस की झोली में जिताकर डालेंगे।
> **-राजकुमार ठुकराल**, पूर्व विधायक, रुद्रपुर



## चीनी मिल के सीजनल कर्मकार ने फांसी लगाई

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अज्ञात कारणों के चलते सहकारी चीनी मिल के एक सीजनल कर्मकार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



प्रेमपाल (फाइल फोटो)।

ग्राम जोगीपुरा नई बस्ती बाजपुर निवासी 40 वर्षीय प्रेमपाल सिंह सहकारी चीनी मिल बाजपुर में सीजनल कर्मकार के रूप में कार्यरत था और मिल की आवासीय कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहा था। बताया जाता है कि शुक्रवार को दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे उसने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और उसे तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई धीरेंद्र परिहार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक नशे का आदी था और घटना के दिन भी वह शराब के लिए परिजनों से पैसे मांग रहा था। कम पैसे मिलने पर उसने नाराजगी जताई थी। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पत्नी रीना व अन्य स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मेले से लौट रहे बिहार के मजदूर की मौत**

**खटीमा :** क्षेत्र में गन्ने की कटाई के लिए बिहार से आए एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बृहस्पतिवार रात मेला देखकर लौटते समय वह रास्ते के किनारे बेसुध पड़ा मिला, जिसे अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, पश्चिमी चंपारण (बिहार) के बेतिया जिला अंतर्गत श्रीशिलचर मठिया निवासी बिंदा मांझी (38) पुत्र धनेसर मांझी, खटीमा के दाह ढाकी गांव में मजदूरी करने आया था। बृहस्पतिवार शाम खेत में गन्ने की कटाई का काम निपटाकर वह साइकिल से पास के बाजार में लगा मेला देखने गया था। देर रात तक वापस न लौटने पर जब साथियों ने खोजबीन की, तो वह रास्ते के किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला। साथी मजदूर उसे तत्काल उप जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक के साथियों ने बताया कि बिंदा शादीशुदा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत नशे की हालत में गिरने से हुई है या किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी है। पुलिस के अनुसार, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## जीएसटी चोरी कर माल ला रहे सात वाहन पकड़े

- राज्य कर विभाग की एसआईबी ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग की एसआईबी ने उत्तर प्रदेश व दिल्ली से जीएसटी चोरी का माल ला रहे सात वाहनों को पकड़ा है।

राज्य कर अधिकारियों के अनुसार, किच्छा मोबाइल टीम ने आकर्ष ट्रांसपोर्ट के एक वाहन को पकड़ा है। जबकि रुद्रपुर सचल दल ने सोमेश्वर लॉजिस्टिक्स का एक वाहन तथा आकर्ष दिल्ली ट्रांसपोर्ट के तीन वाहन पकड़ने में सफलता हासिल की है। राज्य कर विभाग की टीम लगातार टोल प्लाजा पर निगरानी कर रही है जिसके कारण बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी का माल पकड़ा गया है। इसके अलावा किच्छा में स्क्रैप लेकर जा रहा एक वाहन, रुद्रपुर में एक वेजिटेबल ऑयल का टैंकर भी जांच के लिए रोका गया है।

वेजिटेबल ऑयल के टैंकर पर 13 लाख व स्क्रैप से 2.75 लाख का टैक्स जमा कराया है। जीएसटी चोरी के खिलाफ राज्य कर विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़े गए वाहनों के भौतिक सत्यापन की कार्यवाही के लिए अलग से टीमें गठित कर दी गई हैं। टीम में एसी जीशान मलिक एवं प्रदीप चन्द्र, सतीश पाल सिंह, सोमपाल, मिनिष भट्ट, मुकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।



पकड़े गए वाहन के साथ राज्य कर विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## सिटी कॉन्वेंट में धूमधाम से मनाया यूकेजी ग्रेजुएशन डे

**खटीमा:** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में यूकेजी कक्षा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे समारोह बड़े ही उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।
बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किए। यूकेजी के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट, रिपोर्ट कार्ड एवं विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्थापक प्रबंधक उपाध्याय ने अभिभावकों के सहयोग को सराहा। प्राचार्या सक्सेना ने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित ग्रेजुएशन डे पर बच्चों को प्रमाणपत्र देते संस्थापक।

## उन्नत गन्ना बीज से आय बढ़ाने की तैयारी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर है। किच्छा चीनी मिल द्वारा उन्नत तकनीक से तैयार ''एक आंख'' वाला गन्ना बीज किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। चीनी मिल के इस कदम से किसानों में उत्साह है और इस विशेष पौध की मांग लगातार बढ़ रही है।

चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मिल प्रशासन द्वारा किसानों की मांग पर उत्तम प्रजाति का गन्ना बीज तैयार किया गया है। वर्तमान में मिल द्वारा सीओएस 17231 एवं सीओएलके 15206 जैसी उन्नत किस्मों का बीज तैयार कर किसानों को उचित दर पर दिया जा रहा है, ताकि वे कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकें। बसंत कालीन बुवाई हेतु अब तक लगभग 16 हजार पौधे तैयार किए जा चुके हैं और यह कार्य निरंतर प्रगति पर है।

अधिशासी निदेशक ने बताया कि ग्राम तीलियापुर निवासी किसान रामदेव सिंह को 8 हजार और हल्दूचौड़ के किसान विपिन चंद्र कांडपाल को भी उन्नत बीज उपलब्ध कराया जा चुका है। मिल ने अपनी नर्सरी का दायरा बढ़ाते हुए इस वर्ष शरदकाल में लगभग 12 एकड़ क्षेत्रफल में गन्ना बीज की बुवाई कराई है। मर्तोलिया ने किसानों से अपील की है कि वे अधिक पैदावार के लिए इन उन्नत किस्मों का प्रयोग करें।



किसान को गन्ना बीज भेंट करते अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया।

## महानवमी पर हवन- यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर में महिला संगठन के तत्वावधान में बसंती पूजा महोत्सव से माहौल भक्तिमय हो उठा। मां बसंती देवी की महानवमी पूजन के बाद हवन- यज्ञ में दर्जनों श्रद्धालुओं ने आहुति दी। चैत्र नवरात्र पर मां बसंती की विशेष महानवमी विहित पूजन की गई।

शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में पुरोहित बनवाली चक्रवर्ती ने 108-108 बेलपत्र, धूप का स्वामित्व व 25 यज्ञ स्वामित्व चढ़ाएं। मां बसंती के चरणों में कच्चा नारियल, पंचमेवा, फल, पान, सुपारी, लाल बस्त्र की आहुति अर्पित की। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर मां को नमन किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, जमुना मंडल, सविता बैरागी, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णका, पारुल मंडल, श्रृति राय, सोनिया हालदार, सरस्वती विश्वास, सुधा चक्रवर्ती, बसंती चक्रवर्ती, विनीता बैरागी, प्रीति बैरागी, सुजाता राय, ज्योति मंडल मौजूद रहे।



दिनेशपुर में महानवमी पर हवन करवाते पुरोहित बनवाली चक्रवर्ती।



सनातन धर्म मंदिर में माता का श्रृंगार करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### रामनवमी पर सनातन धर्म मंदिर में माता रानी का किया भव्य श्रृंगार

**सितारगंज** : रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी का भव्य श्रृंगार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शुक्रवार को सनातन धर्म मंदिर कमेटी के सदस्य महेश मित्तल ने बताया कि उनके परिवार ने 50 साल पहले माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की थी। तभी से हर साल दोनों नवरात्रों में माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां काली के स्वरूप में विराजमान माता रानी अपने भक्तों के सभी कष्ट हरती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। इस मौके पर कपिल मित्तल, बुधराम मित्तल, गोविंद मित्तल, गणेश मित्तल, राकेश बंटी, संजय मित्तल, आकाश मित्तल, प्रियांश मित्तल, सरिता मित्तल, संगीता मित्तल, ममता मित्तल, गिरिजेश मित्तल, निशा मित्तल, श्वेता मित्तल, विशाखा गोयल, गरिमा जैन, सुधा जिंदल, सीमा गोयल, हेमा पांडे, लक्ष्मी गोयल कामिनी बोरा आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, कैबिनेट मंत्री ने किया उद्घाटन

## नशे के खिलाफ युवाओं ने भरी 'उड़ान'

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** "उड़ान उत्तराखंड" अभियान के तहत, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में, स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया। टूर्नामेंट में विधानसभा क्षेत्र की करीब 40 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

उद्घाटन अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए, खेलों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले नशा मुक्ति के संदेश को लेकर, मैराथन दौड़ आयोजित की जा चुकी है। यह क्रिकेट प्रतियोगिता, उसी श्रृंखला का दूसरा चरण है। आगे विधानसभा क्षेत्र में वॉलीबॉल प्रतियोगिता और युवतियों के लिए विशेष खेल आयोजन भी किए जाएंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने युवा खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, मयंक अग्रवाल, मनोज सरकार, तारक मंडल, देबू मंडल, प्रशांत मंडल, संजीत हालदार, विक्रम सिंह भंडारी, राघव सिंह, विक्की राय, नारायण सरदार, विधान सरकार, आदेश ठाकुर, कृपा सिंधु हीरा, गुरजीत सिंह, अमरजीत कटवाल, विक्रम सिंह, विश्वजीत हालदार मौजूद रहे।




उद्घाटन समारोह को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

**मैदान में उतरे मंत्री ने लगाए चौके-छक्के**

**शक्तिफार्म :** स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के दौरान, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने, राजनीति मैदान से हटकर खेल के मैदान में भी हाथ आजमाए और जमकर चौके-छक्के लगाए। उन्होंने खिलाड़ियों को उन्हें आउट करने पर इनाम देने की घोषणा भी की, लेकिन खिलाड़ी उन्हें आउट करने में सफल नहीं हो सके और मंत्री पिच पर डटे रहे।

## साझेदारी फर्म में करोड़ों का गबन

**सितारगंज:** ग्राम मलपुरी स्थित एक साझेदारी फर्म में करोड़ों रुपये के गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने फर्म के मुख्य हिस्सेदार के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

फर्म की 20 प्रतिशत की हिस्सेदार मीना जिंदल ने आरोप लगाया कि उनके रिश्तेदार और वर्किंग पार्टनर मदन लाल गोयल (उर्फ मदन लाल अग्रवाल) ने फर्म के संचालन की जिम्मेदारी का फायदा उठाकर लगभग 31.80 करोड़ रुपये का गबन किया है। पीड़िता के अनुसार, गबन का खुलासा तब हुआ जब बैंक से 25 करोड़ रुपये की क्रेडिट लिमिट पर ब्याज न चुकाने का नोटिस मिला।

## छतरपुर में रेलवे स्टेशन बनाने की मांग

- युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशोर कुमार ने रेल मंत्री के नाम का ज्ञापन एडीएम पंकज उपाध्याय को सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए छतरपुर में रेलवे स्टेशन बनाने और छतरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज शीघ्र बनाने की मांग की।

युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशोर कुमार ने बताया कि पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तारण के कारण हल्दी रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए बंद किए जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के रेल यात्रियों को पंतनगर से चढ़ने व उतारने के लिए रुद्रपुर रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। उन्होंने रेल यात्रियों के लिए छतरपुर में रेलवे स्टेशन बनाने की मांग की। उन्होंने बताया लंबे समय से छतरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की मांग क्षेत्रवासियों की जा रही है। उन्होंने कहा कि गदरपुर-मटकोटा मुख्य मार्ग से हल्द्वानी मार्ग को जोड़ने और सिडकुल व जिला मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ राहगीर की परेशानी को देखते हुए केंद्र सरकार को शीघ्र फ्लाई ओवर ब्रिज बनाना चाहिए। उन्होंने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर शीघ्र बनवाने की मांग की।



एडीएम पंकज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपते युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशोर कुमार।

## सिटी ब्रीफ

### नंगली आश्रम में सत्संग

**काशीपुर :** सुभाष नगर स्थित श्री विवेक प्रेम ट्रस्ट नंगली आश्रम में श्रीराम नवमी और श्री अद्वैत मत के संस्थापक श्री स्वामी अद्वैतानंद परमहंस महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सत्संग में ट्रस्ट अध्यक्ष स्वामी शुद्ध महेशानंद पुरी महाराज ने भक्तों को प्रभु राम के आदर्शों पर चलने और माता-पिता की आज्ञा पालन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर खुशियां मनाई गईं। ट्रस्ट सचिव रुचि बाई ने बताया कि आश्रम स्थित रामलला दरबार में प्रभु के बाल स्वरूप के दर्शन हेतु भारी भीड़ उमड़ी। सत्संग के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अलग-अलग जगह से दो बाइकें चोरी

**काशीपुर :** अलग-अलग स्थानों से घर के बाहर खड़ी दो बाइकें चोरी हो गईं। बाइक स्वामियों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला कटोराताल निवासी मो. शमीम अंसारी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बाइक कुछ दिन पूर्व उनके घर के बाहर खड़ी थी, जिस पर ताला लगा हुआ था। इसी दौरान चोर बाइक चोरी कर ले गया। वहीं आईटीआई कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में शांतिनगर निवासी अर्जुन सिंह ने बताया कि बीती 23 मार्च की रात 8 बजे उसने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था जिसे चोर चोरी कर ले गये। बाइक स्वामियों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाया

**काशीपुर :** एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। ग्राम ब्रहमनगर निवासी एक महिला की जहरीले पदार्थ से हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### जसपुर में ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जसपुर :** बाइक सवार को टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ मृतक के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया है। मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा स्थित ग्राम टाण्डा अफजल निवासी उदयपाल सिंह ने कहा कि उसका छोटा भाई कपिल कुमार अपनी माता मुन्नी देवी को दवा दिलाने बाइक से जसपुर आ रहा था। बहादुर पेट्रोल पम्प से पहले जसपुर भूतपुरी मार्ग पर पीछे से आये ट्रक के अज्ञात चालक ने लापरवाही से बाइक में गलत साइड जाकर टक्कर मार दी। हादसे में कपिल कुमार की मौत हो गयी। मृतक के भाई उदयपाल ने ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जसपुर में नगर पालिका की बोर्ड बैठक आज

**जसपुर :** नगर पालिका की बोर्ड की बजट बैठक आज शनिवार को होगी। पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट ने बताया कि सुबह 11 बजे से पालिका सभागार में बजट, तहबाजारी की संशोधित उपविधि बनाने, ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियंत्रण उपविधि बनाने के विशेष प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके अलावा अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से पास होंगे।

### भाकियू की मासिक बैठक आज

**जसपुर :** भाकियू की मासिक बैठकशनिवार को आहूत होगी। भाकियू युवा ब्लाक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को करीब 10 :30 बजे अनाज मंडी सभागार में किसानों की बैठक होगी। बैठक में गेहूं की फसल, गन्ने का भुगतान समेत कई समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

# आस्था: चैती मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

## मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से नारियल मंदिर परिसर में नहीं फेंकने की अपील की

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर चैती मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चैती मेला परिसर स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में मां का डोला आने के बाद से श्रद्धालुओं का रैला उमड़ रहा है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

वहीं शुक्रवार को चैत्र मास की नौमी पर शुक्रवार की सुबह से देर रात तक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं को कई-कई घंटे कतार में लगाना पड़ा। वहीं मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं को नारियल मंदिर में नहीं फेंकने और मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही नारियल चढ़ाने की व्यवस्था की है। बताया कि भीड़ अधिक होने पर श्रद्धालु नारियल फेंक कर मंदिर में चढ़ाते थे। ऐसे में कई बार अन्य श्रद्धालुओं व सेवादारों के सिर पर नारियल लगने से चोट लग जाती थी। इसको ध्यान में रखकर श्रद्धालुओं में मां भगवती के दरबार पर नारियल नहीं लेकर जाने की ध्वनि प्रसार यंत्र से सचेत किया जा रहा है। उधर चैती मेले में लगे झूले, अस्थाई दुकानों पर फायर विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान जहां खामियां पाई गई, उनको दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि चैती मेले में लगे झूले, अस्थाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें झूला स्वामी को प्रत्येक इवेंट पर फायर एक्सटिंग्विशर, तारों की मजबूती से टाइपिंग और इंसुलिट वायरिंग का इस्तेमाल करने के लिए निर्देशित किया। समस्त प्रतिष्ठान वालों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दुकान पर फायर एक्सटिंग्विशर स्थापित करेंगे और संपूर्ण मात्रा में ड्रम में पानी रखेंगे। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि चैती मेले के दौरान फायर की एक गाड़ी खड़ी रहती है, ताकि समय रहते एक्शन लिया जा सके।

### जसपुर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई रामनवमी

**जसपुर :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व यहां बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्रवार को नगर के ठाकुर मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, धर्मशाला मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। भगवान राम का दुग्धाभिषेक कर उन्हें नए वस्त्र और आभूषण धारण कराए गए। ठाकुर मंदिर में दोपहर तक भक्तों ने भजन कीर्तन किए। दोपहर बाद मंदिरों में शंख और घंटों की ध्वनि के साथ आरती की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। चैत्र नवरात्रि के समापन पर भक्तों ने घरों में कन्या पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें उपहार भेंट किए।

## सहजयोग ध्यान की जानकारी दी गई

**बाजपुरः** राजकीय महाविद्यालय बाजपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों को सहजयोग ध्यान की जानकारी दी गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने ध्यान के माध्यम से मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला।

सहजयोग उत्तराखंड के पूर्व स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने बताया कि ध्यान कोई करने की क्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसी अवस्था है जिसमें व्यक्ति स्वयं ही पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः व्यक्ति के विचार भूतकाल या भविष्य में भटकते रहते हैं, जिससे तनाव उत्पन्न होता है और शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक असंतुलन पैदा होता है। उन्होंने बताया कि श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रतिपादित सहजयोग ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति निर्विचार अवस्था में पहुंचकर वर्तमान में जीना सीखता है। सकारात्मक सोच विकसित करने में यह ध्यान पद्धति अत्यंत कारगर है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को शरीर में स्थित इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना नाड़ियों तथा सात चक्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार सैनी, मनोज चौबे, डॉ. प्राची फर्त्याल आदि उपस्थित रहे।

# अतीक संजोए हैं नेपाल की 'लुंगी पंजा' परंपरा



काशीपुर में तैयार किया हुआ लुंगी पंजा दिखाते अतीक। ● अमृत विचार

करन सिंह, काशीपुर

**अमृत विचार :** सरहदों के पार भी परंपराएं कैसे जीवित रहती हैं, इसका जीवंत उदाहरण काशीपुर के मोहल्ला अल्ली खां निवासी हस्तशिल्पकार मोहम्मद अतीक हैं। अतीक पिछले 35 वर्षों से नेपाल की विशेष सांस्कृतिक पहचान ''लुंगी पंजा'' बनाने के अपने पुश्तैनी काम को बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। यह कला केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि दो देशों के बीच एक मजबूत सांस्कृतिक सेतु भी है।

अतीक ने बताया कि नेपाल में, विशेषकर तिब्बती बौद्ध समुदाय में विवाह समारोह ''लुंगी पंजा'' के बिना अधूरा माना जाता है। यहां तक कि इसके बिना विवाह में ''भात'' (भोजन) की रस्म भी पूरी नहीं होती। वे मुख्य रूप से तीन प्रकार की लुंगी—सोलहा पंजा, फूल वाली बूटी और डब्लू वाली—तैयार करते हैं। अतीक अपनी तीसरी पीढ़ी के रूप में इस कला को जीवित रखे हुए हैं। उनसे पहले उनके पिता और दादा भी यही पुश्तैनी कार्य करते थे।

### अतीक को मिल चुका है राज्य दक्षता पुरस्कार

हस्तशिल्प कला में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तराखंड सरकार के उद्योग निदेशालय ने वर्ष 2010 में अतीक को राज्य दक्षता पुरस्कार (तृतीय स्थान) से सम्मानित किया है। अतीक के अनुसार, जब उन्होंने यह कार्य शुरू किया था, तब एक लुंगी की कीमत मात्र 50 रुपये होती थी, जो आज बढ़ती मांग के कारण 500 रुपये तक पहुंच गई है। अपनी इस कला के दम पर वे न केवल परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, बल्कि उत्तराखंड का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स का धरना जारी

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में धरने पर बैठे उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के आह्वान पर 27 सूत्रीय मांगों के समाधान को लेकर चरणबद्ध आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है।

काशीपुर सहित जनपद ऊधम सिंह नगर में अभियंताओं का विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में 10 फरवरी 2026 को आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के दौरान शासन-सरकार के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की गई थी। आरोप लगाया कि बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज तक मांगों पर कोई ठोस एवं सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अभियंताओं में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को काशीपुर शाखा के अंतर्गत समस्त अभियंताओं ने सिंचाई विभाग परिसर में धरना देते हुए शासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो आगामी चरण में आंदोलन को और अधिक व्यापक और प्रभावी बनाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। चेताया कि जरूरत पड़ने पर जनपद में विकास कार्यों को पूरी तरह ठप कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। अध्यक्षता इंजीनियर नरपत सिंह राजपूत ने की। संचालन रोहित कुमार ने किया।

## अवैध टैक्सी स्टैंड पर एआरटीओ ने मारा छापा

**काशीपुर :** पुरानी अनाज मंडी के समीप पटेलनगर मोड़ स्थित अवैध टैक्सी स्टैंड पर एआरटीओ द्वारा की गई छापामार कार्रवाई के दौरान कई चालक वाहनों को मौके से लेकर फरार हो गये। एआरटीओ ने मौके पर मौजूद टैक्सी चालकों का मोबाइल नंबर लेकर अराजकता फैलाने पर टैक्सी परमिट निरस्त करने की चेतावनी दी। एआरटीओ प्रर्वतन संदीप वर्मा ने पुरानी अनाज मंडी के समीप पटेलनगर मोड़ पर संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड पर छापा मारा। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। एआरटीओ संदीप वर्मा ने बताया कि कथित टैक्सी स्टैंड पर चालकों द्वारा अराजकता फैलाने, गाली-गलौज करने की शिकायत मिली थीं। इस पर यह कार्रवाई की गई है।

# ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से जाम

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में बीच बाजार में जाम लगाकर खड़ा ई-रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर में यातायात के बढ़ते दवाब और ई-रिक्शा-टेंपो चालकों की मनमानी से जनता परेशान है। पुलिस- प्रशासन के तय किए नियमों को ताक पर रखकर ई-रिक्शा और टेंपो चालक निर्धारित रूटों के बजाय मनमाने रास्तों पर दौड़ रहे हैं। मेन बाजार, रतन सिनेमा रोड पर इन रिक्शाओं से लगातार जाम बना रहता है। प्रशासन की सख्ती के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

काशीपुर के मुख्य चौराहे और मार्ग दिनरात ई-रिक्शा और टेंपो से घिरे रहते हैं। कमाने की लालच में चालक वाहनों को सड़क के बीचों बीच खड़ी कर देते हैं। इससे दूसरे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। वहीं रात में ई-रिक्शा चालक निर्धारित रूटों को दरकिनार कर देते हैं और सवारियों से मनमाने रेट वसूलते हैं। इधर उधर ई-रिक्शा दौड़ने से हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं रात के समय भारी वाहन शहर से गुजरते हैं तो कई बार ई-रिक्शा अक्सर बड़े वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। वहीं सवारी ढोने वाले ई-रिक्शा ओवर लोड सामान भर कर यातायात नियमों को दरकिनार कर वे सड़कों पर दौड़ते रहते हैं।

# पुत्रवधू समेत ससुराल के सात लोगों पर केस

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत महुवाडाबरा की एक महिला ने अपनी पुत्रवधू और उसके सात परिजनों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

महुवाडाबरा निवासी संतोष देवी पत्नी प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके छोटे पुत्र मयंक चौहान का विवाह मुरादाबाद निवासी कृतिका उर्फ पूर्वी के साथ हुआ था। आरोप है कि बीते 22 फरवरी को कृतिका के पिता महेंद्र सिंह, माता सुमन, भाई अभिनव व शौर्य, मौसेरा भाई तरुण और ससुर के दोस्त मनोज वर्मा समेत अन्य लोग उनके घर पहुंचे। घर पर ताला लगा होने के कारण आरोपियों ने बाहर जमकर हंगामा काटा और ग्रामीणों के सामने अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता का आरोप है कि जब वे कोतवाली में शिकायत कर वापस लौट रहे थे, तब आरोपियों ने रास्ते में उनके पुत्रों मोहित, मयंक और पुत्रवधू श्वेता के साथ मारपीट की। साथ ही दोबारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। नादेही चौकी इंचार्ज संतोष देवरानी ने बताया कि संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहनता से विवेचना की जा रही है।

## तेज हवा और हल्की बारिश से बदला मौसम

**काशीपुरः** शुक्रवार दोपहर अचानक बदले मौसम के मिजाज ने क्षेत्र के बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश और आंधी के कारण आम व लीची के पेड़ों पर लगा बौर (फूल) झड़ गया। हालांकि, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान स्थिति में नुकसान अभी बहुत अधिक नहीं है।

उद्यान उपनिदेशक यामिनी सनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शुरुआती आंधी से आंशिक नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन अभी भी अच्छी पैदावार की पूरी उम्मीद है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में ओलावृष्टि होती है, तो आम और लीची की फसल को भारी क्षति पहुंच सकती है। फिलहाल विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# रंगोत्सव में पेश किए कला के नमूने



जसपुर महुआडाबरा के नेहरू राइंका में पुरस्कृत बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** महुआडाबरा के नेहरू राइंका के रंगोत्सव में चित्रकला, ऐपण, मेहंदी, रंगोली की प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी कला के नमूने पेश किए। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बीएम लाल ने किया। रंगोली प्रतियोगिता में जिया नूर प्रथम, उपासना द्वितीय एवं अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। मेहंदी में आलिया अव्वल तो सोफिया दूसरे और निशा तीसरे स्थान पर रहीं। चित्रकला में खुशी पहले, जिया नूर दूसरे तो जेबा तीसरे स्थान पर रही। उत्सव और ऐपण में खुशी प्रथम, हेमा द्वितीय, यामिनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों समेत शिक्षक राजेश चौधरी, मोनिका, नीतू सैनी को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य बीएम लाल, नाजिम कमर, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉ.तजम्मुल हसन, अजय कुमार, अरुण वर्मा, केपी सुमन, जयवीर सिंह, नूतन रानी, नफीस अहमद, राम सजीवन मौजूद रहे।

## कनाडा भेजने के नाम पर की ठगी

**बाजपुरः** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का एक और मामला प्रकाश में आया है। ग्राम बाजपुर निवासी शमी ने कोतवाली पहुंचकर तीन एजेंटों के खिलाफ लाखों रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पीड़ित के अनुसार, उसने अपने भतीजे मुजीबुर्रहमान और भांजे समीर को कनाडा के टूरिस्ट वीजा पर भेजने के लिए परिचित एजेंटों से 20 लाख रुपये में सौदा किया था। शुरुआती भुगतान के रूप में 6.44 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए, जबकि शेष राशि कनाडा पहुंचने पर देनी तय हुई थी। आरोप है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो वीजा मिला और न ही पैसे वापस किए गए।

**आस्था** | चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन महानवमी का पर्व पूरे क्षेत्र में अपार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# महानवमी पर कन्या पूजन और भंडारों में बांटा प्रसाद

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन महानवमी का पर्व पूरे क्षेत्र में अपार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह से ही घरों और मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और सामर्थ्य अनुसार उपहार व दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही नौ दिनों से चल रहे व्रत का विधिवत पारायण किया गया। नगर के वार्ड नंबर-एक स्थित मोहल्ला मझरा-प्रभु के देवी माता मंदिर में विशेष आयोजन हुए। गुरुवार शाम यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में आयोजित भव्य जगराते में भक्त देर रात तक माता के भजनों पर झूमते रहे।



बाजपुर में नवमी पर व्रत का परायण करने से पूर्व कन्याओं को भोजन करवाते श्रद्धालु।



दिनेशपुर में नवमी पर कन्या पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं।

### दिनेशपुर में नवमी पर विधि विधान से किया कन्या पूजन

**दिनेशपुर :** चैत्र नवरात्र की नवमी पर मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना के साथ विधि विधान से कन्या पूजन किया गया। क्षेत्र के कई मंदिरों में भंडारे का प्रसाद वितरण किया। शुक्रवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग, मां दुर्गा मंदिर हरिपुरा, चक्कीमोड़, चरनपुर, खटोला, ललपुरी, दलीपनगर, लालपुरी कूल्हा तिलपुरी व धिमरीब्लॉक आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके पर नगर पालिका गदरपुर पूर्व ईओ हरिचरन सिंह, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अशोक कालड़ा, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, अरुण सरकार, चेतन सुखीजा, मान सिंह कोरंगा मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

- भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया समारोह का आयोजन

संवाददाता, बाजपुर



प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य एवं जिला मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** ग्राम सभा नमूना और दूधिया कॉलोनी में सैनी महासभा बरहैनी द्वारा एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य और काशीपुर के जिला मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी 'राज' का क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

समारोह के दौरान दोनों पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए सामाजिक और राजनीतिक रूप से आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर सैनी महासभा बरहैनी के अध्यक्ष कोमल सैनी, महामंत्री गंगासरन सैनी, उपाध्यक्ष धर्म सिंह सैनी, कार्यसमिति सदस्य जसवंत सिंह सैनी, जगदीश सैनी, बाजपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, प्रवीण देयोपा, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, महेश प्रजापति, रूप किशोर, राजेश सैनी, अर्जुन कश्यप, सुमित प्रजापति, दिलीप सिंह, विनोद यादव मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## प्रिया ने जीता राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार



**रानीखेत :** रानीखेत की एक बेटी ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। रानीखेत के बबुरखोला द्वारसों, मजखाली निवासी कक्षा सात की छात्रा प्रिया बिष्ट ने दूरदर्शन पंजाबी चैनल के कार्यक्रम 'किसमें कितना है दम (केकेएचडी)' के तहत आयोजित लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूरदर्शन पंजाबी का यह मंच देशभर की छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने के लिए जाना जाता है। इसी मंच पर प्रिया ने अपनी प्रतिभाके दम पर यह उपलब्धि हासिल की।

## चोरी का आरोपी पकड़ा सामान व नगदी बरामद

**टनकपुर :** राजाराम चौराहा के समीप शास्त्री चौक मार्ग पर एक दुकान में चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रतिष्ठान स्वामी मनोज अरोड़ा पुत्र दिनेश अरोड़ा ने चोरी की शिकायत की थी। बताया कि बुधवार रात्रि में उसकी दुकान से चोरों ने 3400 रुपये और मिंट सिगरेट की 50 डिब्बे चुरा लिए। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि जांच के बाद राहुल कश्यप उर्फ भूरा पुत्र सुरेन्द कश्यप, निवासी मछली गली वार्ड नंबर-चार को गिरफ्तार कर 50 पैकेट सीक्रेट वैव मिंट मार्क और 2100 की नगदी बरामद कर ली।

# रसोई गैस किल्लत पर फूटा लोगों का गुस्सा

## आईएसबीटी के पास हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन, प्रशासन के आश्वासन के बाद बमुश्किल माने लोग

- **जाम के कारण सड़क के दोनों ओर से फंसे रहे वाहन**
- **घंटों इंतजार के बाद भी गैस वाहन न आने पर भड़के लोग**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर की लगातार हो रही किल्लत अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। शुक्रवार को आईएसबीटी के पास स्थानीय लोगों ने सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज होकर हाईवे जाम कर दिया। इससे कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

दरअसल, क्षेत्र में पिछले करीब एक माह से गैस वितरण वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा था। शुक्रवार को वाहन आने की सूचना पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए एकत्र हो गए, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद वाहन नहीं पहुंचा। इससे नाराज लोगों ने सड़क पर खाली सिलेंडर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि इस तरह सड़क बाधित करने से आम जनता को परेशानी होती है। समझाने के बाद लोगों ने जाम हटा लिया, लेकिन उनका आक्रोश बना रहा।

बाद में एसडीएम सदर संजय कुमार और गैस एजेंसी प्रबंधक मुकेश जलाल मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शनिवार सुबह क्षेत्र में गैस वाहन भेजा जाएगा और जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। इसके बाद ही लोगों का गुस्सा शांत हुआ।



अल्मोड़ा में सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज लोगों ने आईएसबीटी के पास हाईवे पर लगाया जाम। ● अमृत विचार

### घरेलू कामकाज हो रहें प्रभावित

आईएसबीटी के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि पिछले एक महीने से गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। कई बार एजेंसी से संपर्क करने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। शुक्रवार को वाहन आने की सूचना मिलने पर लोगों को उम्मीद थी कि समस्या का समाधान होगा, लेकिन वाहन नहीं पहुंचने से उनका गुस्सा फूट पड़ा। कई परिवारों के घरों में गैस खत्म हो चुकी है, जिससे खाना बनाने में भारी दिक्कत हो रही है। कुछ लोग लकड़ी या अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेने को मजबूर हैं, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं।

### नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलने पर प्रशासन और गैस एजेंसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। उपभोक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही गैस लेने आए लोगों के नाम और उनके डीएसी नंबर दर्ज किए गए, ताकि अगले दिन वितरण के दौरान उन्हें प्राथमिकता दी जा सके। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अब नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए गैस एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# 30 हजार भक्तों ने किए मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** रामनवमी पर्व पर 30 हजार श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि धाम में पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड भाड़ के कारण मुख्य मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिसके कारण नेपाल के बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली।

नवरात्र भर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मां पूर्णागिरि धाम पहुंचे। रामनवमी पर्व पर अपराह्न बाद वर्षा होने के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कत उठानी पड़ी। पूर्णागिरि क्षेत्र के ग्राम प्रधान व पुजारी पंकज तिवारी ने बताया कि रामनवमी पर्व पर मां पूर्णागिरि धाम में 30 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए से जनपद चम्पावत के अलावा अन्य जनपदों से भी फोर्स पूर्णागिरि पहुंचा हुआ है। सरकारी तौर पर इस बार पूर्णागिरि मेला 15 जून तक संचालित होगा।

इस समय अधिकांश श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंच रहे हैं साथ ही पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। टनकपुर मेला क्षेत्र में भी नगर पालिका द्वारा श्रद्धालुओं को तमाम सुविधाएं दी गई है शारदा घाट में भी हर रोज काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। शारदा घाट में भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।



मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर करें सुधार कार्य



अल्मोड़ा कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक अधिकाारियों की बैठक लेते डीएम अंशुल सिंह।।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संबंधित विभागों को प्रभावी दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थलों का चिन्हीकरण कर शीघ्र सुधारात्मक कार्यों के लिए आगणन तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मजिस्ट्रियल जांचों में लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित करने तथा पीड़ितों को मुआवजा राशि का पारदर्शी व समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा, अंधे मोड़ों पर विशेष सुधार कार्य करने और सड़क सुरक्षा के लिए स्मार्ट व नवाचारी उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने पुलिस और परिवहन विभाग को नियमित चेकिंग अभियान चलाकर रैश ड्राइविंग, ट्रिपलिंग और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के सहित अन्य मौजूद रहे।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट पर की जाए सख्त कार्रवाई

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े के निर्देश पर सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने जिला कार्यालय सभागार में की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सैंपलिंग बढ़ाने और नियमित चेकिंग अभियान चलाने पर जोर देते हुए कहा कि खाद्य मिलावट किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 'ईट राइट स्कूल' अभियान के तहत सरकारी विद्यालयों का पंजीकरण कराने तथा मिड-डे मील को एफएसएसएआई पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों का भी अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करने और विभागीय समन्वय बढ़ाने को कहा। खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। सहायक आयुक्त डॉ. प्रकाश चंद्र फुलारा ने सैंपलिंग, निरीक्षण, प्रवर्तन कार्रवाई और जागरूकता अभियानों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनुपमा ह्यांकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मंजुलता यादव रहे।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

- **विधायक प्रमोद नैनवाल ने किया शुभारंभ, छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां**

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिलियानौला का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद नैनवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में सभी वर्गों के बच्चों को समान अवसर मिलते हैं और यहीं से छात्र अपने भविष्य को संवारते हैं।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'आरोहण' का विमोचन किया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार त्रिपाठी ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

छात्रा कुमारी सिया को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय कक्ष शुरू किया गया है तथा कक्षा नौ और दस के लिए संगीत कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। छात्र यश पांडे के राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होने पर 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद शंकर दत्त बुधोड़ी तथा संचालन शंभू गिरी गोस्वामी, योग्यता और आकांक्षा कुंवरबी ने संयुक्त रूप से किया।



वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते विधायक प्रमोद नैनवाल व अतिथि। ● अमृत विचार



सुप्रकाश अधिकारी का स्वागत करते फेडरेशन के अध्यक्ष विनोद उप्रेती और अन्य।

## संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने की मांग उठाई

**बनबसा, अमृत विचार :** टनकपुर पावर स्टेशन पहुंचे एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी) सुप्रकाश अधिकारी से शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने की मांग की। अखिल भारतीय एनएचपीसी कर्मचारी एवं श्रमिक फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उप्रेती के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान एनएचपीसी निदेशक (तकनीकी) सुप्रकाश अधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न मांगें रखीं। संघ ने संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने, उनके प्रमोशन की व्यवस्था करने के साथ ही टनकपुर पावर स्टेशन के माध्यम से बनबसा एवं टनकपुर क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य की सराहना भी की। इस दौरान पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य, महाप्रबंधक (विद्युत) जावेद अंसारी, संघ के उपाध्यक्ष गोविंद सोनाल, कोषाध्यक्ष केशव थलाल, संगठन सचिव प्रवीण गर्ग, जावेद हसन और महेश वाल्मीकि आदि रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर होंगे प्रदेशभर में कार्यक्रमः परिहार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस छह अप्रैल को प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम भी तय किए गए हैं। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पुनः सरकार बनने का दावा किया।

बागेश्वर में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए परिहार ने कहा कि छह अप्रैल को सभी मंडल, जिला और प्रदेश कार्यालयों में विशेष सजावट की जाएगी। पार्टी ध्वज फहराने, विकास यात्रा उद्बोधन और मिष्ठान वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। छह और सात अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर सदस्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि आठ या नौ अप्रैल को सक्रिय सदस्य सम्मेलन होंगे।

उन्होंने बताया कि सात से 12 अप्रैल तक गांव- बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। 13 अप्रैल को अंबेडकर प्रतिमा की सफाई और दीपोत्सव तथा 14 अप्रैल को माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। 20 अप्रैल को जिला केंद्रों पर "हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस दौरान विधायक पार्वती दास, जिला महामंत्री संजय परिहार, खड़क सिंह टंगणियां, प्रकाश साह और नितिन तिवारी मौजूद रहे।




बागेश्वर में पत्रकार वार्ता करते भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन परिहार।

## मत्स्य पालन केंद्र से 3 कुंतल मछली चोरी

**बागेश्वर :** कपकोट विकासखंड के मल्ला दानपुर पिंडर घाटी क्षेत्र स्थित मत्स्य पालन केंद्र से अज्ञात चोरों ने लगभग तीन कुंतल मछलियां चोरी कर लीं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में घूम रहे फेरीवालों पर संदेह जताते हुए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोविंद सिंह दानू ने बताया कि कपकोट विकासखंड के तीख गांव में मां आदिबद्री स्वायत्त सहकारी समिति के तहत मत्स्य पालन केंद्र संचालित होता है। उन्होंने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर केंद्र से लगभग तीन कुंतल मछलियां चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर कपकोट पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मौके का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में घूम रहे फेरीवालों पर संदेह व्यक्त करते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# अल्मोड़ा में चार नई शराब दुकानें होंगी बंद

- **जनविरोध के चलते प्रशासन ने जनभावनाओं को प्राथमिकता दी**
- **संबंधित विभागों को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले में प्रस्तावित और हाल ही में खोली गई शराब की दुकानों को लेकर बढ़ते विरोध के बीच जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने चार स्थानों पर खोली गई मदिरा दुकानों को बंद करने के आदेश दिए हैं। कहा कि किसी भी स्थिति में जन भावनाओं की अनदेखी न की जाए।

दरअसल, हर वर्ष की तरह इस बार भी जिले में नई शराब दुकानों को खोलने की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन इसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। "शराब नहीं, रोजगार और मूलभूत सुविधाएं दो" जैसे नारों के साथ ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी जताई। इस मुद्दे पर हाल ही में हुई एक जनसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी सरकार की नीति पर सवाल उठाए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमेश्वर क्षेत्र के दौलाघट, द्वाराहाट के तिपोला और खेड़ा में अंग्रेजी शराब की दुकानें तथा रानीखेत के पातली में देशी शराब की दुकान को बंद किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने और सभी औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 2.62 करोड़ से सुधरेगा चल्थी-नौलापानी मार्ग

**टनकपुर :** मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अंतर्गत चल्थी-नौलापानी मार्ग (पीएमजीएसवाई) के सुधारीकरण कार्य के लिए 2.62 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधा बेहतर होगी तथा स्थानीय लोगों को आवाजाही में राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में पर्यटन और साहसिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए रीठा साहिब से भीडार होते हुए वन्य जीव अभ्यारण्य (नधौर) तक ट्रैकिंग रूट निर्माण हेतु 55.57 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस ट्रैकिंग रूट के निर्माण से पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण को ठोस प्रयास हों : डीएम

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, एआरओ, एईआरओ और नोडल अधिकारियों की बैठक ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग की नियमित और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन और शुद्ध किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की जाएगी, इसलिए किसी प्रकार की चिंता या भ्रम की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलए और बीएलओ के साथ बैठक कर पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा करें। साथ ही बीएलओ के माध्यम से घर-घर सत्यापन कार्य को गंभीरता से कराते हुए निर्धारित समयसीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने तथा आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करने की अपील की।

आरोप | कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार पर लगाए आरोप

# सरकार का चार साल का कार्यकाल निराशाजनक

- **प्रदेश में बढ़ते अपराध और साइबर क्राइम पर जताई चिंता**
- **विधायक बोले जनता को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि सरकार का 4 साल का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। जनता को योजनाओं और विकास का वास्तविक लाभ नहीं मिला।

चौघानपाटा स्थित जिला पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को विधायक तिवारी ने आरोप लगाया कि 'चार साल बेमिसाल' कार्यक्रमों में केवल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर दिखावा किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और आम जनता तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों की कमी से व्यवस्था चरमरा गई है।

उन्होंने सरकार पर आंकड़ों में हेरा-फेरी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। महिला अपराधों में वृद्धि, बच्चों के लापता होने की घटनाएं तथा साइबर क्राइम के मामलों में तेजी चिंताजनक है। कहा कि भाजपा नेता महिला अपराधों में संलिप्त हैं और अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। तिवारी ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, वहीं अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव बना हुआ है। इसके अलावा एलपीजी सिलेंडर की कमी से पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और काला बाजारी पर रोक नहीं लग पा रही है। यहां जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, राधा बिष्ट, राजेंद्र बाराकोटी, प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, दीपक कुमार, पूरन रौतेला, पारितोष जोशी, संजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते विधायक मनोज तिवारी। ● अमृत विचार

## डिप्लोमा इंजीनियर्स का आंदोलन तेज

**अल्मोड़ाः** डिप्लोमा इंजीनियर्स का आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। 27 सूत्रीय मांगों को लेकर इंजीनियर्स ने शक्ति सदन में एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

विधायक मनोज तिवारी भी धरनास्थल पर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उनके साथ कांग्रेस के कई पदाधिकारी रहे। विधायक ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए वह इसे सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएंगे। आंदोलन में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, सहित कई विभागों के इंजीनियर्स शामिल रहे। धरने में जिलाध्यक्ष जीएस मेहरा, मंडल सचिव दीपक सिंह मटियाली, जिला सचिव ललित मोहन शर्मा, मनीष कुमार, पुनीता रानी रहे।



मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि A या B मेरे बारे में क्या सोचते हैं। मेरी सफलता वही होगी, जो मैं अपने काम से बनाऊंगा।
–होमी जहांगीर भाभा, भारतीय परमाणु भौतिक विज्ञानी

# अस्थायी राहत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को आवागमन की अनुमति मिलना निःसंदेह राहत भरी खबर है। ईरान का यह निर्णय भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए तात्कालिक संकट को टालने वाला कदम है, किंतु इसे स्थायी समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे में उसके लिए होर्मुज मार्ग का खुलना पेट्रोलियम आपूर्ति को स्थिर रखेगा ही उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। तेल आपूर्ति बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती और खाद्यान्न महंगे होते। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए 'सांस लेने की जगह' प्रदान करता है।

भारत ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका या इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया, फिर भी ईरान ने उसे उन चुनिंदा देशों में रखा, जिन्हें मार्ग उपयोग की अनुमति दी गई। यह भारतीय कूटनीति की 'रणनीतिक संतुलन' नीति का परिणाम है, जहां भारत किसी एक ध्रुव में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हित साधता है। साथ ही, यह ईरान की व्यावहारिक कूटनीति भी दर्शाता है, जो आर्थिक और भू-राजनीतिक यथार्थ को समझते हुए भारत जैसे बड़े बाजार और साझेदार को अलग-थलग नहीं करना चाहता। ऊर्जा मोर्चे पर भारत ने 60 दिनों का तेल भंडार और अतिरिक्त 60 दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इसके साथ वैकल्पिक स्रोतों की खोज भी जारी है। इससे तात्कालिक संकट की आशंका कम होती है, लेकिन वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध की अनिश्चितता के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता की गारंटी नहीं दी जा सकती, खासकर राज्यों में होने वाले चुनावों के बाद। ई-20 पेट्रोल नीति ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु एथनॉल उत्पादन की वर्तमान क्षमता इस लक्ष्य को पूरी तरह समर्थन देने में अभी सक्षम नहीं दिखती। कृषि, जल और खाद्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए एथनॉल उत्पादन बढ़ाना एक जटिल चुनौती होगी। इसी प्रकार, गैस भंडारण और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन वैश्विक एलएनजी बाजार अत्यधिक अस्थिर है। अतः घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध रहेगी, यह मान लेना जोखिमपूर्ण होगा। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति अधिक गंभीर है। युद्ध के कारण उर्वरक उत्पादन में संभावित 15 प्रतिशत गिरावट और सब्सिडी बिल में 25 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार के वित्तीय संतुलन पर दबाव डालेगी। भारत की 20 प्रतिशत यूरिया और 33 फीसद डीएपी की आयात निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। दीर्घकालिक समाधान के लिए घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक उर्वरकों और जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं और अधिक बाधित होंगी। ऐसे में भारत को ऊर्जा, खाद्य और राजकोषीय तीनों मोर्चों पर दबाव झेलना पड़ सकता है।

होर्मुज से मिली राहत एक अवसर है, लेकिन यह चेतावनी भी कि भारत को अपनी ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और अधिक आत्मनिर्भर, विविधीकृत और लचीला बनाना होगा। सरकार को भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा, कूटनीतिक संतुलन और कृषि सुधारों पर समानांतर रूप से कार्य करना होगा, तभी यह अस्थायी राहत स्थायी सुरक्षा में बदल सकेगी।

## प्रसंगवश

# सार्वजनिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के 3 फैसले

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख- इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है, जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है, जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विज्ञान की डगर और समाज की दिशा





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

समाज और विज्ञान के बीच का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर प्रभावशाली रहा है। समय के साथ जैसे-जैसे समाज में परिवर्तन हुए हैं, वैसे-वैसे विज्ञान की दिशा, प्राथमिकताएं और उपलब्धियां भी बदलती रही हैं। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित कोई स्वतंत्र प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से निरंतर प्रभावित होता है। जिस प्रकार समाज की आवश्यकताएं बदलती हैं, उसी के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान के विषय, संसाधनों का वितरण और नवाचार की गति भी परिवर्तित होती रहती है।

बीसवीं सदी के पहले आधे हिस्से का उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह वह समय था जब दुनिया दो बड़े विश्व युद्धों में उलझा हुआ था। युद्ध की परिस्थितियों ने सरकारों को मजबूर किया कि वे वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश करें, ताकि युद्ध में बढ़त हासिल की जा सके। इस काल में विज्ञान का मुख्य उद्देश्य सैन्य शक्ति को बढ़ाना था। नतीजतन, परमाणु ऊर्जा, रडार तकनीक, और विभिन्न प्रकार के हथियारों के विकास में तेजी आई। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा के रहस्य इसी दौर में उजागर हुए, जो बाद में मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक साबित हुआ, हालांकि इसका उपयोग विनाशकारी भी रहा, जैसे हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटनाएं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विज्ञान की दिशा समाज की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय होती है।

युद्धकालीन परिस्थितियों के बाद, जब दुनिया ने शांति और पुनर्निर्माण की ओर कदम बढ़ाया, तब विज्ञान की प्राथमिकताएं भी बदलने लगीं। औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी। बाजार की शक्तियों ने विज्ञान को प्रभावित करना शुरू किया। निजी कंपनियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं ने अपने लाभ को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करना शुरू किया। इस प्रक्रिया ने चिकित्सा, औषधि निर्माण और कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। आधुनिक कंपनियां नई दवाइयों के विकास, रोगों के उपचार और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) में भारी निवेश कर रही हैं।

जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने मानव जीवन को नई दिशा दी है। जीनोमिक अनुक्रमण और आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसी तकनीकों ने चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज हम कई गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में सक्षम हो रहे हैं, जो पहले असंभव प्रतीत होती थीं। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में भी नई किस्मों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। यह सब संभव हुआ, क्योंकि समाज में आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बाजार आधारित दृष्टिकोण ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी।

विज्ञान का विकास केवल बाजार और युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। आधुनिक समय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित कर रही है। कई सफल उद्योगपतियों और व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना शुरू किया है। उन्होंने ऐसे फाउंडेशन स्थापित किए हैं, जो उन क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिन्हें वे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक बड़ी वैश्विक समस्या बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञान को नई दिशा में कार्य करना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में तेजी आई है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब समाज किसी समस्या को गंभीरता से लेता है, तो विज्ञान उस समस्या के समाधान की दिशा में सक्रिय हो जाता है। इस प्रकार, विज्ञान केवल तकनीकी उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की आवश्यकताओं और मूल्यों का प्रतिबिंब भी है।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास भी समाज के बदलते स्वरूप का परिणाम है। आज की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और संचार की आवश्यकता ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। ये सभी विकास इस बात को दर्शाते हैं कि विज्ञान समाज की जरूरतों के अनुसार विकसित होता है।

फिर भी, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विज्ञान का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह पूरी तरह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। विज्ञान स्वयं में न तो अच्छा होता है और न ही बुरा; इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। इसलिए समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए, न कि विनाश के लिए।

विज्ञान और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह संबंध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, चाहे वह युद्धकालीन अनुसंधान हो, बाजार आधारित नवाचार हो या सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किया गया अनुसंधान। भविष्य में भी विज्ञान का विकास समाज की बदलती जरूरतों के अनुरूप होता रहेगा, इसलिए आवश्यक है कि हम एक ऐसा संतुलन बनाए रखें, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक हित दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, ताकि एक बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सके।

विज्ञान और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## आमने सामने



क्या कोई भी संवेदनशील सरकार अस्पतालों के निर्माण पर रोक लगाती है? जयपुर के चारों कोनों पर प्रस्तावित चार सैटेलाइट अस्पतालों का काम अटकाकर एवं बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। आगरा और दिल्ली रोड के अस्पतालों को रद्द करना बेहद शर्मनाक है।
–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

खोखली जादूगरी का झूठ केवल भ्रम पैदा करता है। केवल ट्विटर पर बयान देने से सरकार नहीं चलती। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। मंत्री और अधिकारी जेल जा रहे हैं और अभी यह सूची काफी लंबी है। भ्रष्टाचार करने वाले एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।
–भजन लाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान



# ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा



जयशंकर पांडेय
पूर्व विधायक

फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला-मोलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है, इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खोमेनई और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई, तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा, लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्राएं मारी गईं तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।

अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां इस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है, जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं, उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं।

प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस ने किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं, जो यूरोप और अमेरिका को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं, जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं।

इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है, इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है- बिकिनी या बुरका। उन्होंने यह व्याख्यान भारत में दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है, उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी-छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरता की इंतेहा हो रही है।

तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है, इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है, लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के देश, इजराइल और अमेरिका के साथ हैं, जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी, वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहा तो कभी वियतनाम और कोरिया में। यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे देशों में जारी रहा। अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन कर दूसरे देशों पर आक्रमण किए हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिका-इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी खुद की नकाब उतर गई। उस नकाब के पीछे उनका क्रूर चेहरा उजागर हो गया है।

## सोशल फोरम

# नेहरू की बहन कृष्णा

दो नवंबर 1907 को जन्मी मोतीलाल नेहरू की बेटी, जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित की छोटी बहन कृष्णा नेहरू हठी सिंह को अपेक्षाकृत कम लोग जानते हैं। वह जवाहरलाल से 17 साल छोटी और बहन विजयलक्ष्मी पंडित से सात साल छोटी थीं। जनवरी 1955 की 'टाइम' पत्रिका में श्रीमती हठी सिंह ने अपने प्रतिष्ठित परिवार का एक वर्णन प्रस्तुत किया है।



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

वह लिखती हैं, "मैंने हमेशा जवाहर का आदर किया है, लेकिन तीस साल के संघर्ष और बलिदान ने अपनी छाप छोड़ी है। हर साल ने उनकी गर्मजोशी, उल्लास और मिलनसार आकर्षण को कुछ हद तक कम कर दिया है... भूरी आंखें जो कभी किसी मजाकिया टिप्पणी पर चमकने के लिए हमेशा तैयार रहती थीं, अब अकसर कठोर अवज्ञा या थकी हुई हताशा का भाव रखती हैं। उनका चेहरा एक थके हुए आदमी का है, जो किसी आंतरिक शक्ति द्वारा संचालित लगता है जो कभी नरम नहीं पड़ती, कभी जाने नहीं देती। आज उनकी मुस्कान एक आत्म-संयमी व्यक्ति, एक विनम्र प्रधानमंत्री की मुस्कान है, जो अपनी शक्ति के बारे में पूरी तरह से जागरूक है, किसी भी आलोचना को चुनौती देता है।"

अपने बचपन के विषय में कृष्णा बताती हैं, "अपने बचपन में मैंने एक शांत जीवन जिया। हम एक छोटे और संयोजित परिवार के लोग थे और हमारा यह छोटा संसार बहुत खुशी भरा था; जिसमें कोई दुख या कठिनाई नहीं थी। धीरे-धीरे हमारे जीवन को बहुत परिवर्तन देखने पड़े, परंतु हम एक साथ बने रहे, इसलिए इन दुखों का पता नहीं चला। जीवन चलता रहा और हम धीरे-धीरे अलग राहों पर चल पड़े। हम मानसिक और शारीरिक रूप से इतने मजबूत होते गए कि हमारी राह में चाहे कुछ भी आए, हमें परवाह नहीं रही।"

इससे अलग अपनी एक पुस्तक में कृष्णा हठी सिंह अपनी पृष्ठभूमि देते हुए बताती हैं, "...हम कश्मीरी ब्राह्मण हैं। हमारे पूर्वज राज कौल (कमला कौल के परिवार से भिन्न) मुगल बादशाह फर्रूखसियर के दरबार में कश्मीर से आए थे। फर्रूखसियर उनकी विद्वता से बहुत प्रभावित था। उसने उन्हें दिल्ली में एक नहर के किनारे रहने के लिए मकान भेंट किया था। नहर के किनारे रहने के कारण हमारा परिवार दिल्ली में कौल नहर के नाम से मशहूर हुआ। कालांतर में कौल नहर का कौल नेहरू हो गया और समय के साथ कौल हटकर सिर्फ नेहरू बचा और यों हम नेहरू कहलाने लगे।"

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# आईपीएल के शोर में कहीं खो न जाए टेस्ट क्रिकेट

आज से शुरू हो रहा आईपीएल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक ऐसे विशाल मंच में बदल चुका है जहां खेल, व्यवसाय, ग्लैमर और दर्शकों की भावनाएं एक साथ नजर आती हैं। इसकी लोकप्रियता और प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि यह लोगों की दिनचर्या और सोच पर भी गहरा असर डालने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस चमक-दमक के बीच कहीं क्रिकेट का असली स्वरूप तो पीछे नहीं छूट रहा?

आज के दौर में इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विशाल मनोरंजन उद्योग बन चुका है। जैसे ही आईपीएल का सीजन शुरू होता है, पूरे देश में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और अखबार- हर जगह आईपीएल की चर्चा होती है। बड़े-बड़े खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, ब्रांड विज्ञापन और स्टेडियम की चमक-दमक इसे किसी त्योहार जैसा बना देते हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी, जिन्हें पहले पहचान नहीं मिल पाती थी, आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिली है। जहां कई बार कम उम्र के खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होती है, वे अचानक मिली इस सफलता और प्रसिद्धि के दबाव को संभाल नहीं पाते। अधिक धन और अपेक्षाओं का बोझ उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है।

इसके नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अत्यधिक पैसा, विज्ञापन और ग्लैमर के कारण खेल की मूल भावना प्रभावित हो रही है। कई बार खिलाड़ी देश के लिए खेलने के बजाय लीग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा, लगातार मैचों के कारण खिलाड़ियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव भी बढ़ता है। क्रिकेट को परंपरागत रूप से धैर्य, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, जिसे खेल का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, खिलाड़ियों की क्षमता और मानसिक मजबूती की असली परीक्षा लेता है, लेकिन आईपीएल के आगमन के बाद क्रिकेट का स्वरूप तेजी से बदल गया है। अब खेल की गति तेज हो गई है, जहां हर गेंद पर चौका-छक्का लगाने का दबाव रहता है। इसके साथ ही दर्शकों की रुचि में भी बदलाव आया है। आज लोग तेजी और रोमांच को ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण टेस्ट और वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित हो रही है। यह क्रिकेट के संतुलित विकास के लिए एक चुनौती है।

आईपीएल ने खेल को पूरी तरह से बाजार से जोड़ दिया है, जहां टीमों की नीलामी, खिलाड़ियों की कीमत और ब्रांड वैल्यू पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि खेल की जगह व्यापार ने ले ली है। आईपीएल के शोर और चमक में खेल की सादगी और आत्मा कहीं दबती नजर आती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ खेल की मूल भावना को भी बनाए रखें और साथ में यह न भूलें कि क्रिकेट की आत्मा टेस्ट क्रिकेट में ही बसती है। इस पैसों के मायाजाल में टेस्ट क्रिकेट कहीं खो न जाए। आज जरूरत है क्रिकेट के असली खेल टेस्ट क्रिकेट को संभाल कर रखने की, जिससे क्रिकेट की मूल स्वरूप में असली क्रिकेट जिंदा रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा।)



उस दिन हल्की गर्म दोपहर थी। हमारी कार ठीक एक बजकर 10 मिनट पर एक ऐसी जगह आकर रुकी, जहां पहुंचते ही लगा कि हम किसी पर्यटन स्थल पर नहीं, बल्कि एक अलग ही मन :स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। गांव छूटने के बाद जीवन में बहुत-सी चीजें पीछे रह जाती हैं। उनमें से एक होली भी है। शहरों की होली में रंगों की चमक तो होती है, लेकिन वह मन में उसी तरह नहीं उतरती जैसे गांव में फाग के गीतों के साथ खेली जाने वाली होली उतरती थी। शायद उसी खोई हुई अनुभूति की तलाश में अब हर होली पर मैं किसी नई जगह की ओर निकल पड़ता हूं।



मृदुल कपिल
साहित्यकार

# कुटनी आइलैंड

## शांति और सौंदर्य का अनूठा संगम

### मन के पास प्रकृति की सुंदरता

इस होली पर भी समय और साधन सीमित थे। खजुराहो की यात्रा के दो दिन पूरे हो चुके थे और मेरे पास खुद से चुराया हुआ बस एक दिन और था। उसी दिन मैं अपने साथियों प्रिया और माधव के साथ खड़ा था एक बेहद सुंदर जगह पर कुटनी आइलैंड। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से लगभग 12 किलोमीटर दूर, कुटनी जलाशय के बीच स्थित यह छोटा-सा टापू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। पानी से घिरे इस शांत द्वीप पर एमपी टूरिज्म के केवल दस कॉटेज बने हुए हैं, जहां ठहरकर पर्यटक इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं।





### जलक्रीड़ा का रोमांच और गहरी शांति

रिजॉर्ट तक पहुंचने का अनुभव भी अपने आप में अलग है। मुख्य परिसर से लगभग 700 मीटर पहले वाहन पार्क करना पड़ता है। इसके बाद पैदल या ई-कार्ट से एक लोहे के पुल को पार करते हुए इस टापू तक पहुंचना होता है। पुल पार करते ही सामने खुलती है एक शांत दुनिया चारो ओर फैली जलराशि और बीच में मखमली हरियाली से घिरा छोटा-सा टापू। कॉटेज के कमरे का पर्दा हटाते ही दूर तक फैला पानी दिखाई देता है और दरवाजा खोलते ही सामने हरी घास का खुला मैदान। यहां प्रकृति और आधुनिकता का संतुलित मेल दिखाई देता है। एक ओर बोटिंग और जलक्रीड़ा का रोमांच है, तो दूसरी ओर गहरी शांति।

### क्षितिज पार उगता लाल सूरज

कई वर्षों बाद यहां आकर मैंने सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों देखे। सूर्योदय देखने की उत्सुकता इतनी थी कि जिस व्यक्ति को सामान्य दिनों में सुबह नौ बजे उठना भी कठिन लगता है, वह उस दिन पांच बजे ही उठ गया। सुबह की ओस से भीगी घास पर नंगे पैर टहलते हुए अचानक मन दार्शनिक हो उठा। चारों ओर जल से घिरे उस टापू पर मेरे साथ एक दुबला-सा आवारा श्वान भी टहल रहा था। तभी मन में एक प्रश्न उठा आखिर कितने दिनों बाद मेरे पैरों ने मिट्टी को सीधे छुआ है? मिट्टी में जन्मा, धूल भरे गांव की गलियों में खेला और शहर की गर्म सड़कों पर मीलों पैदल चला मनुष्य कब अपने और धरती के बीच इतनी दूरी बना बैठा, शायद इसका एहसास हमें ऐसे ही क्षणों में होता है। उसी समय क्षितिज के उस पार से उगते हुए लाल सूर्य ने जैसे इस विचार यात्रा को विराम दिया। मन में तुलसीदास की पंक्तियां स्वतः गूंज उठीं "छिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित अति अधम सरीरा।" मैं उस क्षण को अपने कैमरे में कैद करने लगा। कुटनी आइलैंड उन जगहों में से है, जहां यात्रा केवल पर्यटन नहीं रह जाती। कभी-कभी ऐसी यात्राएं हमें नई जगहें नहीं दिखातीं, बल्कि हमारी खोई हुई अनुभूतियों को वापस लौटा देती हैं। इस यात्रा ने मुझे लौटाकर दी, मेरे पैरों के नीचे की मिट्टी।



---

जॉब का पहला दिन

## डर, सीख और एक नई शुरुआत

उस दिन मैं थोड़ी सी डरी हुई थी, क्योंकि ये मेरी पहली जॉब थी और पहला ही दिन। सुबह ठीक 10 बजे मैं ऑफिस पहुंची। हाथ में एक छोटा सा बैग था, जिसमें नोटबुक, पेन और एक हल्की सी घबराई हुई मुस्कान छुपी हुई थी। बाहर से न्यूज चैनल का ऑफिस जितना शांत और सामान्य लगता है, अंदर कदम रखते ही उतनी ही तेज रफ्तार और हलचल महसूस होती है। जैसे ही मैं अंदर गई, सबसे पहला झटका लगा- चारों तरफ चमकते मॉनिटर्स, हर स्क्रीन पर अलग-अलग न्यूज चल रही थी। कोई स्क्रिप्ट लिख रहा था, कोई फोन पर बात कर रहा था, तो कोई ब्रेकिंग न्यूज की तैयारी में लगा था। हर कोई अपने काम में इतना डूबा हुआ था कि समय जैसे दौड़ रहा हो। थोड़ी ही देर में मैनेजर ने मुझे टीम लीडर और बाकी टीम से मिलवाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले दिन बस देखो और समझो, असली काम कल से शुरू होगा।" उनकी बात सुनकर थोड़ी राहत भी मिली और उत्साह भी बढ़ गया। फिर मुझे एक डेस्क पर बैठा दिया गया, जहां एक सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। उन्होंने मुझे बड़े ही सहज तरीके से न्यूजरूम के बेसिक्स समझाने शुरू किए, कैसे स्टोरी आइडिया बनता है, कैसे फील्ड में जाकर रिपोर्टिंग की जाती है और सबसे अहम, डेडलाइन का क्या मतलब होता है। उनके हर शब्द में अनुभव झलक रहा था और मैं हर बात ध्यान से सुन रही थी।



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

कुछ देर बाद मुझे पहला छोटा सा काम मिला-एक खबर की रिसर्च। समय सिर्फ 10 मिनट था। मैंने तुरंत गूगल पर सर्च करना शुरू किया, लेकिन सीनियर ने रोकते हुए कहा, "गूगल सब कुछ नहीं बताता, असली खबर जमीन से मिलती है। हमारे लोकल रिपोर्टर से बात करो।" तभी मुझे समझ आया कि यहां सिर्फ स्पीड ही नहीं, बल्कि सटीकता भी उतनी ही जरूरी है। दोपहर में थोड़ा ब्रेक मिला, लेकिन दिमाग अब भी उसी माहौल में उलझा हुआ था। ब्रेक के बाद एडिटर-इन-चीफ आए और उन्होंने दिन की बड़ी खबरों पर चर्चा की। कौन-सी स्टोरी फोकस में रहेगी, कौन एंकर क्या करेगा, किस खबर के लिए ग्राफिक्स बनेंगे-सब कुछ बड़ी तेजी से तय हो रहा था। मैं बस चुपचाप सब देखती और सीखती रही, मन में एक सपना लिए कि एक दिन मैं भी अपनी पहली रिपोर्टिंग करूंगी। शाम को जब पहला दिन खत्म हुआ, तो शरीर थका हुआ था, लेकिन दिल बेहद खुश था। घर लौटते वक्त एक बात साफ समझ आ गई कि न्यूज चैनल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि एक जुनून है। यहां हर दिन नया होता है, हर खबर एक नई कहानी लेकर आती है और सबसे बड़ी सीख यही है कि यहां समय किसी के लिए नहीं रुकता।




---

# वैश्विक संस्कृति का प्रतीक बार्बी डॉल

आखिर कौन है, जिसने 'बार्बी डॉल' का नाम नहीं सुना है? बार्बी वह गुड़िया रही है, जिसने छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों की खेलने की दुनिया ही बदल दी। बार्बी ने अब तक बच्चों की कल्पनाओं, करियर और बदलाव का सफर तय किया है। कौन जानता था कि बार्बी दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हो जाएगी। यह खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह तो बच्चों के अनगिनत सपनों की गुड़िया है। इसकी लोकप्रियता के तो कहने ही क्या हैं? सच तो यह है कि बार्बी ने समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



बार्बी गुड़िया जब 1959 में पहली बार न्यूयॉर्क खिलौना मेले में प्रस्तुत की गई, तब उसका रूप उस समय की अन्य गुड़ियाओं से बिल्कुल अलग था। दरअसल, उस दौर में ज्यादातर गुड़ियाएं छोटे बच्चों या शिशुओं के रूप में बनाई जाती थीं, लेकिन बार्बी को एक युवती के रूप में डिजाइन किया गया था। उसका शरीर किसी वयस्क महिला जैसा था, लंबे पैर, पतली कमर और स्टाइलिश व्यक्तित्व के साथ उसे एक फैशन मॉडल की तरह बनाया गया था।



सुनील कुमार महला
लेखक

बार्बी ने काले-सफेद धारीदार (ब्लैक एंड व्हाइट) स्विमसूट पहना हुआ था। उसके बाल सुनहरे या भूरे रंग के पोनीटेल स्टाइल में थे। इतना ही नहीं, उसके पैरों में हाई हील सैंडल और कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स थे, जिससे उसका रूप आधुनिक और फैशनेबल दिखाई देता था। उस समय उसकी आंखें हल्की-सी नीचे की ओर झुकी हुई दिखाई देती थीं, जिन्हें बाद में बदलकर सामने देखने वाला बनाया गया। बार्बी का यह रूप उस समय की लड़कियों के लिए खास था, क्योंकि वे उसके माध्यम से खुद को भविष्य में अलग-अलग भूमिकाओं में कल्पना कर सकती थीं। यही कारण है कि यह गुड़िया जल्द ही बेहद लोकप्रिय हो गई और खिलौनों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

9 मार्च 1959 को अमेरिकी खिलौना कंपनी मैटल ने इस गुड़िया यानी कि बार्बी डॉल को मेले में प्रस्तुत किया था तथा इसका निर्माण कंपनी की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर द्वारा किया गया था। दरअसल, उन्होंने यह देखा कि उस समय बाजार में मिलने वाली अधिकांश गुड़ियाएं छोटे बच्चों के रूप में बनाई जाती थीं, जबकि लड़कियां खेलते समय खुद को बड़े होकर अलग-अलग भूमिकाओं जैसे कि डॉक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी या अन्य पेशों में कल्पना में देखना चाहती थीं। न्यूयॉर्क टॉय फेयर में जब बार्बी ने अपना डेब्यू किया, तो उसने खिलौनों की दुनिया को नई दिशा दी। लॉन्च होते ही यह गुड़िया बेहद लोकप्रिय हो गई और धीरे-धीरे केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन गई। समय के साथ इसके हजारों अलग-अलग रूप बनाए गए, जिनमें विभिन्न देशों की पोशाकें, जीवन-शैलियां और अनेक पेशे भी शामिल किए गए और इसी ऐतिहासिक शुरुआत की स्मृति में हर वर्ष 9 मार्च को 'बार्बी दिवस' मनाया जाता है, जब दुनिया भर में खिलौना प्रेमी, संग्राहक और बच्चे कार्यक्रमों, प्रदर्शनों और सोशल मीडिया के माध्यम से बार्बी की लोकप्रियता का उत्सव मनाते हैं।

बार्बी गुड़िया के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य भी हैं, जो बहुत कम लोगों को पता हैं। सबसे पहले, बार्बी का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है, जो रुथ हैंडलर की बेटी बारबरा के नाम पर रखा गया था। इसी तरह बार्बी के बॉयफ्रेंड केन का नाम रुथ हैंडलर के बेटे केनेथ के नाम पर रखा गया। 1959 में जब पहली बार्बी लॉन्च हुई, तब इसकी कीमत लगभग 3 डॉलर थी, जबकि आज दुर्लभ और कलेक्टर एडिशन बार्बी गुड़ियाएं हजारों डॉलर में बिकती हैं।

### बार्बी की शुरुआती डिजाइन

बार्बी के शुरुआती डिजाइन की प्रेरणा जर्मनी की बिल्ड लिली डॉल (दुनिया की पहली आधुनिक फैशन गुड़ियों में से एक) से मानी जाती है, जो एक कॉमिक स्ट्रिप पर आधारित गुड़िया थी। इसे वर्ष 1955 में जर्मनी में बनाया गया था। यह गुड़िया मूल रूप से बच्चों के लिए नहीं, बल्कि वयस्कों के लिए बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इसका चरित्र जर्मनी के प्रसिद्ध अखबार बिल्ड में प्रकाशित एक कॉमिक स्ट्रिप की पात्र लिली पर आधारित था। दरअसल, बिल्ड लिली लंबी, पतली और फैशनेबल कपड़ों में दिखाई जाती थी तथा उसके सुनहरे बाल, हाई हील्स और आकर्षक कपड़े उसकी विशेष पहचान थे। अमेरिकी कंपनी मैटल की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर ने यूरोप यात्रा के दौरान बिल्ड लिली गुड़िया देखी और बाद में इससे प्रेरित होकर, उन्होंने 1959 में प्रसिद्ध गुड़िया बार्बी बनाई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1964 में मैटल ने बिल्ड लिली के अधिकार खरीद लिए और बाद में इसका निर्माण बंद कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार्बी ने ब्लैक-एंड-व्हाइट धारीदार स्विमसूट पहना था और उसकी आंखों की पुतलियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं। बाद में 1971 में उसका लुक बदलकर उसे सामने देखने वाला बनाया गया। समय के साथ बार्बी डॉल में हमें अनेक करियर देखने को मिले। मसलन, डॉक्टर, पायलट, कंप्यूटर इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार वगैरह-वगैरह। सच तो यह है कि बार्बी डॉल केवल और केवल फैशन डॉल ही नहीं रही, बल्कि उसने 250 से अधिक करियर अपनाए। यहां तक कि बार्बी डॉल ने 1965 में एस्ट्रोनॉट बार्बी का रूप भी अपनाया, जो इंसान के चंद्रमा पर पहुँचने (1969) से लगभग चार साल पहले ही महिलाओं की अंतरिक्ष यात्रा की कल्पना को दर्शाती थी। इतना ही नहीं, बार्बी में विविधता भी धीरे-धीरे जोड़ी गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1968 में क्रिस्टी बार्बी नाम की अश्वेत गुड़िया (बार्बी की सहेली) पेश हुई, जबकि 1980 में पहली आधिकारिक ब्लैक बार्बी लॉन्च की गई। आज बार्बी अलग-अलग नस्लों, संस्कृतियों और शारीरिक बनावट जैसे सुडौल, लंबी और छोटी में भी बनाई जाती है।

---

संस्मरण

## भविष्यफल




जब काम से छुट्टी हो, तो उदासीनता आ ही जाती है। कॉलेज की छुट्टियां चल रही हैं। समर ब्रेक ऐसा लग रहा है मानो जिंदगी पर ही ब्रेक लग गया हो। कुछ करने के लिए हो ही न और जब काम हो तो काम की थकान, हर रोज यही इच्छा होती है कि काश! आज छुट्टी मिल जाए। शायद हम इंसानों की फितरत ही ऐसी होती है, जो प्रत्यक्ष मिलता है, उसमें कभी खुश नहीं रहते। इसी उधेड़बुन में मैंने मन बदलने के लिए फोन चलाना शुरू कर दिया। कभी इंस्टाग्राम तो कभी फेसबुक, कभी यूट्यूब पर कहीं मन नहीं लगा।

मैंने फोन पटक दिया। क्या करूं! चलो मैगजीन ही पढ़ लेती हूं, कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक तो मिल ही जाएगा। यही सोचकर मैं मैगजींस निकाली और पढ़ने लगी। मैगजींस पढ़ते-पढ़ते काफी समय बीत गया। अच्छे लेखों को पढ़कर मन भी खुश हो गया। सच में किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है। तभी डोर बेल बजी। "नैना" "ओ मम्मी आ गई।" मैंने दरवाजा खोला। मम्मी बाजार से आ गई थीं और साथ में उनकी सहेली रीना आंटी भी आई थीं। "क्या कर रही थी? इतनी देर से दरवाजा क्यों खोला। कब से बेल बज रही हूं। पानी भर के नहीं रखा? जरा थोड़ी देर के लिए कहीं चले जाओ पूरा घर अस्त-व्यस्त सा हो जाता है।" मम्मी बोले जा रहीं थीं। "वो मैं मैगजींस..." "क्या मैं-मैं पूरा घर फैला रखा है।" मम्मी ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए कहा। "ओहो..छोड़ो भी..बच्ची है..इधर-उधर बिजी हो गई होगी, अब कर देगी।" आंटी ने मेरा बचाव किया और मुझे मम्मी की डांट से बचाया। रीना आंटी की बात सुनकर मम्मी कुछ नरम पड़ी।



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

रीना आंटी बहुत ही खुशमिजाज व बिंदास किस्म की महिला है। हर जगह हंसी-खुशी का माहौल बना ही देती है। कोई ऐसी-वैसी बात हो, तो भी माहौल हल्का कर देती हैं। एकदम अप-टू-डेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। यह बात अलग है कि ज्यादातर अपडेट्स वह खुद न कर, अपनी बेटी से करती हैं। यूं तो उनका फिगर भी थोड़ा ज्यादा ही है, फिर भी कपड़े फैशन के हिसाब से ही पहनती हैं। उन्हें पिछड़ा हुआ रहना बिल्कुल पसंद नहीं। आजकल तो प्लाजो और जींस जमकर पहन रही हैं। कुल मिलाकर वह एकदम आधुनिक है। मम्मी ने कहा- "नैना आंटी के लिए चाय तो बना लो।" रीना आंटी ने जोड़ते हुए कहा -" और साथ में पापड़ भी"।

रीना आंटी मेरी निकली भी मैगजींस पढ़ने लगीं। तभी अचानक कुछ पढ़कर रीना आंटी विचिलित सी हो उठीं। उनको एकदम उदास हो गईं। मानो दिल डूब सा गया हो। वह उदास हो गई। मैं चाय लेकर आई। आंटी गुमसुम सी बैठी थीं।

"क्या हुआ आंटी? अचानक से आप इतनी परेशान क्यों लग रही हैं?" मैंने पूछा। आंटी बोली "अरे भविष्यफल में कुछ भी ठीक नहीं निकला है इसलिए मेरा मन बेचैन सा हो रहा है।" मम्मी ने कहा- "ओ हो, इन सब चीजों को कोई इतनी गंभीरता से थोड़ी नहीं लेना होता है।" आंटी ने बोला- "अरे कुछ तो सच्चाई होती ही होगी न"।

मैंने पूछा- "अच्छा क्या लिखा है, जरा पढ़िए तो।" "आपका पूरा माह संघर्ष भरा रहेगा। किसी प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है। आमदनी कम होगी व खर्च बढ़ेंगे"। आंटी ने दुखी होते हुए पढ़ा। मम्मी ने मुंह बनाकर कहा- "अरे सब फालतू की बातें हैं।" लेकिन रीना आंटी व्याकुल थी। अनायास ही उनकी हंसी कहीं गुम हो गई थी। "ओफ्फो... आप लोग भी न छोड़िए यह सब।" आंटी मम्मी सही कह रही हैं, इन सबको इतनी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद ही सोचिए एक ही राशि के कितने सारे लोग होते हैं। यह कोई एक व्यक्ति विशेष आपके लिए ही नहीं है। "कम ऑन आंटी! डोंट बी सिली।" मेरी बातों का आंटी पर कोई खास असर होता नजर नहीं आया। तभी मेरी नजर मैगजीन के कवर पेज पर पड़ी। "ओ माय गॉड! अब आप लोग अपनी मूर्खता ओर अंधविश्वास पर जोर से हंसने को तैयार हो जाइए, क्योंकि" मैंने मैगजीन उठाते हुए कहा। "यह मैगजीन दो महीने पुरानी है, तो यह भविष्यफल भी दो महीने पुराना हुआ यानी बीत चुका है।" "क्या!" रीना आंटी के चेहरे पर चमक लौट आई और वह हो-हो करके हंस पड़ी। फिर हम सभी ने सुकून से चाय नाश्ते का आनंद लिया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,583.22 | 22,819.60 |
| गिरावट | 1,690.23 | 486.85 |
| प्रतिशत में | 2.25 | 2.09 |

सोना 1,47,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार

हल्द्वानी, शनिवार, 28 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2625, राजश्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 किग्रा 2145, क्लासिक (किग्रा) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवाइन 14000-19000, मेथी 7000-8000, सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000,

**प्रति किग्रा :** लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किशमिश पीली 330-380, मखाना 900-1050

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3600, मसूरी 1200, बासमती 7200-7800 परमल 1200-3400

**दाल दलहन :** काला चना 2000-3200, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5400, राजमा 7600-12200, दाल उड़द 5400, साबुत मसूर दाल 2200 मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 5600-10000, अरहर दाल 10200 -12400, लोबिया/करमानी 1800-3000

# विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता

## वित्त विधेयक पर तीखी चर्चा, भाजपा सांसद ने कहा- सरकार ने कर आतंकवाद समाप्त किया

- कांग्रेस ने कहा- केंद्र की ओर से आम लोगों पर लादा जा रहा करों का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में शुक्रवार को वित्त विधेयक, 2026 ओर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पर एक साथ चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर बजट में जरूरतमंदों की अनदेखी करने का आरोप लगाया जबकि सत्तापक्ष ने कहा कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है।

गुजरात से कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वित्त विधेयक में सरकार ने जरूरतमंदों, किसानों और महिलाओं का ध्यान नहीं रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहां आयकर के प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़ा था वहीं जीडीपी के अनुपात में कॉरपोरेशन कर में कमी आई है। इसका मतलब है कि कर का बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है और उद्योगों को राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विधेयक में साल 2047 तक गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्टी सिटी को कर में छूट दी गई है, जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं, लेकिन आम लोगों की, किसानों और महिलाओं को कोई राहत नहीं दी गयी है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार उपकर और अधिभार लगाकर घोषित उद्देश्य से इतर उसका इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत इस समय सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिये गए हैं जबकि भारत में उत्पाद शुल्क कम करके इनके दाम नहीं बढ़ने दिए गए हैं। यह दिखाता है कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जो सरकार में लोगों के विश्वास को दिखाता है। सरकार ने कर आतंकवाद को समाप्त कर व्यवसायियों को कर मुक्त किया है।



राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान बोलते तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन।

### वित्त मंत्री भरोसा दिलाए, विधानसभा चुनाव के बाद भी नहीं बढ़ाए जाएंगे डीजल और पेट्रोल के भाव : तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क में कटौती इसलिए की गयी है कि क्योंकि चार राज्यों में चुनाव हैं। यदि सरकार आम लोगों के बारे में सोचती तो पिछले चार साल से रूस से कम कीमत पर कच्चा तेल की खरीद का लाभ उन्हें देती जो नहीं किया गया। उन्होंने वित्त मंत्री से इस बात का आश्वासन मांगा कि चुनाव समाप्त होने के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने संसद का सत्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री के बयान जारी करने के बाद संसद में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता होती तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये नहीं बढ़ाए जाते।

### भारत में धनवानों की दौलत, गरीबों की बढ़ रही है भुखमरी : द्रमुक सांसद

तमिलनाडु से द्रमुक के पी. विल्सन ने कहा कि बजट में आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। एक तरफ धनाढ्य लोगों की संपत्ति बढ़ रही है और दूसरी तरफ भुखमरी की रैंकिंग में भारत लगातार नीचे गिर रहा है। खाद्य सब्सिडी, ईंधन पर सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण पर खर्च कम करके और आम लोगों पर बोझ डालकर राजकोषीय घाटा कम करना गलत है। उन्होंने कहा कि देश की आम गृहणी राजकोषीय घाटे का आंकड़ा नहीं देखती, वह चावल की कीमत देखती है। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कई फंड सिर्फ कागज पर हैं, लेकिन राज्य को कोई पैसा नहीं मिला है। पिछले पांच साल में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया है जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा, 698.3 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से घटा है।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष



### चांदी 11,250, सोना 1,900 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथलपुथल के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं में पांच प्रतिशत तक गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछली बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स को दिया गया 14.93 करोड़ रुपये के आयकर का नोटिस

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान प्रदान करने वाली एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 14.93 करोड़ रुपये की मांग को लेकर नोटिस मिला है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी, आयकर विभाग की आकलन इकाई ने वर्ष 2023-24 के लिए 14,93,39,220 रुपये (ब्याज सहित) की राशि की मांग को लेकर नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि यह नोटिस गणना में स्पष्ट गलती के कारण आई है, जिसमें पहले से भरे गए करों का सही क्रेडिट शामिल नहीं था। कंपनी ने कहा, इससे उसके वित्तीय परिणामों या कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा।

## अब आईफोन यूजर भी एक फोन पर चला सकेंगे व्हाट्सएप के दो खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन यूजर अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए एआई उपकरण भी जोड़े गए हैं।

कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस अपडेट के बाद यूजर्स को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली प्रोफाइल तस्वीर के जरिये यूजर सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सएप ने मेटा एआई को सीधे चैट में एकीकृत किया है।

एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि यूजर्स की चैट पूरी तरह निजी रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआई सेवाएं सभी यूजर्स को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। नई सेवाओं में प्रेडिक्टिव स्टिकर के सुझाव भी शामिल हैं। टाइप करते समय इमोजी के स्थान पर सुझाया गया स्टिकर इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## यूपी सरकार का बेंगलुरु के स्टार्टअप के साथ 25,000 करोड़ का समझौता रद्द

- कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए किया था समझौता
- सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देकर किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए स्टार्टअप पुच एआई के साथ हस्ताक्षर किए गए 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

इन्वेस्ट यूपी की तरफ से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 23 मार्च 2026 को पुच एआई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा की गई। निवेशक से आवश्यक विवरण मांगे गए, लेकिन वे समय पर उन्हें उपलब्ध कराने में विफल रहे।

बयान के अनुसार, उचित जांच पड़ताल से पता चला कि परियोजना के पैमाने के लिए निवेशक के पास पर्याप्त संपत्ति और विश्वसनीय वित्तीय व्यवस्था नहीं हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन से रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार के मूल सिद्धांतों, पारदर्शिता और राजकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा के हित में समझौता ज्ञापन रद्द किया गया है।

## वैधता खत्म होने के बाद भी डीएल में 30 दिन की छूट

- जन विश्वास विधेयक में शामिल किया गया राहत देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी, इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

### पंजीकरण रद्द करने की सूचना के लिए 30 दिन

इसके अलावा, विधेयक में वाहन पंजीकरण रद्द करने की सूचना देने की समय सीमा को 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, बीमा प्रमाणपत्र के हस्तांतरण के संबंध में बीमा कंपनी को जानकारी देने की अवधि भी 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रावधान शामिल है।

## श्रमिक संगठन एक अप्रैल को देश भर में मनाएंगे काला दिवस, विरोध प्रदर्शन करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध करने का निर्णय लेते हुए एक अप्रैल 2026 को काला दिवस के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया है।

सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 समेत चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को काला दिवस मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ जांच की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।



- ओएनजीसी के बेसिन क्षेत्रों से अवैध रूप से गैस निकालने का था आरोप

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी।

जितेंद्र मारू ने याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें

## भाजपा-टीएमसी के बीच चुनावी हिंसा के लिए दोनों क्षेत्र बदनाम

**कूचबिहार, एजेंसी**

उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तारीख 23 अप्रैल जैसे-जैसे करीब आ रही है, लोगों के बीच बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में लोग इसलिए आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

दिनहाटा सीट से टीएमसी के मौजूदा विधायक व उत्तर बंगाल के विकास मंत्री उदयन गुहा फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र हैं जो 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।



- चुनावी के दौरान बम-गोली और आगजनी की घटना सामान्य बात

साल 2023 के पंचायत चुनावों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मार्च 2025 में टीएमसी समर्थकों ने कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर दिनहाटा में हमला किया। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए।

साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में सीआईएसएफ के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। उसी दिन एक भाजपा समर्थक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### इस बार एसआईआर को लेकर भी तनाव

इस तनावपूर्ण माहौल में एसआईआर को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान-प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसामुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

### चुनाव के रंग



तिरुवनंतपुरम में मतदाताओं के बीच सीपीआई एम नेता बृंदा करात।



हावड़ा में रामनवमी पर चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी रूद्रानिल।

### भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में मियां समुदाय की कमर तोड़ देंगे : हिमंत

**ढाकुआखाना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी मियां समुदाय की कमर तोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

## डीजल-पेट्रोल पर अभी घटाया शुल्क चुनाव बाद सामने आएगी असलियत

- कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर कसा तंज, कहा- 30 अप्रैल तक इंतजार करें लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेल विपणन कंपनियों की मदद के लिए पेट्रोल और डीजल पर सरकार की ओर से उत्पाद शुल्क घटाए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह घोषणा चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि लोगों को 30 अप्रैल तक का इंतजार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव संपन्न होगा। सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक स्तर पर बढ़ती कीमतों से निपटने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) जैसी तेल विपणन कंपनियों की मदद करने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरीं, जैसा कि पिछले 12 वर्षों में सात अलग-अलग मौकों पर हुआ, भारत में उपभोक्ता कीमतें कम नहीं हुईं। आज की घोषणा विधानसभा चुनाव के कारण है, 30 अप्रैल तक इंतजार करें।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अगर आपने सोचा है कि सरकार ने आपकी जेब को राहत दी है तो आप गलत हैं। फिलहाल, डीलरों और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें समान हैं।

### तमिलनाडु: अन्नाद्रमुक ने जारी की 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक 169 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पहली सूची में 23 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।



हावड़ी में अपने क्षेत्र की गली में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी उमेश राय।

### कमल के चुनाव चिह्न पर लड़ेगी टीएमसी एम

**चेन्नई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने तमिल मनिला कांग्रेस (मूपनार) को आवंटित पांच सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जो राजग का घटक दल है। सांसद पारिवेंधर नीत इंडिया जननायक काची (आईजेके) ने दो प्रत्याशियों की घोषणा की। वासन ने कहा कि टीएमसी (एम) भाजपा के कमल चुनाव चिह्न पर लड़ेगी, आईजेके अन्नाद्रमुक के चिह्न दो पत्तियों पर उतरेगी।

वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**हनालेई।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे। कलालाऊ तट दुर्गम क्षेत्र है जहां पैदल या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को इलाज के लिए विलकॉक्स मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### मिसेज साउथ अफ्रीका विरुस्का ने पद छोड़ा

**जोहानिसबर्ग।** प्रतियोगिता के 24 साल के इतिहास में 'मिसेज साउथ अफ्रीका' का ताज पहनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला विरुष्का सिंह ने, ताजपोशी के महज चार महीने बाद ही व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों" का हवाला देते हुए अपना पद छोड़ दिया है। नवंबर 2025 में सिंह की जीत को दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। उनतालीस वर्षीय 'केमिकल इंजीनियर' और जलवायु परिवर्तन सलाहकार ने अपने इस फैसले के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया। सिंह ने एक बयान में कहा कि मैं इस मंच पर सेवा करने के अवसर और उन अविश्वसनीय महिलाओं के साथ खड़े होने का जो सौभाग्य मिला, उसके लिये आभारी हूं। यह निर्णय मेरा अपना है।

### अरुंधति को क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआई) एवं ओपनएआई पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति रॉय के एक संस्मरण को अमेरिका के वार्षिक नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास वी डू नॉट पार्ट कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई. येवोन और पैज अनियाह मॉरिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्कॉट पार्टिंगटन ने इस उपन्यास के बारे में कहा कि इसकी कहानी एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है। लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका एवं पत्रकार फ्रांसेस फिट्जगेराल्ड को दिया गया।

### पाकिस्तान में लगे 5.1 तीव्रता भूकंप के झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा कि भूकंप के झटके तेज़ थे और पूरे शहर में महसूस किए गए। किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने पूर्वी राज्य वेराक्रूज के तट के पास हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है।

## कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को किया बरी

● कोर्ट ने उनके बेटे और पूर्व कोयला सचिव को भी किया आरोपमुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश या कदाचार का कोई सबूत न मिलने के बाद बरी कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने मनोज कुमार जायसवाल और मैसर्स एएमआर आयरन एंड स्टील प्रालि. को भी बरी कर दिया।

सीबीआई ने कथित कोयला घोटाले के संबंध में 50 से अधिक मामले दर्ज किए थे। मौजूदा मामला महाराष्ट्र के बांदर में कोयला ब्लॉक आवंटन के संबंध में संघीय एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले आरोपपत्र से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय को कोयला ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए गुप्ता के साथ साजिश रचते हुए आवेदन में झूठी जानकारी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महाराष्ट्र से तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दर्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कंपनी को कोयला ब्लॉक आवंटित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया।

## बहुत गंभीर और जटिल समस्या

भारत में मानव तस्करी एक ऐसी सामाजिक और कानूनी चुनौती बनकर उभरी है, जिसने न केवल राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक जटिल जाल बुन लिया है। हाल ही में सीबीआई द्वारा मुंबई से एक कुख्यात सरगना, सुनील नेल्लथु रामकृष्णन उर्फ कृष, की गिरफ्तारी ने इस घिनौने व्यापार के एक नए और भयावह चेहरे को बेनकाब किया है। मानव तस्करी केवल देह व्यापार या बंधुआ मजदूरी तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका विस्तार साइबर गुलामी और युद्ध क्षेत्र में जबरन भर्ती जैसे नए क्षेत्रों में हो गया है। यह अपराध आधुनिक दासता का ही एक रूप है, जहां इंसानों को एक वस्तु की तरह खरीदा और बेचा जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे कारणों के साथ अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को इस जाल में फंसाया जा रहा है।

## भारत में मानव तस्करी



### मुख्य कारण

● गरीबी और आर्थिक असमानता : जीविका के अवसरों की कमी लोगों को तस्करों के जाल में फँसा देती है।

● शिक्षा और जागरूकता का अभाव : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोग अधिकारों और तस्करों के हथकंडों से अनजान होते हैं।

● रोजगार का लालच : बड़े शहरों या विदेशों में आकर्षक नौकरी दिलाने के बहाने युवाओं और महिलाओं को फुसलाया जाता है।

● सामाजिक कारण : लिंग आधारित भेदभाव और कुछ क्षेत्रों में असंतुलित लिंग अनुपात के कारण 'दुल्हन की खरीद-फरोख्त' जैसे मामले सामने आते हैं।

### समस्या की गंभीरता

● व्यापकता : अनुमानों के अनुसार, भारत में 20 से 65 मिलियन लोग मानव तस्करी से प्रभावित हो सकते हैं। ● सर्वाधिक प्रभावित : तस्करी के शिकार लोगों में लगभग 71% महिलाएँ और लड़कियाँ हैं।

● अपराध की स्थिति : वर्ष 2022 में भारत सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी के मामलों की जांच की। ● न्यायिक चुनौती : तस्करी के मामलों में बरी होने की दर काफी अधिक है। साल 2022 में यह दर 81 प्रतिशत थी।

### क्या है साइबर गुलामी

● तस्करी का यह नया रूप बेहद खतरनाक है। पीड़ितों को थाईलैंड में डेटा एंट्री या कस्टमर केयर की नौकरी का झांसा दिया जाता है। बैंकॉक पहुंचने पर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार कराई जाती है। वहां उन्हें सशस्त्र गार्डों की निगरानी में रखा जाता है और भारतीयों या अन्य देशों के लोगों को डिजिटल फ्रॉड के जरिए ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

### संवैधानिक और कानूनी कवच

● संवैधानिक प्रावधान : अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है।

● भारतीय न्याय संहिता 2023 : नई संहिता की धारा 143 के तहत तस्करी को दंडनीय बनाया गया है।

● अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपीए), 1956 : यौन शोषण के लिए तस्करी रोकने का मुख्य कानून।

● पॉक्सो अधिनियम, 2012 : बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### समाधान के कदम

● हर साल 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया जाता है। ● तस्करों के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां छापे मार रही हैं। ● तस्करी से बचाए गए लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, कानूनी सहायता और कौशल विकास की आवश्यकता है।

# रैपर से नेता बने बालेन ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

## मधेश क्षेत्र से नेपाल के प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति और सबसे युवा नेता

● राष्ट्रपति आवास पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिलाई शपथ

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

बालेन नेपाल में इस पद के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुने गए सबसे युवा नेता हैं और वह मधेश क्षेत्र से प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के अनुसार 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया। बालेन के अलावा, शुक्रवार को आयोजित समारोह में कई अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। स्वर्णिम वागले ने वित्त मंत्री, शिसिर खनाल ने विदेश मंत्री और सूडान गुरुंग ने गृह मंत्री के रूप में शपथ ली। बालेन रक्षा मंत्रालय, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

वह पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पिछले साल सितंबर में सत्ता से बेदखल होने के बाद शपथ लेने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित पहले प्रधानमंत्री हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाला 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद ओली सरकार गिर गई। बालेन के शपथग्रहण समारोह में हिंदू और बौद्ध धार्मिक परंपराओं का अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सात ब्राह्मणों ने शंखनाद किया, 108 हिंदू बटुकों या युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया या स्वस्ति वाचन किया और 107 लामाओं ने मंगल वाचन अथवा बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने के वास्ते उत्साहित हैं।



### भारत-नेपाल मित्रता होगी और मजबूत : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल मित्रता एवं सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आपके साथ निकटता से काम करने के वास्ते उत्साहित हूं। पांच मार्च को हुए आम चुनाव में काठमांडू के पूर्व महापौर ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से ओली को भारी अंतर से हराया था। आरएसपी ने चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीट में से 182 सीटों पर कब्जा करके प्रचंड विजय हासिल की।

### नवगठित सरकार ने कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का लिया निर्णय

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने गौरी बहादुर कार्की आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया है और इसमें शामिल सिफारिशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। समाचार पत्र कांतिपुर की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया कि आयोग द्वारा 23 और 24 भाद्र की घटनाओं पर प्रस्तुत रिपोर्ट को लागू किया जायेगा। साथ ही, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित पहलुओं पर आगे अध्ययन के लिए एक अतिरिक्त समिति गठित की जायेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि आयोग की अन्य सिफारिशों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा, जबकि सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## अल फलाह समूह अध्यक्ष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक सफेश पोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को नवीनतम मामले में 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया था, जहां वह ईडी और दिल्ली पुलिस के मामलों में न्यायिक हिरासत में है।

## एनआईए को जांच पूरी करने को 45 दिन का और समय

● लाल किला विस्फोट केस में कई आरोपियों की हिरासत भी बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी कट्टरपंथी सामग्री की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है। उसमें कहा गया कि यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक विशेषज्ञ से अनुरोध किया गया कि वह कट्टरपंथी सामग्री का गहन विश्लेषण करने के बाद एक व्याख्या रिपोर्ट प्रदान करें, ताकि अरबी भाषा में लिखी गई इन सामग्री की कट्टरपंथी या चरमपंथी प्रकृति का पता लगाया जा सके।

## ईरान के साथ टकराव के बाद खाड़ी के देश बनाएंगे न्यूक्लियर शील्ड

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने शुक्रवार को कहा कि ईरान के साथ टकराव के बाद फारस की खाड़ी के कई देश अपनी खुद की न्यूक्लियर शील्ड (परमाणु सुरक्षा कवच) तैयार करेंगे। मेदवेदेव ने कहा कि हालांकि लोग पहले से ही इस बारे में चर्चा कर रहे हैं -मुझे लगभग पूरा यकीन है कि खाड़ी देश, या कम से कम उनमें से कुछ देश, अब अपनी खुद की न्यूक्लियर शील्ड तैयार करेंगे।

## मंदिरों से चोरी की गईं मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

● तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई थीं तीन प्राचीन मूर्तियां

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका स्थित स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' (एनएमएए) के निदेशक चेस रॉबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैः नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।

उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

शिव और उमा की मूर्ति, जिसे सोमस्कंद भी कहा जाता है और परवी के साथ संत सुंदरार की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

## दिल्ली विस को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में यह बात कही। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। गुप्ता ने कहा कि पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

## पश्चिम एशिया संकट पर भारत-कनाडा में वार्ता

● विदेशमंत्री जयशंकर की कनाडा की समकक्ष से हुई मुलाकात

पेरिस, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है। जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे।

ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज व्यापार में आपको सावधानी रखनी चाहिए। पुराने विवाद पुनः उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा।

**वृष** आज जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए।

**मिथुन** आज अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। विदेश जाने के अवसर प्राप्त होंगे। धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखें।

**कर्क** आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। निजी रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। धन से संबंधित समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह** आज किसी पर अधिक विश्वास न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। शराब के सेवन से दूर रहें।

**कन्या** आज आसपास के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। मित्रों की सहायता करने से पीछे न हटें। मन की कोई दुविधा दूर होगी।

**तुला** आज महत्वपूर्ण सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए काम बन सकते हैं।

**वृश्चिक** आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे।

**धनु** आज करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। लेन-देन को लेकर सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन रखें।

**मकर** आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**कुंभ** आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में आपको लाभ होगा। आभूषणों पर आप धन खर्च करेंगे।

**मीन** आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध में भी निजता का ध्यान रखें। बोलने से पहले आपको सोचना चाहिए।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 08.45 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 14.50 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

### सुडोकू -102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

गंभीर समस्या

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में सदस्यों के सवाल पर दी जानकारी

# देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है।



मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।

### हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में आई काफी कमी

रेल मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में काफी कमी आई है और यह लगभग रुक गया है, जबकि पुराना अतिक्रमण मुख्य चुनौती बना हुआ है। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 98.02 हेक्टेयर रेलवे भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी भूमि का उपयोग बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है।

## अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।



इस साल हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच अधिक अंतर नहीं होने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग नहीं उतारी जाएगी। दोनों टूर्नामेंट में टीम एक ही रहेगी।
–क्रेग फुल्टोन, हॉकी टीम के मुख्य कोच


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हल्द्वानी, शनिवार ,28 मार्च 2026


IPL 2026

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

समय - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया

**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह शत्रु मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है।

### इटली ने उत्तरी आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी मंगलवार को होने वाले प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### एमबापे के गोल से फ्रांस ने ब्राजील को हराया

**फॉक्सबोरो (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।



# वैभव का सूर्य टीम इंडिया में चमकने को तैयार

खेल डेस्क

- 27 मार्च को 15 वर्ष की उम्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण का आईसीसी मानक पूरा किया
- आईपीएल-2025 में डेब्यू करने के बाद 35 गेंदों पर शतक जड़कर खूब बटोरी थीं सुर्खियां

**अमृत विचार।** महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रास्ते खुल गए हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी अब 15 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पात्रता पूरी कर ली है। यानी अब वह कभी भी भारत के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

दरअसल, अब तक वैभव सूर्यवंशी के अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के रास्ते में आईसीसी का एक अहम नियम 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' बाधा बना हुआ था। इस नियम के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम 15 साल का होना जरूरी है। यह नियम 2020 में खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था।

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

वर्ष 2020 में पहली बार आईसीसी ने न्यूनतम आयु की आवश्यकता निर्धारित की थी। इससे पहले पाकिस्तान के हसन रजा ने 1996 में 14 वर्ष और 227 दिन की उम्र में डेब्यू कर सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि रजा का रिकॉर्ड अब भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन वैभव सूर्यवंशी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को अब भी तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### सूर्यवंशी के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड

- आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। नवंबर 2024 में हुए ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था। तब वो सिर्फ 13 साल 8 महीने के थे।
- वैभव ने जब आईपीएल 2025 में अपना डेब्यू किया तो वो इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल 23 दिन के थे।
- आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाने का रिकॉर्ड भी वैभव के नाम है। उन्होंने 14 साल और 32 दिन की उम्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ये शतक लगाया था। जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। पहला नाम क्रिस गेल का है जिन्होंने महज 30 गेंदों पर सैकड़ा लगाया था।
- वैभव के नाम अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक और सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन ठोके थे।
- रोज कम से कम 600 गेंदें खेलकर उन्होंने उसे सफलता की सीढ़ी।

## फिर आया इंडिया का त्योहार, आईपीएल-2026 का आगाज आज से, 10 टीमें आजमाएंगी भाग्य

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से यहां शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है। इस स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने से पहले कई अनिश्चित महीनों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के खिलाड़ी पहले मैच के दिन अभ्यास सत्र के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। जहां तक मैच का सवाल है तो आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे।

आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।





बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवतः आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है। केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलन, रचिन रविंद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है।कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उप-कप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी। गेंदबाजी में उनके पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।



### दिल्ली, पंजाब और लखनऊ को पहले खिताब की दरकार

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर भी नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। रोहित ने भी अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने आईपीएल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी का किसी एक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 538 रन है। वह अपने इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे और साथ ही मुंबई को उसका छठा खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।

### विराट कोहली अब भी अपने खेल के शिखर पर है : मुख्य कोच एंडी फ्लावर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूख लग रहा है। उन्होंने कहा वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है, उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा, '' हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैने कोहली को अभ्यास करते देखा है और मुझे लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसे पता है कि वह कम क्रिकेट खेल रहा है लेकिन वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी (बाएं) और पैट कमिंस। एजेंसी

### ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है। उन्होंने कहा वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई। अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिए समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10-12 दिन में आ सकता है।

# नवनीत और हार्दिक को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है।

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला। हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंर्राष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपये और महिला टीम को 68 लाख रुपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

अचूक निशाना

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में किया शानदार प्रदर्शन

# कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा, भारत ने 10 पदक जीते

बैंकॉक एजेंसी

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने दोपहर के सत्र में रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका,



जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की।

इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो, जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी।

### महिला टीम ने सुधारा प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम पिछली बार कांस्य पदक ही जीत पाई थी और इस तरह से उसने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और 12 तीरों के बाद आधे चरण में 115-113 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में हालांकि भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह 54 अंक ही बना सकी जबकि कजाखस्तान की टीम ने 58 अंक बनाए। इस तरह से उसने 171-169 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम सेट में दोनों टीम ने समान 58 अंक बनाए और इस तरह से भारतीय टीम को तीसरे सेट के खराब प्रदर्शन के कारण रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने रिकर्व स्पर्धा में दो रजत पदक भी हासिल किए।